CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27°C
न्यूनतम : 10°C

मुरादाबाद, मंगलवार 3 मार्च 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 198 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 13 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## ईरान का सऊदी अरब की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी अरामको पर हमला

तेहरान, वार्ता

**अमेरिका और** ईरान के बीच जंग की आग सऊदी की तेल रिफाइनरी तक पहुंच गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सऊदी अरब की सरकारी तेल कंपनी अरामको ने सोमवार को अपनी रास तनुरा तेल रिफाइनरी को ड्रोन हमलों के बाद बंद कर दिया है। एपी की रिपोर्ट के अनुसार सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उनकी सेना ने रिफाइनरी की ओर आने वाले एयरक्राफ्ट (ड्रोन) को मार गिराया है।

सऊदी सैन्य प्रवक्ता ने वहां की सरकारी सऊदी प्रेस एजेंसी पर यह घोषणा की। रास तनुरा तेल रिफाइनरी सऊदी अरब की सबसे बड़ी रिफाइनरी में से एक है और प्रति दिन 550,000 बैरल कच्चे तेल को रिफाइन कर सकती है। अरामको की रास तनुरा रिफाइनरी को एहतियात के तौर पर बंद कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है और आग बुझा ली गई है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में ड्रोन हमले के कारण अरामको रास तनुरा तेल रिफाइनरी से धुएं का गहरा गुबार निकलता हुआ दिखाई दे रहा है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर हमला किया और पूरे खाड़ी क्षेत्र में जंग शुरू हो गई। इसके बाद लंदन में कच्चा तेल 9.7 प्रतिशत अधिक की महंगी कीमत पर कारोबार कर रहा था।



### ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की पत्नी की भी मौत

**तेल अवीव/तेहरान।** इजरायल-अमेरिका और ईरान जंग का सोमवार को तीसरा दिन था। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के 2 दिन बाद उनकी पत्नी मंसूरे खोजस्ते बागेरजादेह का भी निधन हो गया है। मंसूरे दो दिन पहले अमेरिका और इजरायल के हमले में घायल हुई थीं। इसी हमले में खामेनेई मारे गए थे।

## ओमान में भी तेल टैंकर पर बम से लैस ड्रोन बोट से हमला, एक भारतीय की मौत

**नई दिल्ली।** इजरायल-ईरान जंग के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहरीन के किंग और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस से फोन पर बात की। पीएम ने दोनों देशों के नेताओं से भारतीय समुदाय के लोगों की सुरक्षा को लेकर चर्चा की। वहीं, भारत ने बहरीन में वीजा-पासपोर्ट सर्विस भी बंद कर दी हैं। ओमान की खाड़ी में सोमवार को एक तेल टैंकर पर बम से लैस ईरानी ड्रोन बोट से हमला किया गया, जिसमें एक भारतीय नाविक की मौत हो गई।

- **इजरायल-ईरान जंग के बीच पीएम मोदी ने बहरीन किंग व सऊदी क्राउन प्रिंस से बात की**
- **भारतीय समुदाय के लोगों की सुरक्षा को लेकर की चर्चा**

मिडिल ईस्ट के मौजूदा हालात को देखते हुए और अबू धाबी के बीएपी हिंदू मंदिर को 9 मार्च तक विजिटर्स के लिए बंद किया गया है। वहीं, बीते दो दिन में भारत में 760+ इंटरनेशनल फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं। सोमवार को भी दिल्ली एयरपोर्ट पर 87 फ्लाइट कैंसिल रहीं। दिल्ली, मुंबई, कोच्चि, बेंगलुरु, चेन्नई, जयपुर, अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट्स पर हजारों यात्री फंसे हुए हैं। इधर, जम्मू-कश्मीर में लगातार दूसरे दिन ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत पर विरोध प्रदर्शन हुए। श्रीनगर के बेमिना इलाके में सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस भी छोड़ी। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया। शोपियां, बारामूला, बांदीपोरा में लोगों ने बाजार बंद रखा। भारत के अलावा पाकिस्तान में भी खामेनेई की मौत के विरोध में हंगामा जारी है। सोमवार सुबह पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू-कश्मीर (पीओके) में विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया है। गिलगित-बाल्टिस्तान में प्रदर्शनकारियों ने यूनाइटेड नेशंस के ऑफिस में आग लगाई।

## कुवैत में तीन अमेरिकी F-15 विमान गिरे

**कुवैत सिटी।** पश्चिम एशिया में जारी सैन्य तनाव के बीच एक बड़ी सैन्य चूक सामने आई है। अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड यानी सेंटकाम ने पुष्टि की है कि कुवैत में अमेरिका के तीन एफ-15ई स्ट्राइक ईगल लड़ाकू विमान गलती से कुवैती एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा मार गिराए गए। यह घटना रविवार को सैन्य अभियान के दौरान हुई।

हालांकि राहत की बात यह रही कि सभी विमान चालक सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे और उनकी जान बच गई। सेंटकाम के अनुसार यह घटना उस समय हुई जब क्षेत्र में सक्रिय सैन्य अभियान चल रहा था और सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर थे। इसी दौरान कुवैत की वायु रक्षा प्रणाली ने अमेरिकी लड़ाकू विमानों को



- **पश्चिम एशिया में जारी सैन्य तनाव के बीच एक बड़ी सैन्य चूक सामने आई**

गलती से दुश्मन समझ लिया और उन पर कार्रवाई कर दी। सैन्य बयान में कहा गया कि सभी छह एयरक्रू ने -शेष पृष्ठ दो पर

### अमेरिका के चौथे सैनिक की मौत

**तेहरान।** अमेरिका के ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान के दौरान एक और अमेरिकी सैनिक की मौत हो गई है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड यानी सेंटकाम ने बताया कि यह चौथा अमेरिकी सैन्य कर्मी है जिसकी इस ऑपरेशन से जुड़ी घटनाओं में जान गई है। सेना के अनुसार यह सैनिक ईरान के शुरुआती हमलों में गंभीर रूप से घायल हुआ था और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सेंटकाम ने कहा कि घायल सैनिक को बचाने की कोशिश की गई, लेकिन वह अपनी चोटों से उबर नहीं सका। इससे पहले भी इस अभियान में अमेरिकी सैनिकों के हताहत होने की पुष्टि हो चुकी है।




## ऐतिहासिक समझौता: भारत को यूरेनियम देगा कनाडा



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी और कनाडाई पीएम मार्क कार्नी के बीच सोमवार सुबह हैदराबाद हाउस में मुलाकात हुई। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और कनाडा के बीच निवेश-ट्रेड डील पर बातचीत हुई है।

सिविल न्यूक्लियर एनर्जी में, हमने यूरेनियम की दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए एक ऐतिहासिक समझौता किया है। दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों के लिए एमओयू किया गया है। इससे दोनों देशों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इसके अलावा, हम छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों और उन्नत रिएक्टर प्रौद्योगिकियों के विकास पर सहयोग करेंगे। कृषि, कृषि प्रौद्योगिकी और खाद्य सुरक्षा में

- **मोदी-कार्नी की मुलाकात के बाद करार**
- **डिफेंस और एनर्जी सेक्टर में सहयोग करेंगे दोनों देश**

मूल्यवर्धन करना भी हमारे लक्ष्यों में शामिल है। पीएम ने पश्चिम एशिया में ईरान वॉर को लेकर कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव से भारत चिंतित है। भारत विश्व में शांति और स्थिरता चाहता है। हर समस्या का समाधान बातचीत के जरिये निकाला जाना चाहिए। पीएम ने आगे कहा कि हम इस बात से सहमत हैं कि आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरता न केवल हमारे दोनों देशों बल्कि पूरी मानवता के सामने गंभीर चुनौतियां हैं।

### 13वां रोज़ा: रूहानियत का सच्चा रास्ता है रोज़ा

मगफिरत की बात दरअसल रूहानियत से, रूहानियत इबादत से, इबादत अल्लाह से ताल्लुक रखती है। रोज़ा, रूहानियत का रास्ता है। रोज़ा अल्लाह से वास्ता है। तक्वा रोज़े की शर्त है। तरीके से रखा गया रोज़ा, रोज़ेदार के लिए सवाब ही सवाब है। रोज़ा नेकी के मकान में मगफिरत का चिराग है। रोज़ा जब अहकामे-शरीअत की पाबंदी के साथ रखा जाता है, तो अल्लाह की अदालत में रोज़ेदार के लिए मगफिरत का वकील हो जाता है। कुरआने पाक में जिक्र है- बेशक वो मुराद को पहुंच गया, जो पाक हुआ और अपने परवरदिगार के नाम का जिक्र करता रहा और इबादत करता रहा। कुरआने-पाक की इस आयत की रोशनी में रोज़े को बेहतर तरीके से समझा जा सकता है, वो मुराद को पहुंच गया में जो लफ्ज़ मुराद है दरअसल रूहानी लिहाज से मगफिरत की मुराद पूरी होने का इशारा है, लेकिन शर्त है जो पाक हुआ और अपने परवरदिगार का ज़िक्र करता रहा और इबादत करता रहा यानी नेक अमल के साथ अल्लाह का जिक्र करता रहा और नमाज पढ़ता रहा यानी इबादत करता रहा।






# महिला पर गुलदार का हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** खेत में गन्ना छिलाई कर रही महिला पर अचानक गुलदार ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले से क्षेत्र में दहशत फैल गई। खेत में काम कर रहे अन्य किसानों व मजदूरों ने शोर मचाकर किसी तरह गुलदार को भगाया।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम निवासी टांडा हिदायतपुर निवासी सुक्खा अहमद ने मुरलीवाला फार्म में जीवन सिंह के खेत बटाई पर ले रखे हैं। रविवार को सुबह सुक्के अहमद अपनी पत्नी मोमीना परवीन के साथ गन्ना छिलाई करने आये थे। खेत में घात लगाए बैठा गुलदार ने महिला के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। शोर मचाने पर आसपास काम कर रहे किसानों व मजदूरों ने लाठी-डंडे लेकर दौड़ लगाई, तब गुलदार खेतों की ओर भाग गया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने चिंताजनक हालत देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया। घटना की सूचना वन विभाग को दे दी गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में गुलदार की मौजूदगी देखी जा रही थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने वन विभाग से गश्त बढ़ाने और गुलदार को पकड़ने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।



## पिंजरा लगाने की मांग उठाई

## नाबालिग से कुकर्म का आरोपी गिरफ्तार

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि तीन दिन पूर्व गांव के ही दो युवकों ने उसके नाबालिग बेटे को नशा सुंघाकर गांव में बंद पड़े एक मकान में ले गए तथा उसके साथ बारी-बारी से कुकर्म किया। पीड़ित के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आजम पुत्र नईम, अयान पुत्र फुरकान के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज किया। अकबराबाद - बुन्दकी की मार्ग हाजीपुर बस स्टैंड से पुलिस ने भागने की फिराक में खड़े आजम को गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसका दूसरा साथी पुलिस पकड़ से दूर बताया जा रहा है।

# धूमधाम के साथ निकला होली का जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** रेलवे स्टेशन शिव मंदिर से एक होली जुलूस नगर के मुख्य मार्ग से निकाला गया। डीजे की धुन पर होली उत्सव के गानों के ऊपर युवा नौजवान मस्ती में नाचते नजर आए। इस दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा। सर्वप्रथम हवन-पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। सभी भक्तजनों ने हवन में आहुति दी। वरिष्ठ समाजसेवी अवनीश कुमार के द्वारा जुलूस का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस दौरान भैंसा बुग्गी पर रंग गुलाल की बौछार करते हुए युवा व बच्चे शामिल रहे। जुलूस में डीजे के ऊपर होली उत्सव के मन मोहक गीत के ऊपर युवा नौजवान नाचते नजर आए। नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ होली का जुलूस संतोषी माता टीला मंदिर पर जाकर संपन्न हुआ। सुरक्षा की दृष्टि है थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह के साथ रेलवे स्टेशन चौकी प्रभारी एसआई सौरभ सिंह और थाने का स्टाफ उपस्थित रहा। जुलूस के दौरान बाजार में पड़ने वाली दुकानों को पुलिस द्वारा बंद करा दिया गया। इसी के साथ-साथ मस्जिदों पर भी तिरपाल व कपड़ा डालकर बंद किया गया। जिससे कि मस्जिदों पर रंग गुलाल न गिरे। पुलिस द्वारा ड्रोन उड़ा कर जुलूस की निगरानी की गई। इस मौके पर आयोजक अरुण शर्मा, संदीप वर्मा, विजय शर्मा, संजीव चौहान, दिनेश खन्ना, मनोज अग्रवाल, दीपक शर्मा, सुधांशु टांक, दीपक वालिया, वंश शर्मा, मयंक शर्मा, सूरज वर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।



# झालू में बह रही विकास की गंगा

## नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी के तीन वर्ष पूर्ण होने की दहलीज पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** वक्त गवाह है कि जब नीयत साफ हो और इरादे मजबूत हों, तो तस्वीरें बदलने में देर नहीं लगती। झालू नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी का कार्यकाल अब अपने तीन वर्ष पूर्ण करने की दहलीज पर खड़ा है और पूरा कस्बा इस सफर को गर्व और संतोष के साथ देख रहा है।

जो झालू कभी विकास की राह तकता था, उसकी गलियों में आज बदलाव की आहट सुनाई देती है और इसका श्रेय जाता है एक ऐसे अध्यक्ष को जो कुर्सी पर कम, जनता के बीच ज्यादा नजर आया।

लोकेंद्र चौधरी ने पद संभालते ही यह साबित करना शुरू कर दिया कि वे भाषणों के नहीं, जमीनी काम के नेता हैं। टूटी सड़कें हों, भरी नालियां हों या अंधेरे मौहल्ले हर समस्या पर उनकी नजर रही और हर समस्या का हल निकालने की कोशिश भी।

सड़कों की मरम्मत से लेकर स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था तक, नाली निर्माण से लेकर स्वच्छता अभियान तक इन तीन वर्षों में झालू की तस्वीर धीरे-धीरे बदलती नजर आई है।



व्यापारियों का कहना है कि बाजार में पहले जैसी रौनक लौट रही है। सफाई व्यवस्था प्रमुख मुद्दा था। वर्तमान में सफाई व्यवस्था बहुत सुंदर है।

कस्बे के वरिष्ठ एवं सम्मानित व्यापारी सुभाष अग्रवाल ने कहा कि दशकों से इस बाजार को देख रहा हूँ। इन वर्षों में जो काम नगर में हुआ है, वह उम्मीद जगाता है। लोकेंद्र जी की मेहनत दिखती है।

व्यापारी विजय अग्रवाल ने कहा कि कस्बे में सड़क बनी, साफ-सफाई हुई। ग्राहक अब बेझिझक आते हैं। माहौल पहले से बेहतर हो रहा है।

राहुल अग्रवाल ने कहा कि अध्यक्ष जी की खासियत यह है कि वे समस्या सुनते ही नहीं, उसका हल भी ढूंढते हैं। यही बात उन्हें अलग बनाती है।

संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि नाली व्यवस्था में सुधार से बारिश में जलभराव की समस्या काफी कम हुई है, राहत मिली है।

शगुन अग्रवाल ने कहा कि व्यापारियों की बात भी अध्यक्ष जी सुनते हैं और उस पर ध्यान दिया जाता है, यह सराहनीय है। अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि झालू कस्बा बदल रहा है और इसमें लोकेंद्र जी के प्रयासों का बड़ा योगदान है।

सुरेश वर्मा ने कहा कि तीन साल पूरे होने को हैं और काम की छाप साफ दिखती है, यही एक नेता की असली पहचान होती है। अधिवक्ता प्रशुन चौधरी ने कहा कि लोकेंद्र जी ने विकास कार्यों के साथ-साथ जनता और प्रशासन के बीच संवाद का एक सेतु बनाया है। यह काम बहुत जरूरी था और इन्होंने किया।

अनुराग जोशी ने कहा कि युवा नेतृत्व जब ईमानदारी से काम करे तो क्षेत्र की दशा और दिशा दोनों बदलती हैं, यह हम झालू में देख रहे हैं। बिट्टू जोशी ने उत्साह के साथ कहा कि तीन साल का यह सफर बताता है कि अगर नेता की नीयत सही हो तो छोटे कस्बे भी बड़े बदलाव देख सकते हैं।

लोकेंद्र चौधरी ने कस्बावासियों का आभार जताते हुए कहा कि तीन साल पूरे होने को हैं, यह समय पीछे मुड़कर देखने का नहीं, बल्कि और तेज गति से आगे बढ़ने का है। जनता ने जो भरोसा दिया है उसे मैं हर दिन महसूस करता हूँ। अभी बहुत काम बाकी है और झालू को उसका गौरव वापस दिलाने का संकल्प अटल है।

# आवारा कुत्तों का आतंक



## घर से निकलना हुआ मुश्किल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** मौहल्ला पतियापाड़ा की सभासद केहफूलवरा के नेतृत्व में मौहल्ले वालों ने एक शिकायती पत्र जिलाधिकारी के नाम लिखा। पत्र में कहा गया है कि मौहल्ला पतियापाड़ा में बड़ी संख्या में आवारा कुत्तों का झुण्ड घूम रहा है, जिसमें इनके बच्चे भी शामिल है, यह कुत्ते स्कूल आते जाते बच्चों, महिला व पुरूषों पर हमला कर रहे है।

पत्र में कहा है कि नगर में आजकल आवारा कुत्तों का एक बड़ा कुनवा आये दिन लोगों को काट खा रहे है। पूरे मौहल्ला पतियापाड़ा में इन आवारा कुत्तों का आतंक है। कुछ समय पूर्व भी इनको पकड़वाने के लिये लिखित व मौखिक दिया जा चुका, मगर कोई कार्यवाही नहीं होने पर जिलाधिकारी से गुहार लगाई गई है। मौहल्ले वालों का कहना है कि पिछले तीन दिन के भीतर एक स्कूली बच्चे सहित एक युवक की दर्दनाक मौत हो चुकी है, इसके अतिरिक्त कई बच्चों, महिलाओं व पुरूषों का इलाज भी चल रहा है। इन घटनाओं से पूरे नगर में इन आवारा कुत्तों के हमलों का भय बना हुआ है। बल्कि यह कुत्ते जनसुरक्षा पर सीधा खतरा बने हुए है। मौहल्ले वालो ने जिलाधिकारी से अनुरोध करते हुए इन आवारा कुत्तों को सम्बन्धित विभाग द्वारा पकड़वाये जाने की गुहार लगाई है।

पत्र पर शुऐब अहमद, उस्मान अहमद, सरफराज अहमद, शाहवेज, कृष्णा, मौहम्मद सुलेमान आदि के नाम व हस्ताक्षर है।

## एक नजर

### इजराइल और अमेरिका की शर्मनाक कार्रवाई : डॉ. मेराजुद्दीन



**सहसपुर।** अलीगढ़ हेल्थ केयर सेंटर के डायरेक्टर डॉ. मेराजुद्दीन ने ईरान में अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत ईरान और दुनिया के लिए बड़ा नुकसान बताते हुए उनकी शहादत पर रंजो गम का इजहार किया। उन्होंने कहा इंसाफ और ईमान पर कायम पूरी दुनिया के लोग ईरान के दुख में शरीक हैं। उन्होंने कहा इस बर्बरता पूर्ण कार्रवाई से अमेरिका और इजराइल ने तानाशाही रवैये का सबूत दिया है।

### सहकार भारती ने मनाया होली उत्सव



**नगीना।** उत्तर प्रदेश सहकार भारती जनपद बिजनौर द्वारा लोक निर्माण भवन में फूलों की होली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं और गणमान्य व्यक्तियों ने एक-दूसरे पर पुष्प वर्षा की और गुलाल लगाकर होली के उत्सव को मनाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक सतीश कुमार गौतम, सह संपर्क प्रमुख सहकार भारती विश्वास विश्नोई, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष शाकिर अली, सह प्रदेश प्रमुख गन्ना प्रकोष्ठ प्रभान सिंह, प्रांतीय पार्षद भाजपा उप्र रोहित रवि, जिला उपाध्यक्ष कुशल पाल सिंह, प्रदीप सिंह एडवोकेट, महेश सिंह, राम जोशी, मनोज कुमार, अमन नंदा, भूपेंद्र सिंह चौहान, मलखान सिंह एवं तमाम कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे के ऊपर पुष्प वर्षा कर एवं गुलाल लगाकर होली के उत्सव को मनाया।

## मुढ़े बनाने की बिंढ में लगी आग

**मंडावर।** गांव दयालवाला निवासी अरविन्द व सुभाष मुढ़े बनाने का काम करते है। दोनों ने घर के पास मुढ़े बनाने के लिए सरवे की बिंढ रख रखी थीं। सोमवार की दोपहर लगभग चार बजे के करीब अचानक मुढ़े बनाने की बिंढ मे आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दोनों ग्रामीणों की मुढ़े बनाने की बिंढ जलकर राख हो चुकी थीं। ग्रामीणों का कहना है कि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका।

# हवन होली रंग गुलाल समिति ने खेली फूलों की होली

## चार मार्च को निकलने वाले ऐतिहासिक गुलाल जुलूस की सभी तैयारियां पूर्ण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** बीती रात धामपुर रोड स्थित एक रिसोर्ट में हवन होली रंग गुलाल समिति द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में होली उत्सव सनातनी परम्परा का पालन करते हुए उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। होली मिलन में लोगों ने गुलाल व फूलों से होली खेली ओर होली के गानों पर जमकर थिरके।



समारोह के प्रारम्भ में समिति के संरक्षक प्रभात चंद गुप्ता ने समिति के अध्यक्ष प्रमोद चौहान का पगड़ी व पटका पहनाकर स्वागत कर सम्मानित किया। समारोह में समिति के अध्यक्ष प्रमोद चौहान ने समिति के संरक्षक प्रभात चंद गुप्ता, अशोक अग्रवाल, सुशील गुप्ता, संजय वर्मा, एडवोकेट हेमंत चौहान व समिति के सदस्यों को पगड़ी व पटका पहनाकर स्वागत व सम्मानित किया। समिति के संरक्षक मंडल ने समिति के पदाधिकारी सौरभ मित्तल, शलभ गोयल, विनय अग्रवाल, दीपक अरोड़ा, अभिषेक अग्रवाल, धर्मेन्द्र राठी, सचिन शर्मा, लवी मित्तल, सचिन शर्मा, अरुण शर्मा का पगड़ी व पटका पहनाकर स्वागत व सम्मान किया। होली मिलन समारोह में सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। समारोह को राष्ट्रीय स्वम सेवक संघ के तहसील प्रचारक नरेश कुमार, नगर कार्यवाह अनमोल कंसल, रोहित रवि, प्रदीप गर्ग, डॉ श्वेतकमल गोयल, संजीव अग्रवाल आदि ने सम्बोधित किया। समारोह की अध्यक्षता समिति के संरक्षक प्रभातचंद गुप्ता व संचालन एल्मा कम्प्यूटर सेंटर के डायरेक्टर सचिन शर्मा ने किया। समारोह में अग्रवाल वैश्य समाज के अध्यक्ष व विश्व हिन्दू परिषद के जिला उपाध्यक्ष शीतल अग्रवाल, नगर अध्यक्ष अमरजीत सिंह, एलआरएस एकेडमी के प्रबंधक संजीव अग्रवाल, हिन्दू इंटर कालेज के प्रबंधक साहू कपिल अग्रवाल, मंदिर मुकतेश्वर नाथ के प्रबंधक मुकेश अग्रवाल, बर्फानी सेवा समिति के अध्यक्ष शितांशु अग्रवाल, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक सौरभ मित्तल, स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक केशव दीक्षित, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग बौद्धिक प्रमुख संजय वर्मा, नगर कार्यवाह अनमोल कंसल, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, अरुण शर्मा, धर्मेंद्र राठी, लिटिल फ्लॉवर पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष राजकुमार सेठी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य आलोक चौधरी, भाजपा नगर उपाध्यक्ष लवी मित्तल, बाला जी सेवा मंडल के अध्यक्ष व गुरु जी सचिन अग्रवाल, गणपति सेवा मंडल के अध्यक्ष पवन काम्बोज, रायल रसोर्ट के स्वामी विकास कर्णवाल, डॉ. दिनेश चौहान, नगर के प्रमुख व्यापारी शलभ गोयल, अमित जैन, दीपक अरोरा, पवन मित्तल, विकास अग्रवाल, गौरव गोयल, नंदकिशोर सैनी, सुनील कुमार, सुशील कुमार, पवन कटारिया, टिकेंद्र चौहान, मोहित कंसल आदि उपस्थित रहे।

## होली प्रेम, सद्भाव और मानवता का संदेश देती है : जिम्मी सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** हनुमंत अलवर दैवीय स्थल ट्रस्ट की ट्रस्टी एवं समा. जसेविका जिम्मी सिंह ने होली के पावन अवसर पर क्षेत्रवासियों और देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक पर्व है। यह त्यौहार हमें पुराने मतभेद और मनमुटाव भुलाकर एक-दूसरे के करीब आने तथा खुशियां साझा करने की प्रेरणा देता है।



अपने संदेश में जिम्मी सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में त्यौहारों को शालीनता और जिम्मेदारी के साथ मनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि होली के दौरान केमिकल युक्त रंगों से बचें और प्राकृतिक, त्वचा के लिए सुरक्षित रंगों का ही उपयोग करें। साथ ही पानी की अनावश्यक बर्बादी रोकने और पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखने का आग्रह किया। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि त्यौहारों को केवल मनो. रंजन तक सीमित न रखें, बल्कि इन्हें सामाजिक सरोकारों से जोड़ें। जरूरतमंद, गरीब और असहाय लोगों की मदद कर उनके जीवन में भी खुशियों के रंग भरने का प्रयास करें। इससे समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और त्यौहार की सार्थकता बढ़ती है।

जिम्मी सिंह ने कहा कि होली का पर्व हमें बुराई पर अच्छाई की जीत और सच्चाई के मार्ग पर चलने की सीख देता है। यदि हम सब मिलकर प्रेम और सौहार्द की भावना को आगे बढ़ाएं, तो समाज में भाईचारा और मजबूत होगा। उल्लेखनीय है कि समाजसेविका जिम्मी सिंह अपने उल्लेखनीय सामाजिक कार्यों के लिए नेशनल और इंटरनेशनल मंचों पर सम्मानित हो चुकी हैं। जिससे बिजनौर का नाम रोशन हुआ है। उनके प्रयासों से क्षेत्र में जागरूकता और सेवा भावना को लगातार बढ़ावा मिल रहा है।

# भाजपा नेता के बैंक्वेट हॉल से जनरेटर चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कस्बे में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला ब्लॉक कार्यालय के पास स्थित आशियाना बैंक्वेट हॉल का है, जहां बीती रात अज्ञात चोर जनरेटर सेट और उसका तार चोरी कर ले गए। घटना से व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है।

प्राप्त समाचार के अनुसार उद्योग व्यापार मंडल हल्दौर के नगर अध्यक्ष एवं भाजपा नेता वरुण अग्रवाल के आशियाना बैंक्वेट हॉल को चोरों ने रविवार की रात निशाना बनाया। सुबह जब बैंक्वेट हॉल पर कर्मचारी पहुंचे, तो जनरेटर सेट और उससे जुड़ा तार गायब मिला। सूचना मिलते ही वरुण अग्रवाल मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। वरुण अग्रवाल ने बताया कि चोरी से उन्हें लगभग 50 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। मामले की तहरीर हल्दौर थाने में दे दी गई है। उन्होंने पुलिस से शीघ्र खुलासा करने की मांग की है।

कस्बे में पिछले कुछ महीनों से चोरों ने दुकानों को निशाना बनाकर दहशत फैला रखी है। मुख्य रूप से इनवर्टर की बैटरियां और नकदी चोरी की जा रही है। व्यापारियों का आरोप है कि पुलिस गश्त न होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं। एक जनवरी 2026 की रात मुख्य बाजार टाट मोहरा स्थित धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ दिन्ने की दुकान के ताले तोड़कर चोर बैटरा और एक लाख रुपए से अधिक की नकदी ले गए थे। इससे पहले समा. जवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष प्रमोद कुमार भोले की दुकान से भी बैटरा और हजारों रुपये की नगदी चोरी हो चुकी है।

इसी क्रम में पोखर बाजार स्थित मोहसिन फरीदी, असलम अंसारी की जूता दुकान, अफजाल की कन्फेक्शनरी तथा नदीम की सैलून दुकान से भी बैटरा व नगदी चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। लगातार हो रही चोरियों से नगर के व्यापारियों में भारी रोष है। व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक और थाना पुलिस से नगर में गश्त बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच करने तथा चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा करने की मांग की है। व्यापार मंडल पदाधिकारियों का कहना है कि यदि जल्द ही चोरियों पर अंकुश नहीं लगा तो व्यापारी आंदोलन को बाध्य होंगे। फिलहाल हल्दौर पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर संग्राम सिंह ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है।

# नेशनल परिवार एकता संगठन ने कराया इफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** रमजान के मुकद्दस महीने में आपसी भाईचारे, मौहब्बत और एकता का पैगाम देने के उद्देश्य से नेशनल परिवार एकता संगठन की ओर से नगर में भव्य सामूहिक इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।

इस मौके पर करीब 200 रोजेदारों ने एक साथ रोजा इफ्तार किया और मुल्क में अमन, तरक्की और खुशहाली की दुआ की। कार्यक्रम में चेयरपर्सन पति जावेद विकार भी मौजूद रहे। वहीं संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शाहवेज अहमद, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मौहम्मद कफील, जिला उपाध्यक्ष अब्दुल कय्यूम, नगर अध्यक्ष मौहम्मद दिलशाद और जिला सचिव कमरुद्दीन सहित संगठन के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। इसके अलावा मौहम्मद जुनेद, मौहम्मद रजब, मौहम्मद सुहेल, मौहम्मद अदनान, परवेज अहमद, मौहम्मद शरीफ, मौहम्मद खुर्शीद, मौहम्मद सरफराज समेत संगठन के अन्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में रोजेदार इफ्तार कार्यक्रम में मौजूद रहे।



इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि रमजान का महीना सब्र, इबादत, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम देता है। ऐसे सामूहिक कार्यक्रम समाज में आपसी सौहार्द, प्रेम और एकता को मजबूत करते हैं। इफ्तार के बाद सभी लोगों ने देश में अमन-चैन, तरक्की और समाज की खुशहाली के लिए दुआ की।

## शाह टाइम्स का विवरण

फार्म-4 ( नियम आठ देखिए )

1. प्रकाशन स्थान :दीपक कॉम्पलैक्स पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश
2. मुद्रण स्थान :शाह पब्लिकेशन प्रा.लि. सूजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर(उत्तर प्रदेश)
3 प्रकाशन की अवधि व भाषा : दैनिक, हिन्दी
4. मुद्रक का नाम : शाह पब्लिकेशन प्रा.लि.
(क्या भारत का नागरिक है) : हां
(यदि विदेशी है मूल देश) : नहीं
5. सम्पादक का नाम : एस.एन.राना
(क्या भारत का नागरिक है) : हां
(यदि विदेशी है मूल देश) : नहीं
पता:- राना हाउस, मेरठ रोड, सूजडू मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों
1. आसिफ खान, 105 साउथ खालापार मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
2.जावेद अली, मकान नंबर, 900, कुंगर पट्टी सूजडू, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश

मैं एस.एन राना एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं।

3-3-2026 प्रकाशक के हस्ताक्षर

एस.एन. राना

## इंडिया यूथ फ्रंट युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ देशभर में करेगा प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के युवा संगठनों के अखिल भारतीय संगठन 'इंडियन यूथ फ्रंट' ने युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब तथा अन्य कार्यकर्ताओं की भारत मंडपम में विरोध प्रदर्शन के आरोप में की गई गिरफ्तारी को मोदी सरकार की तानाशाही बताया और कहा कि फ्रंट इसके खिलाफ मिलकर देशभर में आंदोलन करेगा। फ्रंट से जुड़े विभिन्न दलों के युवा शाखा के नेताओं ने सोमवार को यहां युवा कांग्रेस कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह गिरफ्तारी अघोषित आपातकाल और मोदी सरकार की तानाशाही का प्रमाण है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**कुवैत में...** समय रहते इजेक्ट किया और बाद में उन्हें सुरक्षित बरामद कर लिया गया। सभी की हालत स्थिर बताई गई है। कुवैत सरकार और रक्षा बलों ने इस घटना को स्वीकार किया है। अमेरिकी सेना ने कुवैती रक्षा बलों के सहयोग और बचाव अभियान के लिए आभार भी जताया। बयान में कहा गया कि संयुक्त सैन्य अभियान के दौरान दोनों देशों की सेनाएं लगातार समन्वय में काम कर रही हैं। घटना के बाद सुरक्षा प्रक्रियाओं की समीक्षा शुरू कर दी गई है, ताकि भविष्य में ऐसी गलती दोबारा न हो। सेंटकाम ने स्पष्ट किया कि इस पूरी घटना की विस्तृत जांच की जा रही है। शुरुआती तौर पर इसे फ्रेंडली फायर यानी अपने ही सहयोगी बलों की गलती से हुई कार्रवाई माना जा रहा है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि पहचान प्रणाली या संचार में कहां चूक हुई, जिसके कारण एयर डिफेंस सिस्टम ने अपने सहयोगी विमानों को निशाना बना लिया। विशेषज्ञों का मानना है कि पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव और लगातार हमलों के खतरे के कारण रक्षा प्रणालियां बेहद सतर्क स्थिति में काम कर रही हैं। ऐसे माहौल में पहचान संबंधी छोटी गलती भी बड़े हादसे में बदल सकती है। अमेरिकी सेना ने कहा है कि जांच पूरी होने के बाद अतिरिक्त जानकारी सार्वजनिक की जाएगी और संचालन प्रक्रियाओं को और मजबूत किया जाएगा।


# वैश्विक तनाव पर केन्द्र भूमिका स्पष्ट करेः सपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** इजरायल-ईरान के बीच जारी संघर्ष को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बन रहे युद्ध जैसे हालातों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि मानवता पर संकट की घड़ी में विश्व समुदाय को संयम और जिम्मेदारी का परिचय देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की हिंसा और युद्ध में आम नागरिकों की जान जाना अत्यंत पीड़ादायक है। अखिलेश यादव ने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में भारत सरकार को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की जनता यह जानना चाहती है कि भारत शांति स्थापना के लिए क्या कूटनीतिक प्रयास कर रहा है और क्या वह युद्ध को रोकने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि युद्धकालीन स्थितियों में कई तरह की सूचनाएं सामने आती हैं, जिनमें से कुछ अपुष्ट भी हो सकती हैं।

## बीएलओ पर बढ़ते दबाव को लेकर सरकार पर सपा का हमला



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एसआईआर के बीच लगातार बीएलओ द्वारा आत्महत्या किए जाने को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) पर बढ़ते प्रशासनिक दबाव को लेकर राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि बीएलओ पर अत्यधिक कार्यभार और मतदाता सूची से जुड़े कार्यों में अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है, जिससे वे मान. सिक तनाव का सामना कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि पहले फॉर्म-7 के जरिए नाम हटाने और अब फॉर्म-6 के माध्यम से नाम जोड़ने को लेकर दबाव बनाया जा रहा है। ऐसे माहौल में कई कर्मचारी मानसिक रूप से परेशान हैं। सपा अध्यक्ष ने फतेहपुर जनपद के बिदकी क्षेत्र के एक शिक्षामित्र बीएलओ द्वारा आत्महत्या की घटना का उल्लेख करते हुए इसे अत्यंत दुखद बताया। उन्होंने कहा कि पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच अवकाश न मिलना और कार्य का दबाव गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने सभी बीएलओ से संयम बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि कोई भी परिस्थिति जीवन से बड़ी नहीं होती।

मुकद्दस रमजान माह की मुबारकबाद

तेरहवां रोजा वक्त इफ्तार 03 मार्च शाम 6:21
चौदहवां रोजा वक्त सहरी 04 मार्च सुबह 5:15

मुकद्दस रमजान की बधाई
डॉ. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद गाजी
पूर्व विधायक
बढ़ापुर व अफजलगढ़ विधानसभा क्षेत्र


# महिला ने लगाई फांसी

## पारिवारिक विवाद के चलते उठाया खतरनाक कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** पारिवारिक विवाद के चलते विवाहिता ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मृतका नीलम (22 वर्ष) का पति नितिन मजदूरी करता है। इन दोनों के द्वारा दो महीने पहले कोर्ट मैरिज की गई थी। बीती रात लगभग दो बजे उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। चर्चा है कि पारिवारिक विवाद के चलते नीलम द्वारा आत्महत्या की गई है। नीलम थाना नगीना देहात क्षेत्र की रहने वाली थी। घटना की सूचना नीलम के परिजनों को दी गई। जब वह मौके पर पहुंचे, तो दहाड़ मार कर रोने लगे। सूचना मिलते ही थाना



प्रभारी मंडावली राकेश कुमार मौके पर पहुंच गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह द्वारा भी घटनास्थल का निरीक्षण किया गया और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आवश्यक कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा मृतका नीलम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

आपको बता दे कि इस परिवार में यह दूसरी मौत है। कुछ दिन पूर्व मृतका नीलम की सास जग्गो देवी की मौत हुई थी। वह कैंसर से पीड़ित थी। एक मार्च को कल तेरहवीं का कार्यक्रम संपन्न हुआ था। लगातार दूसरी मौत होने से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।

आखिरकार दम्पति में इतनी जल्दी क्या विवाद हो गया था, इसे लेकर तरह-तरह की चर्चाएं है। मृतका काफी हसमुख स्वभाव की थी। उसके द्वारा इतना खतरनाक कदम क्यों उठाया गया, इसका जवाब किसी के पास नहीं था।

## विश्वयुद्ध की शुरूआत हो चुकी : काजी जिया



**बिजनौर।** सामाजिक चिंतक काजी जियाउर्रहमान ने अमेरिका और इजराइल द्वारा यूरेनियम की खातिर रमजान में किए गए हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे विश्व युद्ध की शुरुआत बताया गया। उन्होंने कहा कि ईरान हमेशा भारत का अच्छा दोस्त रहा है और अमेरिका कभी किसी का दोस्त नहीं हो सकता है, क्योंकि उसके डीएनए में दोस्ती, मौहब्बत व वफादारी है ही नहीं। वो तो सिर्फ हथियारों का सौदागर है। इस कायरतापूर्ण हमले में एक ऐसा शेर शहीद हो गया, जो 86 साल की उम्र में जब लोग उठकर पानी भी नहीं पी पाते हैं, वह पूरे होश और जुर्रत के साथ बातिल की आंख में आंख डाल कर खड़ा रहा। न थका, न डरा और न किसी से मदद मांगी।

# नगीना में निकाला गया कैंडल मार्च

**अमान शम्सी**

**नगीना।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला सय्यद अली खामेनेई और उनके साथियों की शहादत पर कैंडल मार्च निकाला गया।


इससे पहले ईमामबाड़ा पर एक मजलिस आयोजित की गई। मौलाना मीसम रजा ने शांति व्यवस्था बनाए रखने की गुजारिश की। उनके चित्र के सामने मोमबत्तियां जलाकर खिराजे अकीदत पेश की गई। बाद में थाने पहुंचकर प्रभारी अवनीत मान को ज्ञापन सौंपा। सुप्रीम लीडर अयातुल्ला सय्यद अली खामेनेई की शहादत पर अमेरिका और इजराइल के विरुद्ध दिए गए ज्ञापन में गहरा दुख एवं



गुस्सा प्रकट करते हुए इसे शांति एवं मानवाधिकारों के दृष्टिकोण से अत्यंत गंभीर बताया गया। ज्ञापन में कहा गया कि यह घटना विश्व शांति के लिए खतरा है और अंतरराष्ट्रीय तनाव बढ़ सकता है। किसी भी संप्रभु राष्ट्र के नेता पर इस प्रकार की कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय कानून और कूटनीतिक मर्यादाओं के विरुद्ध है। भारत सरकार से मांग की गई कि वह इस विषय में निष्पक्ष जांच और शांति स्थापित करने हेतु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उचित पहल करे। ज्ञापन में शांति, न्याय और वैश्विक स्थिरता के समर्थन में अपनी आवाज दर्ज कराने की बात कही गई। इस दौरान बड़ी संख्या में सर्वसमाज के लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### खामेनेई की शहादत पर प्रदर्शन



**नजीबाबाद।** ग्राम जोगीरम्पुरी में इजरायल व अमेरिका की संयुक्त कार्रवाई में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की शहादत पर शिया समुदाय ने शोक जताते हुए विरोध प्रदर्शन किया। दरगाह ए आलिया नजफे हिन्द जोगीरम्पुरी में बड़ी संख्या में शिया मुसलमानों ने सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने खामेनेई की तस्वीरें हाथ में लेकर नारेबाजी कर उनकी शहादत पर शोक जताया। इस दौरान लोगों ने अपनी छाती व कमर को जंजीर से पीटकर अपना विरोध दर्ज कराया तथा इजरायल व अमेरिका के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शन में शामिल लोगों का कहना था कि खामेनेई की हत्या की गई है और यह कार्रवाई धोखे से की गई। उनका आरोप था कि इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों ने विश्वासघात किया है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि खामेनेई के जाने के बाद भी उनके विचार जिंदा रहेंगे। शिया धर्मगुरु मौलाना सैयद शबाब नकवी ने इस घटना को आतंकवादी हमला करार दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई ने खाड़ी क्षेत्र को अस्थिर कर दिया है और हालात लगातार बिगड़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका व इजरायल की नीतियों से दुनिया में तनाव व हिंसा बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि खामेनेई केवल ईरान के नेता नहीं थे, बल्कि वह पूरी दुनिया वंचित व उत्पीड़ित लोगों की आवाज थे। इस मौके पर मौलाना फिरोज नकवी, उरूज आलम चौधरी, सिरत चौधरी, नय्यर अब्बास, शब्बन प्रधान, शाहवेज आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### सहसपुर में कारी शकील का इंतकाल



**सहसपुर।** मौहल्ला सराय कला निवासी कारी शकील (58 वर्ष) का हृदय गति रुकने से इंतकाल हो गया। कारी शकील करीब 33 साल से प्रसिद्ध मदरसा मारिफ उल उलूम में अध्यापक और मस्जिद अंसारियान में इमाम थे। और बहुत ही नेकदिल इंसान थे। कारी शकील ने अलग पहचान बनाई थी और दूर-दूर दीनी मजलिसों में नात व शायरी पढ़ने के साथ ही कुरान की तिलावत के लिए जाने जाते थे। लोग उनकी आवाज सुनकर मंत्रमुग्ध हो जाते थे और दूर-दूर से उनके कलाम सुनने के लिए आते थे। रात में उनको सांस आने में दिक्कत हुई और कुछ ही देर में इंतकाल हो गया। मदरसा मारिफ उल उलूम के सदर मुफ्ती अकील ने कहा उनका जाना हमारे मदरसे और सहसपुरवासियों के लिए एक बहुत बड़ा नुकसान है, जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है।

मुकद्दस रमजान की बधाई
विवेक सेन
सदस्य जिला पंचायत
जिला योजना समिति बिजनौर
मुरादाबाद मंडल महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम

संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20




मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बसपा, मुरादाबाद
निवास-स्योहारा


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. साईम राजा
मैनेजर
मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर


रमजान माह की शुभकामनाएं
चौधरी रवि कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी अब्दुल कादिर
वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर


रमजान माह की बधाई
मूलचन्द चौहान
पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
वहाब कुरैशी
उत्तरी सहकारी समिति के पूर्व वाइस चेयरमैन
नहटौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मनोज पारस
सपा विधायक
नगीना
विधानसभा क्षेत्र


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. आसिफ शान
चेयरमैन
नगर पंचायत, मण्डावर


मुकद्दस रमजान माह की दिल की गहराईयों से सभी रोजेदारों को मुबारकबाद

अजमल उमर एड.
वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन पद- भाजपा
नगर पंचायत, मण्डावर


रमजान माह की शुभकामनाएं
रामअवतार सैनी
सपा विधायक
नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जनपद-बिजनौर
पूर्व चेयरमैन, झालू


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद रहमान शम्सी
मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/ प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
इंडियन बुक डिपो व स्पोर्ट्स, धामपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. इमरान समी कुरैशी
ग्राम प्रधान
कोतवाली देहात
जनपद बिजनौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
साजिद कुरैशी
प्रधान पद के भावी उम्मीदवार
ग्राम करौंदा मुस्लिम, कोतवाली देहात


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
कपिल कुमार
जिला पंचायत सदस्य
पूर्व प्रत्याशी-19
बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र
समाजवादी पार्टी


# बाथरूम में फिसलने से नौवीं के छात्र की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर में होली के दिन एक हृदयविदारक घटना ने खुशियों का माहौल शोक में बदल दिया। होली खेलने के बाद स्नान करने गए एक किशोर की बाथरूम में फिसलकर चोट लगने से मौत हो गई। घटना से परिवार और नगर में शोक की लहर फैल गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के प्रमुख कपड़ा व्यापारी सुरेंद्र सिंह के परिवार में यह दुखद हादसा हुआ। उनकी पुत्री सोनिया का 16 वर्षीय पुत्र अमृतपाल स्थानीय सेंटमैरी स्कूल में कक्षा नौ का छात्र था। होली के दिन वह दोस्तों के साथ रंग खेलने के बाद दोपहर में घर लौटा और स्नान करने के लिए बाथरूम में चला गया।

परिजनों के अनुसार काफी देर तक जब वह बाहर नहीं आया तो



## होली की खुशी गम में बदली

उसकी मां ने आवाज लगाई, लेकिन भीतर से कोई उत्तर नहीं मिला। आशंका होने पर परिजनों ने दरवाजा खटखटाया और अंततः दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। वहां अमृतपाल अचेत अवस्था में पड़ा मिला।

परिजन उसे तत्काल एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया, किंतु प्रयासों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका। चिकित्सकों ने कुछ समय बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रिश्तेदारों, व्यापार मंडल के सदस्यों और नगर के गणमान्य लोगों ने पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

अमृतपाल की असमय मृत्यु से होली का उल्लास परिवार के लिए गहरे दुख में बदल गया। यह घटना घरों में भी सतर्कता बरतने की आवश्यकता की याद दिलाती है।

# सरस्वती विद्या मंदिर कालेज में होली पर भव्य कार्यक्रम

## होली मिलन समारोह व कवि सम्मेलन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रामलीला बाग में होली मिलन समारोह व कवि सम्मलेन का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के पवित्र प्रांगण में माँ शारदा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, पुष्पार्चन एवं दीप वंदना स्तुती उपरांत प्रगतिशील विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश सिंह, अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, डॉ. संदीप शर्मा, प्रभात चंद गुप्ता (पूर्व चेयरमैन), कुँवर अमरजीत सिंह (नगर अध्यक्ष वि.हि.प. नगीना), डॉ यशपाल (पूर्व प्रधानाचार्य हिन्दू इंटर कॉलेज नगीना), अनमोल कंसल (नगर कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ),



मास्टर ओमप्रकाश ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शोभा को आगे बढ़ाते सभी कविगणों को अंग वस्त्र भेंट कर उनका हार्दिक अभिनंदन किया गया। विशेष अवसर पर सभी कवियों निशीथ गर्ग, डॉ. रमेश गिरी, कृष्ण कुमार विश्नोई, इंद्रजीत जोशी, बाल कवि मौलिक मिश्रा, आचार्य अनुराग चौहान, मधु चौहान, अनिल गुप्ता (बंधु जी) ने अपनी अपनी कविताओं से कार्यक्रम का समां बाँधा। वहीं दूसरी ओर विद्यालय में अध्ययनरत बहिन ईशा (कक्षा नवम), श्रृष्टी, अनवी, राधिका, मीत (कक्षा अष्टम), माही, मनप्रीत (कक्षा सप्तम), दीपान्शी (कक्षा षष्ठ) ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभाओं का परिचय दिया।

## एक नजर

### होली के मद्देनजर सतर्कता

**कालागढ़।** होली पर्व के मद्देनजर सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस अफसरों ने सीमा क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने थाने में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सतर्कता बरतने को कहा। होलिका दहन स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्थल पर साफ-सफाई, लकड़ी की उपलब्धता, सुरक्षा व्यवस्था तथा दहन के निर्धारित समय सहित अन्य आवश्यक तैयारियों की जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों एवं होली कमेटी के पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आयोजन के दौरान सुरक्षा एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्यौहार आपसी सद्भाव और शांति के साथ मनाया जाए। निरीक्षण के दौरान अफजलगढ़ के थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह राठी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

### बाइक सवार की मौत



**राजा का ताजपुर।** स्योहारा रोड पर भट्टे के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक की बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक ताजपुर की ओर आ रहा था। भट्टे पर काम कर रहे मजदूर चीख पुकार सुनकर जब मौके पर पहुंचे, तो तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। युवक के सिर मे गंभीर चोटें थी। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस युवक के बारे में जानकारी करने में जुटी है। स्योहारा इंस्पेक्टर संजय कुमार ने बताया कि युवक की बाइक का नम्बर अमरोहा का है। वहां से मृतक के बारे में जानकारी की जा रही है।

### जन्दरपुर में खामेनेई को श्रद्धांजलि



**बिजनौर।** ग्राम जन्दरपुर में अयातुल्ला सय्यद अली खामेनेई की शहादत के सिलसिले में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम के सभी लोगों ने शोक सभा में भाग लिया और अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में साजिद जैदी, शाने हैदर, अमान जैदी, जमशेद प्रधान, सलमान, जुनैद, आशु, फराज जैदी, वासिफ सहित अन्य सम्मानित नागरिक भी मौजूद रहे। शोक सभा में उनके जीवन, विचारों एवं योगदान पर प्रकाश डाला गया तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए दुआ की गई। उपस्थित लोगों ने एकजुटता, शांति और भाईचारे का संदेश देते हुए कहा कि उनके आदर्शों को सदैव याद रखा जाएगा। शोक सभा के पश्चात उपस्थित लोगों द्वारा पुलिस प्रशासन को एक ज्ञापन भी सौंपा गया, जिसमें अपनी भावनाएं रखते हुए विभिन्न मांगें उठाई गईं।

### गायत्री शक्तिपीठ पर होली मिलन कार्यक्रम



**नजीबाबाद।** गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद में पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य उपवन में होली पर्व उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर 5 कुंडीय गायत्री यज्ञ व होली मिलन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। गायत्री शक्तिपीठ अध्यक्ष कमल शर्मा, सचिव जितेंद्र सिंह, व्यवस्थापक डॉ. दीपक कुमार, विनोद चौहान, कामेश शर्मा, नीलम बरनवाल, एचपी गुप्ता, महिपाल सिंह आदि रहे। डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश हैं। गेहूं की फसल पकने पर होली सामूहिक यज्ञ मे नवीन अन्न की आहुति लगाई जाती है। होली एकता व समरसता का प्रतीक है। होली पर रजवंदन किया जाता है। सारिका अग्रवाल, कामेश शर्मा ने 5 कुंडीय गायत्री यज्ञ संपन्न कराया। नृसिंह भगवान का पूजन किया गया। भक्त प्रहलाद के जय घोष के साथ समापन हुआ।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नूरपुर मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा मंगल खेड़ा स्थित भट्टे के पास मोड़ पर हुआ, जहां तेज रफ्तार बाइक और पिकअप वाहन की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई।

थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मृतक युवक थाना स्योहारा क्षेत्र के ग्राम मिल्क बेनीराम का निवासी शिवा कुमार पुत्र नरेश सिंह अपनी मोटर साइकिल से नूरपुर की दिशा से स्योहारा की ओर आ रहा था। जैसे ही उसकी बाइक मंगल खेड़ा भट्टे के पास मोड़ पर पहुंची, सामने से आ रही पिकअप से

## परिजनों में मचा कोहराम

टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि शिव कुमार (26 वर्ष) पुत्र नरेश सिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। होली की खुशी के त्योहार के बीच अचानक आई इस दुखद खबर से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही पिकअप चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# मंडावर के पेट्रोल पंपों पर मनमानी

## मिलावट, घटतौली व बदसलूकी की शिकायतें आम

**विशाल खटीक**

**मंडावर।** जिला पूर्ति अधिकारी एवं पेट्रोलियम कम्पनियों के अधिकारियों की लापरवाही से कस्बे में स्थित पेट्रोल पंपों पर मनमानी और अनियमितताओं के गंभीर आरोप लग रहे हैं। जिससे ग्राहक अपने को ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार कस्बे में कहने को तो तीन पेट्रोल पंप है। जो किरतपुर निवासी एक ही मालिक के बताते जाते हैं। जिन पर लगातार घटतौली, मिलावटखोरी और ग्राहकों के साथ बदसलूकी की शिकायतें मिल रही हैं। इन तीनों पेट्रोल पंपों पर कैसा पेट्रोल और डीजल बेचा जा रहा है, इसकी सुध लेने कोई अधिकारी नहीं पहुंचता है। स्थानीय निवासियों और ग्राहकों का आरोप है कि इन तीनों पंपों पर घटतौली, मिलावटी तेल और कर्मचारियों की बदसलूकी की शिकायतों की कोई प्रभावी जांच नहीं होती है। जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय का स्टाफ व पेट्रोलियम कम्पनियों के अधिकारी अचानक छापे मार कर जांच नहीं करते हैं। उनके द्वारा इन तीनों पेट्रोल पंपों से





कोई सैंपल नहीं लिए जाते है। तभी तो पम्प मालिक खुल कर ग्राहकों को खुल कर चूना लगवा रहा है। एक स्थानीय भट्टा मालिक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इन पेट्रोल पंपों पर तेल में बड़े पैमाने पर मिलावट की जा रही है। उन्होंने कहा कि यहां न तो कभी कोई जांच अधिकारी आता है और न ही शिकायतों को गंभीरता से लिया जाता है। इसी कारण पेट्रोल पम्पों के कर्मचारी अपनी मनमानी करते हैं। ग्राहकों से पैसे तो पूरे लेते हैं, लेकिन तेल कम डालते हैं और ऊपर से व्यवहार भी ठीक नहीं रखते। भट्टा मालिक के अनुसार यह अनियमितताएं लंबे समय से चल रही हैं, लेकिन लगातार आने वाली शिकायतों से लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। ग्राहकों का आरोप है कि घटतौली के कारण उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। जबकि मिलावट से वाहनों को नुकसान पहुंच रहा है। एक अन्य ग्राहक ने बताया कि जब हम इस बारे में शिकायतें करते हैं, तो कर्मचारी बदतमीजी पर उतर आते हैं। यह सब एक ही मालिक के होने से वह मजबूत हो गया है। मंडावर के जनहित के मुद्दों को लेकर आवाज उठाने वाले एक वरिष्ठ समाजसेवी ने आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि एक मालिक के मंडावर में तीन पम्प होना शासन की पारदर्शिता पर सवाल उठाते हैं। जल्द ही इसकी शिकायत पेट्रोलियम मंत्रालय से की जाएगी।

# रंगों के त्यौहार पर दिखा भाईचारे का अनूठा रंग

## लोकेंद्र चौधरी के कैंप कार्यालय पर होली मिलन का जश्न, रागनियों पर झूमे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** होली का त्यौहार इस बार झालू नगर में कुछ अलग ही रंग लेकर आया। नगर अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी के कैंप कार्यालय पर आयोजित होली मिलन समारोह ने साबित कर दिया कि जब नेता दिल से जुड़ते हैं तो जनता भी दिल खोलकर आती है। शाम 4 बजे शुरू हुआ यह रंगारंग कार्यक्रम देर रात तक थमने का नाम नहीं ले रहा था।



कैंप कार्यालय परिसर में जैसे ही ढोल-नगाड़ों की गूंज उठी, माहौल पूरी तरह होलीमय हो गया। नगर के व्यापारी, गणमान्य नागरिक, समाजसेवी और तमाम राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता सब एक ही रंग में रंगे नजर आए। किसी ने किसी से नहीं पूछा कि कौन किस दल का है, बस एक-दूसरे के गालों पर गुलाल मला और गले लगकर कहा -बुरा न मानो होली है! समारोह की जान बने रागनी कलाकार। जब उन्होंने पारंपरिक रागनियां छेड़ीं तो पूरी भीड़ थिरकने लगी। बुजुर्ग हों या जवान, सभी उनकी धुन पर झूमते रहे। तालियों की गड़गड़ाहट ने बता दिया कि झालू को असली मनोरंजन क्या होता है।

नगर अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने इस मौके पर नगरवासियों को होली की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि होली सिर्फ रंगों का नहीं बल्कि दिलों को जोड़ने का पर्व है। उन्होंने सभी से अपील की कि आपसी मतभेद और राग-द्वेष को भुलाकर सामाजिक सौहार्द बनाए रखें और मिलजुलकर इस पावन पर्व का आनंद उठाएं। जलपान और शीतल पेय की विशेष व्यवस्था ने मेहमानों का दिल जीत लिया। देर रात तक रंग, संगीत और उल्लास का दौर जारी रहा और झालू नगर होली के जश्न में डूबा रहा।

इस रंगारंग समारोह ने पूरे नगर में उत्सव का माहौल बना दिया और देर रात तक संगीत, नृत्य और उल्लास की लहरें उठती रहीं।कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक प्रमुख डॉ. धर्मवीर सिंह, सूरज दहिया, धर्मपुर प्रधान शोभित सिंह दहिया, मास्टर गिरिराज सिंह, प्रसून एडवोकेट, योगेश चौधरी, चंद्रपाल सैनी, जयपाल सिंह, धर्मपाल सिंह, गजेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, सुरेश शर्मा, संजय वर्मा, चौधरी प्रवीण सिंह, अनुराग जोशी, बिट्टू जोशी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पशु चोरों के हौसले बुलंद शोर मचाने पर की फायरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** क्षेत्र में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब वे हथियारों के बल पर पशु चोरी की घटनाओं को अंजाम देने से भी नहीं हिचकिचा रहे हैं। ताजा मामला कोतवाली नहटौर के ग्राम मिर्जापुर का है, जहां बीती रात अज्ञात चोरों ने एक किसान की तीन भैंसें चोरी करने का प्रयास किया और विरोध करने पर फायरिंग करते हुए फरार हो गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम मिर्जापुर निवासी सत्यवीर सिंह पुत्र पीतम सिंह की बीती रात करीब 12 बजे जब उनकी आंख खुली, तो उन्होंने देखा कि उनकी पशुशाला में बंधी तीन भैंसें गायब थीं। अनहोनी की आशंका में उन्होंने तुरंत उनकी तलाश शुरू की।

गांगन नहर के पास खोजबीन करते हुए जब पीड़ित गांगन नहर के पास पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि कुछ

## तीन भैंसें छोड़ कर भागे बदमाश

अज्ञात चोर उनकी भैंसों को एक डीसीएम गाड़ी में लादने की कोशिश कर रहे थे। सत्यवीर सिंह ने साहस दिखाते हुए तुरंत शोर मचाना शुरू कर दिया।

खुद को घिरता देख चोरों ने पीड़ित पर तमंचे से फायर झोंक दिया। फायरिंग के कारण इलाके में दहशत फैल गई। पकड़े जाने के डर से चोर अपनी डीसीएम गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गए। हालांकि शोर मचने के कारण वे तीनों भैंसों को मौके पर ही छोड़ने पर मजबूर हो गए। पीड़ित किसान ने कोतवाली नहटौर में पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# ग्रहण के कारण बदले मुहूर्त में हुआ होलिका दहन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** रंगों के पर्व होली की पूर्व संध्या पर नगर में होलिका दहन पारंपरिक आस्था और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस बार 3 मार्च को पड़ रहे ग्रहण को देखते हुए होलिका दहन के समय को लेकर दुविधा बनी रही, जिसके चलते अधिकांश स्थानों पर 2 मार्च की शाम 7 बजे के बाद शुभ मुहूर्त में दहन किया गया।

नगर के विभिन्न मोहल्लों, चौराहों और धार्मिक स्थलों पर महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्धि के लिए विधि-विधान से होलिका पूजन किया। पूजन के

## धामपुर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

पश्चात अग्नि प्रज्ज्वलित की गई और श्रद्धालुओं ने परिक्रमा कर नए अन्न की बालियां भूनकर प्रसाद ग्रहण किया। बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया।

धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए लोगों ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कई स्थानों पर भक्ति गीतों और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। पर्व के मद्देनजर प्रशासन भी सतर्क रहा। पुलिस बल ने संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बनाए रखी, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सका। होलिका दहन के साथ ही नगर में रंगोत्सव का आगाज हो गया है। आने वाले दिनों में विभिन्न स्थानों पर रंग, गुलाल और पारंपरिक आयोजनों के साथ होली का उल्लास चरम पर रहेगा। धामपुर में होली केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, जिसे हर वर्ष पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है।

# हल्दौर में रंग एकादशी महोत्सव की धूम

## राधा-कृष्ण की पुष्पों व गुलाल की होली रही आकर्षण का केंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर में श्री राधा कृष्णा सामाजिक विकास सोसाइटी के तत्वाधान चल रहे रंग एकादशी महोत्सव के तीसरे दिन रविवार को लाला जमुनादास की धर्मशाला पोखर बाजार में विशाल सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ किया गया। वैष्णवी कला मंच मुरादाबाद के संचालक राहुल द्वारा जो कि टीवी रियल्टी शो इंडिया के मस्त कलंदर और इंडियाज टेलेंट शो के विजेता रहे की टीम ने कार्यक्रम में सरस्वती वंदना, नौ देवी की दर्शन एवं राक्षस संहार, गोवर्धन महाराज की लीला की बहुत सुंदर झांकी दी, जिसमें भगवान ने इंद्रदेव के घमंड को चूर किया। शंकर पार्वती की कांवड़तियों पर कृपा की लघु नाटिका ने सभी का मन मोह लिया। महाकाल की आरती, सांभा की झांकी ने सभी झकझोर कर रख दिया। अंत में कलाकारों ने राधा कृष्ण का रूप रख कर पुष्पों एवं गुलाल की होली खिलाई, जिसमें राधा-कृष्ण चालीस फिट ऊंचाई पर झूले पर नृत्य कर पुष्पों की होली खेलते हुए मुख्य आकर्षण का केंद्र रही।

कार्यक्रम में आए मुख्यातिथि विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री जेलेश जी को कमेटी के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं





कमेटी के अध्यक्ष शगुन चौहान एवं के के चंद्रा सहित सभी सदस्यों ने वैष्णवी कला मंच के संचालक राहुल कुमार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष शगुन चौहान, निदेशक के.के. चंद्रा, पंकज चौहान, हरीश शर्मा, विभाग संयोजक बजरंगदल शिवम वर्मा, आकाश शर्मा, विजेंद्र सिंह तंवर, ललित चौहान, आशुतोष रस्तौगी, शशांक कौशिक, अनूप अग्रवाल, अशोक चौहान, भाजपा नेता शुभम रस्तौगी, डॉ. नवदीप दुबे, आकाश चंद्रा, अतुल अग्रवाल, विशाल चौहान, प्रवीण रस्तोगी, चंचल वशिष्ठ सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री कुलदीप सिंह पुत्र स्व. श्री बसन्ता सिंह मौहल्ला जाब्तागंज-2** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्रीमती विमला देवी पत्नी श्री भूप सिंह व श्री पवन कुमार डबरिया पुत्र श्री भूप सिंह** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अतः प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: **309/526/ डी जाब्तागंज-2** नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

## एक नजर

### चांदपुर मे होली की धूम



**चांदपुर।** नगर क्षेत्र में होली का पर्व अत्यंत उल्लास एवं शान्ति के साथ मनाया गया। सोमवार के दिन रंग भी खेला गया। बच्चों ने जमकर गुलाल अबीर व रंगों के साथ होली मनाई। हालांकि रंग का पर्व होली दहन के पश्चात आज मनाया जाएगा। नगर एवं क्षेत्रभर मे होली दहन की तैयारी भी देखने को मिली। देर रात्रि 8 बजे के करीब होली दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। होली कार्यक्रम नगर में अनेकों स्थानों पर पूरी श्रद्धा और शांति के साथ संपन्न हुआ। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे शहर क्षेत्र नगर गली मौहल्ले में पुलिस बल तैनात रह। स्वयं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार अपनी टीम के साथ गश्त पर रहे। उधर सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड चांदपुर स्थित गन्ना परिषद कार्यालय में होली पर्व मनाया गया। इस दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक वीएम पाठक द्वारा समस्त कर्मचारियों को होली की शुभकामनाएं दी एवं उन्हें उपहार भी दिए।

### पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



**बुढ़नपुर।** दुग्ध उत्पादन सहकारी समिति मुरादाबाद के उप सभापति कमल कुमार की बहन पंकज कुमारी का बीमारी के चलते 24 फरवरी को देहांत हो गया था। जिसमें आज कमल कुमार के आवास पर श्रद्धांजलि अर्पित का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें श्रद्धांजलि अर्पित करने आए धामपुर विधायक अशोक कुमार राणा, ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा, किसान नेता गजेंद्र सिंह टिकैत, सिंचाई विभाग के अध्यक्ष शूरवीर सिंह, योगेश कुमार, कृष्ण कुमार ढाका, भूपेंद्र सिंह आदि ने पहुंचकर चित्र पर पुष्प वर्षा का श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### दुनिया में अमनो अमान की दुआ



**धामपुर।** मुकद्दस रमजान माह मे तरावीह नमाज में कुराने करीम के तीस सिपारों को याद कर सुनाने और मुकम्मल होने का सिलसिला शुरु हो गया है। उलेमाओं ने मुसलमानों से रमजानुल मुबारक के महीने में अपने माल की सही सही जकात अदा कर अल्लाह और उनके नबी की सुन्नतों पर अमल कर जिंदगी गुजारने की ताकीद की। नगर के मौहल्ला कहारान मछली बाजार स्थित डा. आरिफ सैफी के आवास पर रविवार की देर रात 12 दीनी तरावीह मुकम्मल हुई, जिसमें मेहमाने खुसूसी मौलाना शफीक ने मुसलमानों को पाक महीने मे कुराने करीम को उतारने का अल्लाह का मकसद उसकी ज्यादा से ज्यादा इबादत कर पांच वक्त की नमाज के साथ तीस रोजों को भी रखने का हुकम बताया है। उन्होंने मुसलमानों से दीनी व दुनियावी तालीम को हासील किये जाने का आह्वान किया। साथ ही अपनी जिंदगी में पांच वक्त की नमाज पाबंदी के साथ अदा किए जाने पर जोर दिया। आखिर में दुनिया में अमनो अमान व देश की तरक्की के लिए अल्लाहताला की बारगाह में हाथ उठाकर दुआ मांगी। तरावीह नमाज में मौलाना अब्दुल रज्जाक ने कुराने करीम के तीस सिपारों को कंठस्थ याद कर 12 दिनों तक सुनाया। पीछे से मौलाना मौहम्मद आमिर ने गलतियों को दुरुस्त कराकर सही पढ़ने में मदद की। इस मौके पर शहर इमाम मुफ्ती मौहम्मद कमर कासमी, हाजी रफीक अहमद, हाजी शफीक अहमद, हाजी मौहम्मद जाहिद, बशर, सेफुल्ला, मौलाना इदरीस, डा. आरिफ सैफी, डा. कमाल अहमद, कारी राशीद हमीदी, मुफ्ती खालिद, मुफ्ती दानिश, मौलाना नईम, हाफिज नूर आलम, अब्दुल वासीद, फैजान अंसारी, गय्यूर अली खान, मौहम्मद जावेद, आफताब शेख, उस्मान, मौहम्मद शानू, उरूज, नौशाद, हाजी अनीसूर रहमान, हाजी जाहिद हुसैन, मुफ्ती मौहम्मद, हस्सान आदि शामिल रहे।

# बोरवेल में गिरी मादा गुलदार



**वन विभाग ने किया सफल रेस्क्यू**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में लगातार दिखाई दे रहे गुलदारों के कारण ग्रामीणों में भय का माहौल है। वहीं आये दिन गुलदारों के जंगलों में ट्यूबवेलो के झेरो में गिरने एवं दिखाई देने का क्रम जारी है।

ग्राम ककराला में एक खुले बोरवेल कुएं में लगभग 5 वर्ष आयु की एक मादा गुलदार के गिर जाने की सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर त्वरित रेस्क्यू अभियान शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद गुलदार को बोरवेल से सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस बारे मे बताया कि गांव के तेजपाल सिंह पुत्र अमरी सिंह के खुले बोरवेल में एक मादा गुलदार के गिर जाने की सूचना पर गांव भर में हड़कंप मच गया। भय के कारण ग्रामीण उस ओर जाते हुए घबराए देखे गए। ग्रामीणों द्वारा सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए सावधानीपूर्वक अपना कार्य प्रारम्भ किया। कड़ी मशक्कत के बाद वन्यजीव और रेस्क्यू दल के सदस्यों को सफलता भी मिली। वन विभाग द्वारा रेस्क्यू अभियान का नेतृत्व वन क्षेत्राधिकारी दुष्यंत सिंह ने किया, जबकि सौरभ कुमार (वन दरोगा), गौरव कुमार (वन रक्षक), अनीस (वन कर्मी) और मौहम्मद अफजल सहित अन्य वनकर्मियों ने अपनी पूरी जिम्मेदारी के साथ इस कार्य में सहयोग किया और सफलता प्राप्त की।

गौरतलब है कि इस रेस्क्यू अभियान के दौरान नेशनल टाइगर कंसर्वेशन अथॉरिटी तथा नेशनल जू अथॉरिटी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन किया गया। उधर वन क्षेत्रधिकारी दुष्यंत सिंह ने समस्त आमजन से अपील करते हुए कहा कि वन्यजीव हमारी अमूल्य प्राकृतिक धरोहर हैं। उन्होंने खुले बोरवेल वन्यजीवों, पालतू पशुओं और लोगों के लिए खतरनाक बताया तथा ग्रामीणों, किसानों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने बोरवेल खुले न छोड़ें और उन्हें सुरक्षित रूप से ढककर रखें। चांदपुर के ग्रामीण इलाकों मे गुलदारों के ग्रामीणों पर हमले और भय का माहौल एक बार पुनः बढ़ गया है। इससे पहले ब्लॉक के गांव शाहपुर भसौड़ी में भी गुलदार द्वारा एक ग्रामीण पर हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया था।

## हादसे में घायल बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** क्षेत्र के बालापुर-नन्हेड़ा मार्ग पर रविवार रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने रविवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। एक अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए बाइक सवार युवक ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार रविवार रात करीब 9:00 बजे ग्राम अखेड़ा निवासी जितेन्द्र पुत्र धन सिंह बाइक पर सवार होकर नन्हेड़ा से अपने गांव वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बालापुर-नन्हेड़ा मार्ग पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि जितेन्द्र सड़क पर गिरकर अचेत हो गए और उन्हें गंभीर चोटें आईं। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायल जितेन्द्र को तत्काल नहटौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद, उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रैफर कर दिया। हालांकि, तमाम कोशिशों के बावजूद जितेन्द्र की जान नहीं बचाई जा सकी और उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे की जानक. ारी मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बाग में पेड़ से लटका मिला युवक का शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मौहल्ला जोशियान निवासी एक युवक का शव सोमवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में आम के बाग में पेड़ से लटका मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मौहल्ला जोशियान निवासी आकाश (25 वर्ष) पुत्र कोमल सोमवार की सुबह ग्राम सादिकाबाद स्थित एक आम के बाग में फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया गया। सुबह जब राहगीरों ने शव को देखा, तो तुरंत स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारकर पंचनामा भरा और उसे सील कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेज दिया है।

अपराध निरीक्षक विपिन कुमार ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मामले में पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो पाएगी। फिलहाल, पुलिस ने अग्रिम विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

# ईरान हमले के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**अमेरिका-इजरायल की निंदा की**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और उनके परिवार के कुछ सदस्यों और नागरिकों के निधन तथा अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों में हुई मौतों को लेकर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के कार्यकर्ताओं ने देश के महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

कामरेड इसरार अहमद के नेतृत्व में पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने थाना परिसर पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन थाना प्रभारी को सौंपा, जिसे उपनिरीक्षक सुरजीत सिंह ने प्राप्त किया। ज्ञापन में अमेरिका और इजरायल की कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय कानूनों और संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांतों के खिलाफ बताया गया। कामरेड इसरार अहमद ने कहा कि ईरान भारत का बहुत पुराना मित्र देश रहा है, जिसने हर कठिन समय में भारत का साथ दिया है। उन्होंने कहा कि ईरान ने भारत को कई अवसरों पर रियायती दरों पर तेल उपलब्ध कराया, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली ऐसे मित्र राष्ट्र पर हमला निंदनीय है और इससे विश्व शांति को खतरा उत्पन्न हो सकता है। ज्ञापन में मांग की गई कि भारत सरकार अमेरिका और इजरायल की कार्रवाई की स्पष्ट शब्दों में निंदा करे। इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मजबूती से उठाए तथा मध्य-पूर्व में शांति बहाली के लिए पहल करे।

इस अवसर पर शमीम अहमद, कन्हैया सिंह, इंदर कुमार, डॉ. ए.एच. कादरी, आसिफ अहमद, खलीक अहमद, कामरेड इमरान अली सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पार्टी नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय शांति न्याय और संप्रभु देशों की गरिमा के सम्मान की अपील की।

## एक नजर

### रोटरी क्लब का होली मिलन समारोह



**स्योहारा।** स्थानीय इकाई रोटरी क्लब स्योहारा संपूर्ण के तत्वावधान में पुरैनी स्थित आरना रेस्टोरेंट में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब से जुड़े सभी रोटेरियन एवं एनीज का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गई तथा होली की टोपी और उपहार भेंट किए गए। समारोह के दौरान हाउजी गेम और विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिनमें उपस्थित सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। क्लब के अध्यक्ष शोभित जैन एवं सचिव समीर रस्तोगी ने संयुक्त रूप से बताया कि रोटरी क्लब द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन पिछले कई वर्षों से निरंतर किया जा रहा है जिसका उद्देश्य सामाजिक समरसता और आपसी सौहार्द को मजबूत करना है। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. मनोज कुमार वर्मा की विशेष उपस्थिति रही। क्लब के सचिव समीर रस्तोगी संगठन को सशक्त और सक्रिय बनाए रखने में निरंतर प्रयासरत हैं। उनके नेतृत्व में क्लब सामाजिक सांस्कृतिक और सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग ले रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. मनोज कुमार वर्मा, शाश्वत वर्मा, कांता प्रसाद पुष्पक, डॉ. लिपि सेन वर्मा, शगुन दुआ, सोनी वर्मा, सुरेंद्र अरोरा, लव रस्तोगी, भूपेंद्र मिगलानी, संजीव अरोरा, आलोक अग्रवाल, पर्ल रस्तोगी, सुरभि जैन, अमन पुष्पक, डॉ. स्नेहा, सृष्टि पुष्पक आदि का विशेष सहयोग रहा।

### रमजान राशन किट वितरित



**स्योहारा।** मरकज तंजीम दावतुस्सिदक और पयाम ए इंसानियत संस्थाओं ने रमजान के दौरान जरूरतमंद परिवारों को राशन किट वितरित कीं। यह कार्यक्रम सेक्टर रोड स्थित मक्का मस्जिद में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रसिद्ध चिकित्सक और वरिष्ठ समाजसेवी मनोज कुमार वर्मा ने दोनों संस्थाओं के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि रमजान के पवित्र महीने में जरूरतमंदों की सहायता करना एक प्रशंसनीय कार्य है। वर्मा ने आगे कहा कि गरीबों की मदद करना सबसे बड़ा सवाब है और वह ऐसे कार्यों में हमेशा सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। आयोजक मौलाना अरशद हक्की ने बताया कि वितरित की गई राशन किट में दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री शामिल थी। इसका उद्देश्य रमजान के दौरान जरूरतमंद परिवारों को राहत प्रदान करना था। इस अवसर पर कारी रिजवान, दानिश वारसी, हाफिज नफीस और मौलाना रिजवान सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

### स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया



**बिजनौर।** केंद्रीय भण्डार निगम के स्थापना दिवस की 70 वीं वर्षगाँठ को केन्द्रीय भण्डार गृह बिजनौर में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तकनीकी सहायक श्याम गुप्ता द्वारा सभी आए हुए अतिथियों का स्वागत करके हुआ। उन्होंने केंदीय भण्डार निगम की स्थापना, कार्यप्रणाली व लक्ष्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भण्डार गृह प्रबंधक गौरव कुमार द्वारा निगम के इस वित्तीय वर्ष में प्राप्त लक्ष्यों, टर्न ओवर व वित्तीय लाभ की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विमल चौहान, प्रबंधक प्रवेश करदम, अमित कंचन, विनय काकरान, श्रीमती ज्योती रानी, सुमित, अपूर्व विनित, अंकुश, मुकुल आदि मौजूद रहे।

### बजरंगबली बाबा का गुणगान



**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। होली को देखते हुए बाबा के दरबार में फूलों की पंखुड़ियां से होली खेली गई और सभी पर फूलों की वर्षा की गई। मौहल्ला गुजरातियान स्थित लोहियान धर्मशाला में लक्ष्मीकांत अग्रवाल के परिवार की ओर से हनुमान चालीसा का पाठ आयोजन किया गया। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन धर्म के प्रकाश को पापियों के नाश को श्री राम की सेना चली, यह भजन सबको खूब पसंद आया। सबने तालियां बजाकर सबका उत्साह वर्धन किया। अंत में फूलों की पंखुड़ियां से सबने जमकर होली खेली और सबने एक दूसरे के ऊपर फूलों की पंखुड़ियों की वर्षा की गई। अंत में श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा आयोजक परिवार को श्री राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में लक्ष्मीकांत अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, शैल अग्रवाल, संजय अग्रवाल, रितु अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, रिचा अग्रवाल, प्रशांत कुमार त्यागी, अपूर्णा, वर्णित, सामर्थ, सक्षम आदि शामिल रहे। श्रीमान हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, महंत राहुल अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, प्रीतम सैनी, राम प्रकाश वर्मा, मास्टर सुनील सिंह, संदीप भारद्वाज, हरीश सैनी, कारीगर नंदकिशोर रस्तोगी आदि शामिल रहे। अंत में आरती कर भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा में 16 विद्यार्थी चयनित

## हर माह एक हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 16 छात्र/छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल स्टाफ ने बच्चों को फूलमालाओं सहित पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन द्वारा रविवार को राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना का परीक्षा फल घोषित किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन ने बताया कि गत 5 नवंबर 2026 को आयोजित उक्त परीक्षा में उनके विद्यालय के 38 छात्र/छात्राएं शामिल हुए थे। जिसमें समरीन परवीन, अबीरा परवीन, अदीबा परवीन, आफिया परवीन, भूमिका रानी, जकिया परवीन, सादिका परवीन, जहरा परवीन, अंजुम परवीन, मरयम परवीन, कहकशा परवीन, शिफा परवीन, मौ. अबुल हसन, शुभहान अहमद, मौहम्मद अम्मार आदि ने सफलता प्राप्त की है। इस बात का पता चलते ही स्कूल स्टाफ सहित छात्र/छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गयी। परीक्षा में सफल हुए बच्चों को शिक्षकों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन ने सफल छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए इसका श्रेय उनके अभिभावकों सहित शिक्षकों को दिया। उन्होंने बताया कि सफल सभी विद्यार्थियों को शासन द्वारा 4 वर्ष तक 1000 रुपये प्रतिमाह की छात्रवृत्ति दी जाएगी। विद्यालय के प्रबंधक फुरकान महमूद अंसारी ने छात्र/छात्राओं की सरहाना करते हुए कहा कि हमारे विद्यालय का स्टाफ बच्चों पर लगातार मेहनत करता है, जो सरहानीय है। उन्होंने स्टाफ से आगे भी से ही बच्चों के लिए मेहनत करने की बात कही है। उधर उक्त परीक्षा मे शामिल छात्र/छात्राओं को दिन रात मेहनत कराने वाले शिक्षक मौहम्मद रिजवान का भी शिक्षकों एवं बच्चों ने आभार व्यक्त करने के साथ-साथ फूलमालाओं से स्वागत किया गया।

इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक फुरकान महमूद अंसारी, प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन, अरशद हुसैन, मौहम्मद रिजवान, मौहम्मद आलम अंसारी, मौहम्मद शहजाद, शकील अहमद, रईस अहमद, रिहान अहमद, मौहम्मद इकबाल, उस्मान अहमद, लिपिक अबरार अहमद सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

### आर.यू.एम. विद्यालय की बड़ी कामयाबी

**शेरकोट।** शासन स्तर पर छात्र/छात्राओं की शिक्षा हेतु बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना मे आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 16 बच्चों का उत्तीर्ण होना बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। उत्तीर्ण होने की खबर मिलते ही जिले भर के स्कूल से प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन सहित स्टाफ को मुबारकबाद देने का सिलसिला जारी है।

## ओवरलोडिंग वाहनों पर सख्ती

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जिले में ओवरलोडिंग वाहनों पर नियंत्रण के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने उप संभागीय परिवहन विभाग (एआरटीओ) के अधिकारियों को दिन और रात दोनों समय औचक निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग और अन्य सड़क से संबंधित अधिकारियों को दुर्घटना संभावित क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। इसमें मुख्य मार्ग से जोड़ने वाले टी-प्वाइंट्स और ब्लाइंड मोड़ों पर कम से कम एक किलोमीटर पहले साइनेज, रिफ्लेक्टर और स्पीड ब्रेकर लगाने की समुचित व्यवस्था करने को कहा गया, ताकि वाहन चालक सचेत रहें और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सड़क पर कोई भी अनफिट वाहन संचालित होता हुआ नजर नहीं आना चाहिए।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई
मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मकसूद अहमद अंसारी
( ठेकेदार )
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर



# पन्नी और तिरपालों से ढांकी गई मस्जिदें

○ पूर्व में रंग डालने पर हुए मामूली विवादों के मद्देनजर बरती जा रही सतर्कता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** धर्म स्थलों पर रंग डालने को लेकर पूर्व में हुए विवादों के मददेनजर इस बार भी पुलिस प्रशासन पूरी तरह सर्तकता बरत रहा है। संवेदनशील स्थानों पर जहां पुलिस चौकसी बढ़ा दी गई है वहीं होली के जुलूस के रास्तों पर पड़ने वाले धर्म स्थलों को पन्नी व तिरपाल आदि से ढांक दिया गया है।

होली पर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अर्लट है। भाईचारा और सदभाव के साथ होली व जुमा की नमाज शांति पूर्वक अदा कराने को लेकर अमन कमेटियों की बैठकों में दोनो ही सम्प्रदायों के लोगों ने भाईचारा कायम रहने की अपील की है, जबकि पुलिस व प्रशासन की ओर से सद्‌भावना की डोर को और भी मजबूत बनाने के लिए हर प्रयास करने में जुटा हुआ है। होली के जुलूस के रास्तों में पड़ने वाले धर्म स्थलों पर रंग डालने पर कुछ विवाद की स्थिति बन चुकी है। पूर्व में हुए मामूली विवादों के चलते पुलिस-प्रशासन की ओर से पूरी सर्तकता बरती जा रही है। पुलिस ने होली के जुलूसों के रास्तों में पड़ने वाले दूसरे समुदाय के धर्म स्थलों को पन्नी व तिरपाल आदि से ढांक दिया है। वैसे तो जुलूस के दौरान कोई आसामाजिक तत्व माहौल को खराब करने का प्रयास न करे इसके लिए पुलिस-प्रशासन की ओर से हर अहतियाती कदम उठाए गए है। सुरक्षा चाक चौबंद रखने के साथ संवेदनशील स्थानो पर भी चौकसी को और बढ़ा दिया गया है जबकि धर्म स्थलों को तिरपाल व पन्नी आदि से ढांकने के बाद भी कोई शरारती तत्व रंग आदि न फेंक सके इसे रोकने के भी पुलिस की और से पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। इसके अलावा शहर में सर्तकता को बढ़ा दिया गया है। पुलिस अधिकारियों के साथ थाना पुलिस भी जगह जगह तैनात किए गए हैं जबकि एएसपी कुलदीप सिंह और सी ओ तथा अन्य अधिकारी घूम घूमकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं।



सम्भल। होली के जुलूस वाले रास्ते पर स्थित तिरपाल से ढांका गया मस्जिद का पिछली नीचे की दीवार।

# होली पर्व पर पहले जैसा उल्लास नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अब होली पर्व पर पहले जैसा उल्लास नहीं है। एक समय था जब होली पर्व को लेकर लोगों में काफी उल्लास रहता था। होली के हुड़दंग के लिए बच्चे व् नौजवानों में भी दिलचस्पी नहीं दिख रही है। आधुनिकता का दौर या रंजिश से होने वाले लड़ाई झगड़ों से बचने के लिए त्यौहार का उत्साह ही खत्म कर दिया है। अब ढोल-नगाड़े और चौपाइयों के बीच लोग होली गीत गाने से भी कतराते देखे जा सकते हैं।आज के दौर में यह पर्व महज औपचारिकता ही दिखाई दे रहा है। रंगों से सराबोर होली के इस त्योहार पर लोगों में अपनी पुरानी यादों जैसी कोई बात दिखाई नहीं देती ।पहले हंसी-ठिठोली हुआ करती थी लेकिन अब ऐसा नहीं है ।गुलाल लगाकर पहले एक दूसरे से मिला जाता था। लेकिन अब होली पर ऐसा कम ही दिखाई देता है।होली पर्व पर सभी लोग आपसी भेदभाव भुलाकर गले लग जाते थे। लेकिन अब ऐसा देखने को नजर नहीं आ रहा है। होली पर्व धीरे-धीरे औपचारिकता बनता जा रहा है ।इसका कारण महंगाई भी है।गरीब व मध्यम वर्ग के लोग इसके चलते भी जैसे तैसे रवाना करते हैं। राजा गुप्ता ने कहा कि होली मनाने का तरीका ही बदल गया है ।बचपन में होली में जो हंसी ठिठोली के दिन थे वह अब लद गए हैं ।आज कई लोग रंग लगाने से भी कतराते हैं। जबकि पहले ऐसा नहीं था। दोस्तों की मंडली गोव व् कीचड़ से पौत देती फिर भी लोग रंज नहीं किया करते थे। प्रशान्त वार्ष्णेय ने कहा कि पहले होली को लेकर उत्साह का ऐसा वातावरण बन जाता था कि बस उसी के नाम सोते जागते थे। होलिका दहन के बाद दोस्तों के साथ प्राकृतिक रंग से होली खेलते और नाचते गाते थे। उड़ान ग्रुप संचालिका ममता राजपूत ने कहा कि ने कहा कि होली पर आपसी भाईचारे के साथ एक दूसरे को रंग लगाया जाये।होली में कोई हुड़दंग नहीं किया जाये।जिससे कोई शांति व्यवस्था पर आंच आये।

# फ्लैग मार्च कर दिया पर्व भाईचारे के साथ मनाने का संदेश

○होली पर्व पर सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था

○आसामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटने की चेतावनी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** होली और ईदुल फितर के त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को जिले भर में सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गयी है। होली और ईद का पर्व शाति पूर्वक व सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। जबकि सुरक्षा के इंतेजाम व्यापक सतर पर किये गए है। इसी को लेकर डीएम और एसपी ने भी फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने का संदेश दिया।

रंगो की अनेकता में एकता का पर्व होली 4 मार्च को मनाया जाना है। जिले भर में 1215 स्थानों पर होलिका दहन किया जाना है जबकि 64 होली जुलूस निकाले जाने हैं। त्यौहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिले में सुरक्षा व्यवस्था सख्त की गई है। जबकि पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोहोलिका दहन और 64 होली जुलूस निकाले जाने हैं। मोड पर है। जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पेंसिया और पुलिस अधीक्षक के के विश्नोई ने भारी पुलिस बल, पी ए सी और त्वरित कार्रवाई बल आरएएफ के साथ फ्लैगमार्च निकाला। फ्लैगमार्च निकालकर असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटने और लोगों में सुरक्षा की भावना जागृत करने के साथ त्यौहार को साम्प्रदायिक सौहार्द के वातावरण में ही मनाने का संदेश दिया। इसके अलावा किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाने का भी संदेश दिया गया। जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पेंसिया ने बताया कि एक होलिका दहन निर्धारित समय पर होगा, उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए 27 क्विक रिस्पांस टीम क्यूआरटी का गठन किया गया है, जो किसी भी सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचेगी। होली को लेकर एहतियातन कार्रवाई करते हुए अब तक एक हजार से अधिक लोगों को पाबंद किया जा चुका है। डीएम ने बताया कि पहले 650 लोगों को पाबंद किया गया था, लेकिन आवश्यकता के अनुसार पुराने रिकार्ड का सत्यापन कर और लोगों को भी एहतियातन पाबंद किया गया है। इस दौरान रंग खरीद रहे बच्चों से जिलाधिकारी ने बात की। जबकि रंगों और पिचाकरयों की बिक्री भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्व को लेकर लोगो में उत्साह है। उन्होने जन समुदाय से आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का आहहवान किया।



सम्भल। हयात नगर थाने का भ्रमण के दौरान छात्राओं को जानकारी देते।

# पेंशन की रकम से नाराज छोटे भाई ने बड़े की ली जान

○पिता की पेंशन ले रही मां दो बेटों के पास रहती थी, छोटा बेटा पेंशन की रकम न मिलने पर रहता था क्षुब्ध, गोली मारकर हत्यारा भाई फरार, पुलिस ने लाश पीएम को भेजी

शाह टाइम्स,संवाददाता

**असमोली।** मां को मिल रही पिता की पेशन की रकम को लेकर बढ़ी भाईयों के बीच नाराजगी खूनी हो गयी। छोटे भाई ने बड़े भाई को गोली मारकर मौत की नींद सुला दिया। दिन दहाड़े हत्या से गांव में सनसनी फैल गयी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया।

थाना एचौड़ा कंबोह के ग्राम राजीखेड़ा में मास्टर वेद प्रकाश त्यागी का परिवार रहता है। वेद प्रकाश त्यागी सरकारी स्कूल में अध्यापक थे। कई वर्ष पूर्व उनकी मृत्यु हो गई। उनकी पेंशन उनकी पत्नी ओमवती को आती है। पति वेद प्रकाश त्यागी की मौत के बाद से पत्नी ओमवती अपने दोनों बड़े बेटे संजीव त्यागी और नवीन त्यागी के साथ हसनपुर और गांव राजीखेड़ा में ही रहती हैं। उनकी सेवा, देख भाल संजीव त्यागी, नवीन त्यागी ही करते है। माता ओमवती को मिलने वाली पेंशन की रकम को भी दोनों भाई खर्च कर लेते थे। छोटे भाई बृजकिशोर त्यागी को पेंशन की रकम में से कुछ नहीं मिलता। जिससे ब्रजकिशोर त्यागी नाराज रहता था। पेंशन की रकम को लेकर कई बार तीनों भाइयों में मन मुटाव भी हुए। इस बात से क्षुब्ध होकर सोमवार की दोपहर बृज किशोर त्यागी ने अपने बड़े भाई संजीव त्यागी को गोली मार दी। जिसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हत्यारोपी घटना स्थल से फरार है। मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।



असमोली। भाई की गोली से मौत की नींद सोए युवक का शव सील करती पुलिस।

# नाजिर खान के आवास पर मुकम्मल हुई मुकददस किताब

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** रमज़ान के पवित्र माह में समाज सेवी के निवास पर मुकददस किताब मुकम्मल होने पर आपसी भाईचारा कायम रहने की दुआ करायी गयी।

हयात नगर में नाजिर खान के निवास पर चल रही तारावीह की नमाज हाफिज नदीम मंसूरी ने मुकददस किताब को मुकम्मल किया। रमजान का महीने बहुत बरकतों, रहमतों, फजीलतो का महीना है। इस महीने में अल्लाह की रजा के लिए जितनी भी इबादत की जाय वो कम ही है। अल्लाह की रजा हासिल करने के लिए हमें अल्लाह अल्लाह कि तस्बीह पढ़नी चाहिए। अल्लाह के हुक्म पर अमल करना चाहिए अल्लाह कि बंदिगी करनी चाहिए। अल्लाह के रसूल मुहम्मद साहब कि सुन्नतों पर अमल करना चाहिए। रमजान के महीने में रोजे रख कर अल्लाह कि रजा हासिल की जाती है। नमाजे तरावीह अदा करनी चाहिए। यह मुहम्मद साहब कि सुन्नत है। हमे अल्लाह के रसूल की एक एक सुन्नत को अपनाना चाहिए। हाफिज नदीम ने माहे रमजान के नमाजे तरावीह अदा कराई और मुकददस किताब मुकम्मल किया।

# समाजसेवी बने महामूर्ख

## सम्मेलन में सभी को दी गई दिलचस्प उपाधियॉ

## राजेश गुप्ता बने मूर्ख सम्राट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** हिंदू जागृति मंच ने समाजसेवियों को महा मूर्ख बनाकर, गुलाल उड़ाकर, फूल बरसा कर तथा सभी महामूर्खों को उनके नाम, का, प्रसिद्वि अनुरूप उपाधियां देकर सम्मानित किया।

दुर्गा कॉलोनी में स्थित अमृत कूप मंदिर पर हिंदू जागृति मंच ने परंपरा अनुरूप महा मूर्ख सम्मेलन आयोजित किया। जिसमें अनेक समाजसेवियों को महामूर्ख बनाकर मंच पर स्थान दिया। हिंदू जागृति महिला मंच से सुनीता यादव, केमिस्ट एसोसिएशन से श्यामशरण शर्मा, व्यापार मंडल से अमित गुप्ता शालू, हिंदू जागृति मंच से से विनोद कुमार अग्रवाल, अमृत कूप मंदिर के पुजारी यज्ञ दत्त शर्मा, विश्व हिंदू परिषद के राजेश कुमार गुप्ता को उनकी समाज सेवा के दृष्टिगत सर्वसम्मति से महामूर्ख चुना गया। सभी महामूर्खों को मंच पर सम्मान पूर्वक स्थापित किया गया। विकास कुमार वर्मा, सुबोधकुमार गुप्ता, अनंत कुमार अग्रवाल, सुमन कुमार वर्मा, अनिल रस्तोगी सर्राफ, भारत मिश्रा, अमित शुक्ला, आदि ने सभी महामूर्खों को माल्यार्पण किया। महामूर्ख कैप धारण कराई। गुलाल से होली खेलकर जमकर पुष्प वर्षा की। इस अवसर पर सभी महामूर्खों ने आपस में मंत्रणा करके नरौली से आए विश्व हिंदू परिषद के जिला सेवा प्रमुख राजेश कुमार गुप्ता को मूर्ख सम्राट चुनकर उनके सम्मान में जय जयकार की। मूर्ख सम्राट के सम्मान में सभी ने चुटकुले, कविता, गीत, होली गीत सुनाकर मनोरंजन किया। इस अवसर पर हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि होली महत्वपूर्ण त्यौहार है। आपस में वैरभाव भूलने वाला त्योहार होली पर्व पर हम सबको प्रतिज्ञा करनी चाहिए कि आपस में मिलजुल कर देश समाज और धर्म के लिए एक जुट होकर अच्छे-अच्छे कार्य करेंगे। राजेंद्र सिंह गुर्जर, उमेश श्रीमाली, ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का संचालन किया।

## एक नज़र इधर भी

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** आगरा मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित हनुमान मंदिर मोड पर बाइक सावर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया। जहाँ डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाइक सवार जनपद अलीगढ़ के थाना जीरोली के गांव नौगढ़ निवासी जीतू 34 वर्ष पुत्र ओमप्रकाश गुन्नौर के निकट आगरा-मुरादाबाद राजमार्ग हनुमान मंदिर मोड पर अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष गुन्नौर राजीव मलिक सरकारी गाड़ी से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लेकर पहुचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।



बबराला- रोटरी क्लब के फूलों की होली कार्यक्रम में पुरसकार देते अध्यक्ष।

### रोटरी क्लब के सदस्यों ने खेली फूलों की होली

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** रोटरी क्लब सम्भल मिडटाउन के तत्वाधान में स्थानीय डायमंड होटल में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। हरित फूल और गुलाल वाली होली की थीम पर आधारित कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों ने रसायनों को त्यागकर प्राकृतिक रंगों के साथ सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब अध्यक्ष डा. प्रशांत वार्ष्णेय द्वारा दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना के साथ किया। उत्सव में बाहर से आए कलाकारों ने होली के पारंपरिक गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। विशेष आकर्षण राधा-कृष्ण की मनभावन जोड़ी रही, जिन्होंने फूलों और गुलाल के साथ होली खेलकर पूरे वातावरण को भक्ति और उल्लास से सराबोर कर दिया।

### ट्रक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** थाना रायसत्ती क्षेत्रान्तर्गत बाइक से सामान लेने जा रहे मजदूर को अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। नखासा थाना क्षेत्र के ग्राम ठिलूपुरा निवासी अन्नू (17) पुत्र रघुराज सिंह आलू के खेत पर मजदूरी करने के लिए अपने गांव से लेवर लेकर ग्राम पंचायत पल्था गया था। दोपहर को लगभग दो बजे बाइक लेकर किसी काम से आ रहा था जैसे। ही वह थाना रायसत्ती क्षेत्र के ग्राम नाठेर पहुंचा इसी बीच अज्ञात ट्रैक्टर चालक में बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गया और सड़क पर गिर गया। घायल की सूचना पाकर उसका साथी बंटी मौके पर पहुंचा और तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस घटना स्तल पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर घयल के परिजन भी अस्पताल आ गए।

### प्रेम पूर्वक रंग खेलकर मनाएं होली का पर्व

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता।** होली का पर्व आपसी भाईचारे का पर्व है। इस पर सभी शांतिपूर्ण ढंग से मिलकर होली मनाए। केमिकल युक्त रंगों का प्रयोग न करें। इससे आंख व त्वचा पर प्रभाव पड़ सकता है। नगर के नेत्र चिकित्सक राहुल यादव ने कहा कि होली पर गहरे केमिकल युक्त रंगों का इस्तेमाल न करें। खासकर हरे रंग का। गुलाल से ही होली खेले। चेहरा व त्वचा का बचाव करें। व्यवसायी चंद्रशेखर गुप्ता ने कहा कि होली पर्व पर गलत व अधिाक शराब का सेवन न करें। इससे रंग में भंग पड़ सकता है। होली आपसी सौहार्द से मनाने का पर्व है। होली पर रेडीमेड पकवान के सेवन से भी बचाव करें। घर बने पकवानों का भी खानपान कम ही करें। इससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। व्यवसायी दिनेश कौशल ने कहा कि होली पर सभी आपसी विवाद भूल कर मनाये। सभी के साथ प्रेम से खेलें। तभी होली सार्थक होगी। गुन्नौर चेयरमैन प्रतिनिधि धर्मेन्द्र प्रजापति ने कहा कि पुलिस विभाग शांतिपूर्ण होली होने के लिए अराजक तत्वों पर नजर रखें ताकि कोई अनहोनी न हो सके। इस समय छात्रों के पेपर चल रहे हैं। कोई हुड़दंग वाला कार्य न करें। मन में कटुता रखने वाले वालों से दूर ही रहे।

### भारत की वेस्टंडीज पर जीत, हर्ष

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता।** नगर गुन्नौर के मोहल्ला सराय में क्रिकेट प्रेमियों ने टी20 विश्व कप में भारतीय क्रिकेट टीम द्वारा वेस्टइंडीज पर पांच विकेट की जीत पर हर्ष व्यक्त किया। सभी ने टीम के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यह जीत पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है। भारत सेमीफाइनल में पहुँच गया। संजू सेम्पसंग ने बेहतरीन पारी खेली। विश्व कप में टीम आगे भी ऐसा प्रदर्शन जारी रखे। इस दौरान ईशु वार्ष्णेय, हर्षित वार्ष्णेय, रविराज वार्ष्णेय, बंटी, नन्हे, सुनील कुमार, संजीव कुमार आदि रहे।

# विद्याकुंज स्कूल में बड़े ही धूमधाम से मनाया होली उत्सव

शाह टाइम्स संवाददाजा

**बबराला।** रंगों, उल्लास और सांस्कृतिक मूल्यों के संग विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल परिसर में होली का उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल व रोटरी क्लब बबराला गंगा के तत्वावधान में नन्हे बच्चों ने अपने सहपाठियों और शिक्षकों के साथ सुरक्षित एवं प्राकृतिक रंगों से होली खेली। पूरा परिसर हंसी, रंग और खुशियों से सराबोर हो उठा, जहां बच्चों की खिलखिलाहट ने त्योहार की असली भावना को जीवंत कर दिया। इस अवसर पर स्कूल प्रबन्धक अतुल गोयल व प्रधानाचार्य सुशील शर्मा ने विद्यार्थियों को होली के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व से अवगत कराया। बच्चों को बताया कि फसल पकने के समय हम सबसे पहले अन्न को भगवान को अर्पित करते हैं, क्योंकि वही ऊर्जा और जीवन के परम स्रोत हैं। अन्न समस्त मानव और जीव जगत के लिए ऊर्जा का आधार है, इसलिए हमें उसका सम्मान करना चाहिए और उसे व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए। इस संदेश के माध्यम से विद्यार्थियों में कृतज्ञता, प्रकृति के प्रति सम्मान और भारतीय परंपराओं के प्रति जागरूकता का भाव विकसित किया गया। पूजा गोयल व गार्गी गोयल ने विद्यार्थियों को होली से जुड़े ऐतिहासिक प्रसंग, पर्यावरण अनुकूल होली मनाने के तरीके तथा आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश विस्तार से समझाया। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण उत्सव मनाने की प्रेरणा दी।इस दौरान कार्तिक गोयल, उमेश चन्द्र, डा. राहुल यादव, डा. कैलाश वार्ष्णेय, विवेक आदि मौजूद रहे।

# आबादी में मांस दुकानों से कुत्ते हो रहे खूंखुंवार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** घनी आबादी और मौहल्लों के बीचो-बीच खुलवा दी गई मांस की दुकानों से आवारा कुत्ते खूंखुंवार हो गए है। कुत्तों के झुड हर समय चिड़चिड़े रह रहे आवारा कुत्ते मासूमों पर हमलावर होने से मौहल्ले के बच्चों के लिए बड़ा खतरा बन गए है।

पूर्व में मांस की दुकाने मौहल्लों से अलग दूर होती थी,लेंकिन जब से खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से लाइसेंस जारी करने के बनए गए नियमों से मांस की दुकानें गली और मौहल्लों में खोल ली गई है। शहर का एक समुदाय का कोई मौहल्ला ऐंसा हो गया है जहॉ मांस की दुकान नहीं खोली गयी है। जबकि मांस की दुकानें घनी आबादी मौहल्लों में खोल दिये जाने से वहां आवारा कुत्तों के झुंड हर समय पड़े रहते है। दुकान खुलने के समय आवारा कुत्ते मांस के वेस्टेज से अपना पेट भर लेते हैं।

# सम्भल की आयुषी ने फिर किया मंडल को गौरवान्वित

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता त्यागी स्पोर्टस स्कूल एवं माता राजकली देवी आर्य कन्या कुरूकुलम कल्याणपुर की पहलवान ने विजयी पताका फहरायी। 15 वर्षीय कुश्ती प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त कर दूसरा स्थान पाकर शहर और अपने गांव को गौरवान्वित किया।

15 वर्षीय राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 26 फरवरी से 1 मार्च तक जोगिंदर स्पोर्ट्स एकैडमी सलेम तमिलनाडु प्रदेश में किया गया था। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की टीम ने प्रतिभाग किया। पूरे उत्तर प्रदेश की चयनित टीम में सम्भल जिले के त्यागी स्पोर्ट्स स्कूल एवं माता राजकली देवी आर्ष कन्या गुरुकुलम् कल्याणपुर की पहलवान आयुषी सागर पुत्री राजेंद्र सिंह ने उत्तर प्रदेश की तरफ से 66 किलो भार वर्ग में खेलते हुए राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने गांव, जिला, मंडल, तथा प्रदेश का नाम रोशन किया। आयुषी सागर 2025 व 2026 में स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया में खेलते हुए राष्ट्रीय कुराश प्रतियोगिताओं मैं लगातार दो गोल्ड मेडल जीते है। इस उपलब्धि पर 2025 में मुख्यमंत्री सम्मान से 1 लाख 5 हजार नगद धनराशि देकर सम्मानित किया गया था। आयुषी सागर की लगातार सफलता से गांव, जिला, क्षेत्र एवं प्रदेश को गर्व है। आयुषी सागर बसंती देवी इंटर कालेज रूस्तमपुर न्यावली की कक्षा नौ की छात्र है। छात्रा की इस उपलब्धि पर स्कूल के समस्त स्टाफ प्रबंध समिति में खुशी की लहर है। आयुषी सागर के तमिलनाडु से लौटने पर क्षेत्र के लोगों ने ज़ोरदार स्वागत किया तथा साथी खिलाड़ियों में खुशी का माहौल है। इस मौके पर जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष भारत सिंह यादव पूर्व एमएलसी, जिला कुश्ती संघ के सचिव आर्य भोले सिंह त्यागी, विजयपाल त्यागी, डा. ओमप्रकाश माथुर, आर्य पुष्पेंद्र त्यागी, रामावतार पुरी महाराज, अली वारिस महेंद्र सिंह तराना जहां आदि मौजूद रहे।



# रहबर की शहादत पर निकला कैंडल मार्च

शाह टाइम्स,संवाददाता

**सिरसी।** ईरान के सर्वोच्च लीडर व विश्व शिया धर्मगुरू अयातुल्ला सय्यद अली खामनेई की शहादत की याद में कस्बे में कैन्डिल मार्च निकालकर विरोध दर्ज कराया गया। जिसमें सगोवारों का सैलाब उमड़ पड़ा।

कस्बे के बारगाह हजरत इमाम रजा से रात को कैन्डिल मार्च निकाला गया। जिसमें बूढ़े,बच्चे, जवान हाथों में कैन्डल के साथ रहबर की फोटो भी लिए हुए थे। जुलूस में अमेरिका और इस्राइल के विरूद्व और ईरान के सर्मथन में नारे लगाये जा रहे थे। जुलूस जैस-जैसे आगे बढ़ता रहा। वैसे ही लोग शामिल होते रहे। देखेते ही देखते कस्बे की गलियां छोटी पड़ गइं और दिलों में गम व गुस्सा लिए लोगो ने रहबर खामनेई की शहादत को इन्सानियत का कत्ल बताया।



कैन्डउल मार्च कस्बे के विभिन्न रास्तों से होता हुआ इमाम बारगाह कलां गर्बी पहुंचकर समाप्त हुआ। जहॉ उलेमाओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सय्यद ली खामनेई की शहादत से लोगों के दिलो-दिमाग पर गहरा सदमा पहुंचा है। इस गम को आसानी से भुलाया नहीं जा सकेगा। आगे कहा कि ईरान शहादतों से डरने वाला नहीं है और रहबर के मिशन को आगे बढ़ाते हुए मजलूमों की हिमायत में जालिमों के खिलाफ हमेशा खड़ा रहेगा। कैन्डउल मार्चमें कर्बला-कर्बला खामनेई जिंदाबाद, अमेरिका और इस्राइल मुर्दाबाद के नारों के साथ ही तुम कितने खामनेई मारोगे हर घर से हुसैनी निकलेगा नारे गूंजते रहे।

# जिला अस्पताल में पेयजल की नहीं व्यवस्था

○जनप्रतिनिधियों द्वारा लगाए गए दो प्याऊ बने सफेद हाथी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** गर्मी का मौसम धीरे-धीरे आता जा रहा है। लेकिन पैयजलापूर्ति की समुचित व्यवस्था आज भी नहीं है। जहां नगर पालिका परिषद के कूलर ठंडे पड़े हैं वहीं जनप्रतिनिधियों की निधि से शतल जल को लगाए गए बड़ी-बड़ी मशीने जवाब दे चुकी हैं और सफेद हाथी बनी खड़ी हुई है। जिला संयुक्त चिकित्सालय परिसर में यह नजारा देखा जा सकता है। जहां पेयजल की समुचित व्यवस्था न होने से मरीजों और तीमारदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल परिसर में लगे तीन प्याऊ में से दो लंबे समय से खराब पड़े हैं और केवल एक ही प्याऊ से किसी तरह काम चलाया जा रहा है। जिम्मेदारों की लापरवाही अब खुलकर सामने आ गयी है।

बता दें कि जिला अस्पताल मे एक प्याऊ इमरजेंसी कक्ष के पास स्थापित है, जो दिवंगत सांसद डा. शफीकुर्रहमान की निधि से लगायी थी। जबकि दूसरा सिटी स्कैन कक्ष के बाहर लगा हुआ है। दोनों ही प्याऊ कुछ दिनों से नहीं बल्कि काफी समय से खराब हालत में खड़े हैं और शोपीस बने हुए हैं। जबकि अस्पताल में रोजाना सैकड़ों की संख्या में मरीज और उनके परिजन पहुंचते हैं। दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोग घंटों लाइन में खड़े रहते हैं। ऐसे में पीने के पानी की उचित व्यवस्था न होना चिंता की बात है। एकमात्र चालू प्याऊ पर दिनभर भीड़ लगी रहती है,जिससे लोगों को पानी भरने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। मरीजों के तीमारदारों का कहना है कि अस्पताल प्रशासन को गर्मी शुरू होने से पहले ही सभी प्याऊ दुरुस्त करा देने चाहिए थे। अस्पताल जैसी संवेदनशील जगह पर पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा का अभाव व्यवस्था की पोल खोल रहा है। बहरहाल सवाल यह भी उठता है कि जब जिला चिकित्सालय में ही मूलभूत सुविधाओं का यह हाल है तो अन्य स्थानों की स्थिति क्या होगी। लोगों ने मांग की है कि अस्पताल प्रशासन जल्द से जल्द खराब पड़े दोनों प्याऊ की मरम्मत कराकर उन्हें चालू कराए,ताकि गर्मी के मौसम में मरीजों और तीमारदारों को राहत मिल सके।

# महिला की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस 25 हजार के इनामी वांछित आरोपी को मुठभेड़ में दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना मझोला क्षेत्र में बीती 23 फरवरी की रात हुई महिला नन्हीं की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने अहम सफलता प्राप्त की है। 25 हजार रुपये के इनामी वांछित आरोपी शिवा उर्फ बिट्टू को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से अवैध हथियार और मोटरसाइकिल बरामद की गई है। घटना दिल्ली रोड स्थित सेक्टर-16 बी, नया मुरादाबाद के समृद्धि विहार क्षेत्र में एक प्लॉट पर हुई थी, जहां नन्हीं पत्नी हमीद निवासी ग्राम ऊंचाकानी, थाना कुंदरकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतका के बेटे की तहरीर पर थाना मझोला में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में



पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी सिविल लाइंस के पर्यवेक्षण में विशेष टीम गठित की गई थी।सोमवार को नया मुरादाबाद क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग के दौरान पुलिस ने वांछित आरोपी शिवा उर्फ बिट्टू पुत्र महेंद्र निवासी मोहल्ला पनवड़िया, थाना भोजपुर को घेराबंदी कर पकड़ लिया। मुठभेड़ के दौरान आरोपी घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।पुलिस के अनुसार आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, एक पिस्टल .32 बोर, पिस्टल में फंसा एक खोखा कारतूस तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। इस संबंध में थाना मझोला में आर्म्स एक्ट सहित संबंधित धाराओं में एक और मुकदमा दर्ज किया गया है। पकड़े गए आरोपी ने पुलिस को बताया कि नन्हीं की हत्या के लिए उसे सुपारी दी गई थी। कुछ रकम ऑनलाइन ट्रांसफर की गई और व्हाट्सएप के माध्यम से फोटो भेजकर पहचान कराई गई थी। पुलिस अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है। अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मिशन शक्ति के तहत एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और स्वावलंबन के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान



के अंतर्गत एंटी रोमियो टीमों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया तथा हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया। अभियान के तहत एंटी रोमियो टीमों ने जनपद के प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूलों, कॉलेजों एवं धार्मिक स्थलों पर भ्रमण कर महिलाओं से संवाद स्थापित किया। साथ ही विभिन्न योजनाओं एवं सुरक्षा सेवाओं के बारे में जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किए गए। पुलिसकर्मियों ने वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, महिला हेल्पलाइन 181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 सहित अन्य महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी दी। साथ ही मोबाइल में इमरजेंसी कॉल एवं पैनिक बटन के उपयोग का डेमो भी दिया गया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## एक नजर

### 26 अप्रैल तक जनपद में डीएम ने लागू की निषेधाज्ञा त्योहारों व परीक्षाओं को लेकर जिला प्रशासन सतर्क



**मुरादाबाद।** आगामी पर्वों और विभिन्न बोर्ड एवं प्रतियोगी परीक्षाओं को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाया है। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के तहत पूरे जनपद में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। यह आदेश 26 अप्रैल 2026 तक प्रभावी रहेगा।प्रशासन के अनुसार मार्च और अप्रैल माह में होली, रमजान, ईद, रामनवमी, महावीर जयंती, गुड फ्राइडे तथा डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती जैसे प्रमुख पर्व मनाए जाएंगे। इन अवसरों पर बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है, जिससे कानून-व्यवस्था की चुनौतियां बढ़ जाती हैं। इसके साथ ही विभिन्न बोर्ड परीक्षाएं और प्रतियोगी परीक्षाएं भी चल रही हैं, जिन्हें शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।जारी आदेश के तहत बिना अनुमति जुलूस निकालना, धरना-प्रदर्शन करना, हथियारों का प्रदर्शन, भड़काऊ भाषण देना, अफवाह फैलाना या किसी भी प्रकार से शांति व्यवस्था भंग करने वाली गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा। सोशल मीडिया पर भ्रामक या उकसाऊ सामग्री प्रसारित करने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।जिलाधिकारी ने कहा कि यह कदम जनसुरक्षा, लोक व्यवस्था और साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि सभी लोग त्योहारों को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं तथा प्रशासन का सहयोग करें।पुलिस और संबंधित विभागों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और लगातार निगरानी रखी जाएगी। प्रशासन ने नागरिकों से आग्रह किया है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या प्रशासन को दें, ताकि सभी पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सकें।

### धूमधाम से निकाली गई श्रीराम ढोल शोभायात्रा मनमोहक झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र



**मुरादाबाद।** शहर के कटघर स्थित डिप्टी साहब के मंदिर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री राम ढोल शोभायात्रा पूरे उत्साह, श्रद्धा और धूमधाम के साथ निकाली गई। होली पर्व के अवसर पर आयोजित इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं, बच्चे और युवा शामिल हुए। पूरे क्षेत्र में भक्ति संगीत, ढोल-नगाड़ों और गुलाल की रंगत के साथ उत्सवी माहौल देखने को मिला।शोभायात्रा में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। श्रीराम दरबार की भव्य झांकी के साथ राधा-कृष्ण की मनमोहक प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इसके अलावा शंकर-पार्वती, श्रीगणेश और मां दुर्गा की सजीव झांकियों ने लोगों को भावविभोर कर दिया। आकर्षक परिधानों और सुसज्जित रथों के साथ निकली झांकियों पर श्रद्धालु पुष्प वर्षा करते नजर आए।आयोजकों ने बताया कि होली वसंत ऋतु का प्रमुख उत्सव है, जो सर्दियों के अंत और प्रकृति में नवजीवन के आगमन का प्रतीक है। यह पर्व रंगों, उमंग और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। साथ ही यह बुराई पर अच्छाई की विजय की याद दिलाता है, जैसा कि प्रह्लाद और होलिका की कथा में वर्णित है।कार्यक्रम में ट्रस्ट अध्यक्ष शिव कुमार सिंह, उमेश सिंह, सर्वेश सिंह, भाजपा पश्चिम उत्तर प्रदेश संयोजक राजेश सूर्या, विपिन गुप्ता, देवेश सिंह, अवधेश सिंह, कुलदीप नारायण, पार्षद उपदेश सिंह, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।शोभायात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। क्षेत्रवासियों ने आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।

### वृद्ध जनों के साथ मनाया होली रंगोत्सव

**मुरादाबाद।** यप परिवार के महिला सदस्यों ने राष्ट्रीय महापर्व होली के उपलक्ष्य में मिलन विहार स्थित वृद्ध आश्रम में एकत्रित हुए। हर साल की भांति इस वर्ष भी अपेक्षित निर्धन वृद्ध जनों के साथ होली मनाने का अमूल्य एहसास



जीवन का सर्वोपरि सुख प्राप्त हुआ। सभी ने वृद्ध जनों के साथ अबीर गुलाल लगा कर पारंपरिक होली गीतों पर झूम उठे। उसके उपरांत सभी ने साथ में भोजन किया। अध्यक्षा नेहा मेहरोत्रा ने बदलते मौसम में होली पर सावधानी बरतने का आग्रह किया एवं सभी को बधाई दी एवं आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रण लिया कि ऐसे ही समय समय पर सेवा कार्य करते रहेंगे।इस दौरान संजना, कविता, नीति सैनी, श्वेता, स्वाति गुप्ता, अनु कौर, पायल कौशिक, प्रियंका, शालू, चांदनी, श्वेता, पूजा, अमृता, शालू, नीता, प्रीति, सोनिया, ऋतु, पूनम, दिशा आदि मौजूद रही।

# आओ हाथ बढ़ाएं चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा रंगोत्सव एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**मुरादाबाद।** महानगर में चौरिटेबल ट्रस्ट आओ हाथ बढ़ाएं एक पहल मदद की के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली के उपलक्ष्य में रंगोत्सव एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन खुशहालपुर स्थित राधिका फार्म हाउस में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों तक त्योहार की खुशियां पहुंचाना तथा समाज में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं का सम्मान करना रहा।इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से 50 जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को होली सामग्री के विशेष पैकेट वितरित किए गए, ताकि वह भी रंगों के इस पर्व को उल्लासपूर्वक मना सकें। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में फिटनेस ट्रेनर अपूर्वा शर्मा, ज्योत्सना मुंजाल, नीलम कोठीवाल, डॉ. रीता खन्ना, बुद्धि विहार की पार्षद कविता गुप्ता, किन्नर समाज से रूबी ठाकुर तथा मेहंदी आर्टिस्ट गीता सक्सेना शामिल रहीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ठाकुर रामवीर सिंह कुन्दरकी विधायक ने ट्रस्ट के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यदि समाज का प्रत्येक व्यक्ति यह संकल्प ले कि किसी भी परिवार के घर त्योहार के दिन अंधेरा न रहे, तो पर्व की सच्ची सार्थकता सिद्ध होगी। उन्होंने सभी से सामाजिक एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में करणवीर सिंह, राजेश रस्तोगी, निर्मल मेहता, डॉ. विशेष गुप्ता, कन्हैयालाल जी सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ट्रस्ट की अध्यक्ष गीतांजलि पांडेय ने बताया कि रंगोत्सव का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों के जीवन में खुशियां भरना और महिला दिवस पर समाज में सकारात्मक योगदान देने वाली महिलाओं का हौसला बढ़ाना है।समारोह का संचालन प्रिंस चौहान ने किया। अंत में रंग, उमंग और सामाजिक सद्भाव के संदेश के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# बीपीटी में एडमिशन को नीट एग्जाम अनिवार्य, आठ मार्च तक करें आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** केन्द्र सरकार ने एडमिशन प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाते हुए बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी- बीपीटी के सत्र 2026-27 में भी नीट को अनिवार्य कर दिया है। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फिजियोथेरेपी विभाग में भी एडमिशन एनटीए की ओर से आयोजित नीट-यूजी परीक्षा के आधार पर ही होंगे। यदि आप भी बीपीटी करने के इच्छुक हैं तो नीट एग्जाम के लिए जल्द से जल्द आवेदन करना अनिवार्य है, क्योंकि आवेदन करने की अंतिम तिथि आठ मार्च है। नोटिफिकेशन के मुताबिक यूं तो नीट-यूजी की आवेदन प्रकिया आठ फरवरी से ही प्रारम्भ हो गई है। नीट-यूजी के लिए अभ्यर्थी को विज्ञान वर्ग में जीव विज्ञान के संग 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। यह जानकारी देते हुए टीएमयू के कुलाधिपति सुरेश जैन ने बताया, नेशनल कमीशन फॉर एलाइड एंड हेल्थ केयर प्रोफेशन्स के अनुसार बीपीटी में प्रवेश पाने के लिए स्टुडेंट्स को नीट परीक्षा में कोई निर्धारित अंक प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन नीट प्रवेश परीक्षा में बैठना जरूरी है। उल्लेखनीय है, 130 एकड़ में आच्छादित हरित टीएमयू में बीपीटी के संग-संग एमपीटी और पीएचडी की सुविधाएं भी हैं। 2010 से प्रारम्भ इस डिपार्टमेंट के हजारों एल्युमिनाई देश-विदेश के हॉस्पिटल्स, शैक्षणिक




संस्थानों, कॉर्पोरेट, स्पोर्ट्स टीम आदि में सेवारत हैं। छात्र-छात्राओं के लिए कैंपस में ही अलग-अलग हॉस्टल हैं। कैंपस में ही 1000 प्लस बेड के मल्टी और सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में व्यावहारिक प्रशिक्षण कराया जाता है। रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडलीय जिला चिकित्सालय की टीम ने अपनी सेवाएं दीं। चिकित्सालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ. शाने आलम के नेतृत्व में आई टीम ने यह रक्त एकत्रित किया। डॉ. आलम का सहयोग करने वालों में मोहम्मद नईम, अशोक कुमार, पी. वी. सिंह, अमित मौर्य, साधना भटनागर, सुभाष सिंह, सचिन कुमार, अचिन कुमार, नीरज कुमार एवं अतीक अहमद शामिल रहे। इस अवसर पर संत निरंकारी मिशन के चौथे सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के विचारों को दोहराते हुए कहा गया कि उनका सदैव कहना था कि इंसान का रक्त नालियों में न बहकर इंसान की नाड़ियों में बहना चाहिए। मुरादाबाद से आए जिला संयोजक रामनाथ सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है, क्योंकि इससे किसी इंसान को जीवनदान मिलता है। उन्होंने कहा कि संत महापुरुष सदैव परोपकार, तप और त्याग का मार्ग दिखाते हैं, ताकि मनुष्य सच्चाई पर स्थित रहे और मानवता के गुणों से युक्त होकर इस संसार को सुंदर बनाने में अपना योगदान दे। इस रक्तदान शिविर में करनपुर चौराहा ब्रांच के अलावा ठाकुरद्वारा, कांठ एवं मुरादाबाद ब्रांच के रक्तदाताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्रांच करनपुर चौराहा के इंचार्ज डॉ. बाबू सिंह, सेवादल इंचार्ज कमल कुमार, महेंद्र सिंह, अमित कुमार, डॉ. रामकुमार सिंह, राकेश कुमार, डॉ. दीपक सिंह, मास्टर शेखर सिंह, योगेश कुमार, राजवीर सिंह, पवन कुमार, ध्यान सिंह, पप्पू सिंह, भजन सिंह, चंद्रपाल सिंह, सुभाष सिंह, होती सिंह सहित ग्राम पंचायत करनपुर की प्रधान रेखा देवी, अनीता देवी, कमलेश देवी, वीरवती, अंजलि, नीतू देवी, निशा, कामिनी, महिला सेवादल इंचार्ज सविता देवी, आस्था, वंशिका आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद बड़ी श्रद्धा से ग्रहण किया।

# प्रजापति समाज सेवा समिति की बैठक में बेटी की शादी, लाइब्रेरी व होली मिलन समारोह पर चर्चा



**चन्दौसी।** प्रजापति समाज सेवा समिति सम्भल की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को आयोजित की गई, जिसमें समाज हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में निर्धन परिवार की एक बेटी के विवाह में सहयोग करने तथा समाज के विद्यार्थियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए लाइब्रेरी की स्थापना, समिति के स्थायी कार्यालय एवं प्रजापति धर्मशाला के निर्माण जैसे प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में आगामी होली मिलन समारोह के आयोजन को लेकर भी चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि होली मिलन समारोह 14 मार्च को चन्दौसी में आयोजित किया जाएगा, जिसके आयोजन स्थल की सूचना जल्द ही सभी सदस्यों को दी जाएगी। इस वर्ष समारोह के मुख्य अतिथि वीरेंद्र सिंह प्रजापति (फौजी) होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में गुन्नौर की चेयरमैन खुशबू प्रजापति एवं समाजसेविका सीमा आर्य उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम के दौरान प्रजापति समाज सेवा समिति सम्भल की जिला कमेटी एवं तीनों तहसील अध्यक्षों की घोषणा कर शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया जाएगा। बैठक में समिति के संस्थापक डॉ. जयराम प्रजापति, जिलाध्यक्ष सोमपाल सिंह प्रजापति, जिला महासचिव ओमप्रकाश प्रजापति एडवोकेट, जिला कोषाध्यक्ष त्रिलोकचंद्र प्रजापति, जिला संगठन मंत्री नेम सिंह प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष डॉ. चंद्रहास प्रजापति, सुभाषचंद्र प्रजापति एडवोकेट, महेश प्रजापति, जिला मीडिया सहप्रभारी उमेश प्रजापति, धर्मपाल सिंह प्रजापति, ओमप्रकाश प्रजापति, शील कुमार प्रजापति, विक्की प्रजापति, मुकेश प्रजापति, राजू प्रजापति सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब चन्दौसी अमन ने किया होली उत्सव का आयोजन

**चन्दौसी।** रोटरी क्लब चंदौसी अमन द्वारा सोमवार को होली



उत्सव-2026 का आयोजन किया गया जिसमें रोटरी के सेवा भाव और भारतीय संस्कृति के रंगों का सुंदर समन्वय देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के तिलक व गुलाल से आत्मीय स्वागत के साथ हुआ। मुरादाबाद से आए सुप्रसिद्ध गायक मलिक साहब की लाइव गायकी और 'फूलों की होली' ने वातावरण को संगीतमय व भक्तिमय बना दिया, वहीं डीजे की धुनों पर होली मस्ती, होली स्पेशल हाउजी, सरप्राइज प्रश्नोत्तरी और लकी ड्रा ने सभी का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान क्लब के 11मेंबर्स की वैवाहिक वर्षगांठ हर्षोल्लास से मनाई गई। रोटरी के सेवा संकल्प को निभाते हुए क्लब ने गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच मिठाइयाँ व गुलाल वितरित कर होली की खुशियाँ उनके चेहरों तक पहुँचाई। इस अवसर पर रोटरी रीजनल कोऑर्डिनेटर रो. भुवनेश वार्ष्णेय एवं रोटरी डिस्ट्रिक्ट इमेज चेयर रो. राहुल अग्रवाल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। क्लब अध्यक्ष रो. दीपेश गुप्ता, सचिव रो. राहुल अग्रवाल और कोषाध्यक्ष रो. अविनाश गोयल ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि होली आपसी सद्भाव और प्रेम का पर्व है, और रोटरी परिवार इसी भावना के साथ समाज सेवा में निरंतर अग्रसर है। कार्यक्रम का समापन सामूहिक भोज, गिफ्ट किट वितरण और समूह छायाचित्र के साथ हुआ।


## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र जीतू, पुत्रवधू श्रीमती पूजा पत्नी जीतू, पुत्र शेखर ठाकुर व पुत्रवधू श्रीमती काजल पत्नी शेखर ठाकुर को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक व सामाजिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।

**श्रीमती बीना सिंह पत्नी बबलू निवासी मझोला चौराहा लाइन पार, थाना मझोला तहसील व जिला मुरादाबाद।**

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **''मैसर्स फैज इण्डेन''** ग्राम बहेड़ी ब्रहम्मनान, तहसील ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद (उ0प्र0) जिसका पंजीकरण संख्या- MOR/0015323 में पंजीकरण के समय दो साझीदार श्री यूसुफ अली पुत्र श्री आशिक हुसैन एवं श्रीमती फूल जहाँ पत्नी श्री यूसुफ अली थे। अब दोनों साझीदार उक्त व्यापार को साझीदारी में चलाना नहीं चाहते हैं, जिस कारण दोनों साझीदारों ने आपसी सहमति से दिनांक 24.02.2026 को उक्त फर्म डिजोल्व कर दी है, तथा फर्म पर कोई देनदारी व लेनदारी बकाया नहीं है। **भवदीय-**

**यूसुफ अली साझीदार**
**''मैसर्स फैज इण्डेन'' ग्राम बहेड़ी ब्रहम्मनान, तह० ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद।(उ०प्र०)।**


# आईएफटीएम में 'फ्रोम फ्रेशर टू इंडस्ट्री-रेडी: यूआई/यूएक्स डिजाइन एंड कोडिंग जर्नी' विषय पर आयोजित हुआ सेमिनार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एलुमनाई एसोसिएशन (आईयूएए) द्वारा स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लिकेशंस के संयुक्त तत्वावधान में "फ्रोम फ्रेशर टू इंडस्ट्री-रेडी" यूआई/यूएक्स डिजाइन एंड कोडिंग जर्नी'' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल दौर में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि कंपनियां ऐसे उम्मीदवार चाहती हैं जिनके पास प्रैक्टिकल स्किल्स, प्रोजेक्ट अनुभव और इंडस्ट्री की समझ हो। इसी कड़ी में उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों को विशेष रूप से यूआई/यूएक्स डिजाइन और कोडिंग के क्षेत्र में नवीनतम टूल्स, तकनीकों और यूजर-केंद्रित सोच के साथ तैयार रहना चाहिए। इस सेमिनार में विश्वविद्यालय से बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन- 2024 बैच की पूर्व छात्रा व वर्तमान में हैदराबाद स्थित कम्पनी 'नोवास अर्च कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड' में कार्यरत सुश्री श्रेया पोरवाल ने बतौर मुख्य वक्ता अपने वक्तव्य में कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान ही लाइव प्रोजेक्ट्स, इंटर्नशिप और हैकाथॉन में भाग लेना चाहिए। विद्यार्थियों को यूआई/यूएक्स डिजाइन में यूजर



रिसर्च, वायरफ्रेमिंग, प्रोटोटाइपिंग और यूजर टेस्टिंग की समझ बेहद जरूरी है, साथ ही उन्हें कोडिंग में लॉजिक बिल्डिंग, डेटा स्ट्रक्चर और आधुनिक फ्रेमवर्क का ज्ञान भी होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि फ्रेशर्स को अक्सर अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिनमें इंडस्ट्री की वास्तविक आवश्यकताओं की जानकारी का अभाव, प्रैक्टिकल अनुभव और इंटर्नशिप की कमी, प्रभावी पोर्टफोलियो और प्रोजेक्ट प्रस्तुति में कमजोरी, इंटरव्यू स्किल्स और कम्युनिकेशन गैप एवं नई तकनीकों के साथ अपडेट न रहना शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर छात्र-छात्राएं निरंतर अभ्यास से अपने स्किल्स को निखारें तथा इंडस्ट्री की अपेक्षाओं को समझें, तो फ्रेशर से प्रोफेशनल बनने की यात्रा आसान हो सकती है। वहीं कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लिकेशन्स के निदेशक डॉ. राहुल कुमार मिश्रा ने कहा कि आज का युग टेक्नोलॉजी-ड्रिवन है, इसलिए विद्यार्थियों को पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़कर उभरती तकनीकों को अपनाना होगा। उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में सफल होने के लिए केवल बेसिक कोडिंग ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि आधुनिक टूल्स और टेक्नोलॉजी की समझ भी जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि नई तकनीकों को सीखने के साथ-साथ उन्हें सॉफ्ट स्किल्स जैसे कि टीमवर्क, कम्युनिकेशन और प्रॉब्लम-सॉल्विंग क्षमता पर भी बराबर ध्यान देना चाहिए।

इस मौके पर आईयूएए के अध्यक्ष व परीक्षा नियंत्रक डॉ. अनुज श्रीवास्तव ने सेमिनार के दौरान अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराने हेतु एलुमना व मुख्य वक्ता सुश्री श्रेया पोरवाल की सराहना करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कार्यक्रम के संयोजक व कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र सिंह एवं आयोजन सचिव व कंप्यूटर एप्लीकेशंस विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष रंजन पांडे ने भी अपने विषयगत् विचार व्यक्त किए। सेमिनार के सफल आयोजन में स्कूल के एलुमनाई समन्वयक डॉ. अभिषेक कुमार मिश्रा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस सेमिनार में बीसीए, एमसीए एवं बी.टेक, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के 62 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने बड़ी उत्सुकता से भाग लिया और श्रेया पोरवाल के साथ अपने प्रश्नों के उत्तर भी प्राप्त किए। अंत में डॉ. हरप्रीत सिंह चावला ने सभी अतिथियों, आयोजन समिति के सदस्यों और प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस दौरान स्कूल के शिक्षक डॉ. भारत भूषण अग्रवाल डॉ. राजदीप सिंह, डॉ. ललित जौहरी, सुश्री स्नेहा बंसल, सुश्री यशिका रहेजा श्री मुनीश कुमार, श्री विमल कुमार, श्री सुनील कुमार, श्रीमती अनुराग, सुश्री रुशील चौहान आदि उपस्थित रहे।


नगर मेला कमेटी द्वारा होली जुलूस का अध्यक्ष बनाये जाने पर नगर मेला कमेटी व नगर वासियों को होली की शुभकामनायें।



कोशल ठाकुर
अध्यक्ष होली जुलूस
नगर बिलारी(मुरादाबाद)



## कार्यालय ग्राम पंचायत राघूवाला
### विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/निविदा/2025-26 दिनांक: 28.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत राघूवाला में मनरेगा योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 08.03.2026 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्ते एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैन रोड से शाकिर एवं हनीस मुल्लाजी के घर तक नाली व सीसी टाईल्स कार्य। | सीमेंट, रेत, ईंट, रोड़ी, ईंट, बजरफुट, सीसी टाईल्स आदि। | 898988 | 17980 | 200/- | 2 माह |
| 2 | मैन रोड से प्रणवीर व एमटी आई स्कूल तक नाली व सीसी टाईल्स कार्य | सीमेंट, रेत, ईंट, रोड़ी, ईंट, बजरफुट, सरिया आदि। | 449245 | 8985 | 200/- | 2 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-राघूवाला**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

## होली के उल्लास के बीच सुरक्षा का पहरा, पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**सुरजननगर।** आगामी होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सुरजननगर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रही है। इसी क्रम में सोमवार सायंकाल सुरजननगर चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा क्षेत्र के मुख्य मार्गों पर श्फ्लैग मार्चश निकाला गया। चौकी प्रभारी ओंमकार सिंह के नेतृत्व में निकले इस फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य आम जनता के बीच सुरक्षा का भाव पैदा करना और असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देना था। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय व्यापारियों और ग्रामीणों से संवाद कर अपील की कि वे त्यौहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाएं और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।इस फ्लैग मार्च में चौकी प्रभारी ओंमकार सिंह के साथ राम मोहन शर्मा, अनुज कुमार, कुलदीप कुमार और अरुण कुमार समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। इस मार्च के बाद से क्षेत्र के नागरिकों में सुरक्षा को लेकर विश्वास बढ़ा है।

# मृत्यु के बाद भी दो जीवनों में भर गई रोशनी, स्व. जानकी पाण्डेय ने नेत्रदान कर पेश की मानवता की मिसाल

**ठाकुरद्वारा।** कहा जाता है कि कुछ लोग अपने जीवन के अंतिम क्षणों में ऐसा महान कार्य कर जाते हैं, जिससे वे समाज की स्मृतियों में सदैव अमर हो



जाते हैं। ठाकुरद्वारा नगर के वार्ड संख्या-5 निवासी पूर्व सभासद राजेंद्र पाण्डेय की धर्मपत्नी स्वर्गीय जानकी पाण्डेय ने भी अपने जीवन के अंतिम समय में नेत्रदान कर मानवता और सेवा का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया है, जो क्षेत्रवासियों के लिए प्रेरणा बन गया है। जानकारी के अनुसार स्वर्गीय जानकी पाण्डेय लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रही थीं। परिवार द्वारा उनका निरंतर बेहतर उपचार कराया जा रहा था,



लेकिन अंततः वह जीवन की जंग हार गईं और हाल ही में उनका निधन हो गया। अपने निधन से पूर्व उन्होंने अपनी दोनों आंखें दान करने का संकल्प लिया था, जिसे परिवार ने पूरा करते हुए उनकी आंखें सीएल गुप्ता आई वेलफेयर सोसाइटी को दान कर दीं। भले ही स्वर्गीय जानकी पाण्डेय आज इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनके नेत्रदान से दो दृष्टिबाधित लोगों के जीवन में नई रोशनी पहुंची है। उनके इस मानवीय और साहसिक निर्णय की नगर सहित पूरे क्षेत्र में सराहना की जा रही है। स्वर्गीय जानकी पाण्डेय के पति पूर्व सभासद राजेंद्र पाण्डेय तथा उनकी पुत्रियां ईशा और तनिषा सहित समस्त परिवारजन उनके इस अंतिम निर्णय पर गर्व महसूस कर रहे हैं। बेटियों ने भावुक होते हुए कहा कि मां के जाने का दुख जीवनभर रहेगा, लेकिन दो लोगों के जीवन को रोशन करने का उनका फैसला उन्हें हमेशा प्रेरित करता रहेगा। इस दौरान सीएल गुप्ता आई वेलफेयर सोसाइटी की टीम परिवार के आवास पर पहुंची और नेत्रदान जैसे पुनीत कार्य के लिए परिवार को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि स्वर्गीय जानकी पाण्डेय अपने नेत्रदान के माध्यम से दो जरूरतमंद लोगों के जीवन में उजाला कर गई हैं। नगरवासियों ने स्वर्गीय जानकी पाण्डेय को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति तथा परिवार को इस दुख की घड़ी में शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। उनका यह प्रेरणादायी कदम समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दे रहा है।

## निर्माणाधीन मकान के गटर में डूबने से मासूम की मौत

**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र के ग्राम हरियाना में दर्दनाक हादसे में तीन वर्षीय मासूम बच्ची की पानी भरे गटर में डूबने से मौत हो गई। घटना से ग्रामीणों और परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी गय्यूर की तीन वर्षीय पुत्री अदीबा दो भाई-बहनों में सबसे छोटी थी।दोपहर करीब तीन बजे वह घर में खेल रही थी। इसी दौरान वह मकान में बने गटर में गिर गई। गटर में पानी भरा होने के कारण बच्ची डूब गई और किसी को भनक तक नहीं लगी। बताया गया कि करीब तीन घंटे तक बच्ची का कोई सुराग नहीं मिला। शाम लगभग छह बजे परिजनों को उसके गटर में गिरने की जानकारी हुई। इसके बाद आनन-फानन में तलाश की गई लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। बच्ची को बाहर निकाला गया तो उसकी सांसे थम चुकी थीं, जिसके बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए।

# होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन के तत्वाधान में हुआ होली मिलन समारोह

**मुरादाबाद।** ग्राम अवक्करपुर स्थित आर.एस .एन. स्पोर्ट्स एकेडमी के परिसर में होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया शाखा के तत्वाधान में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें रुद्राक्षी रुद्रांश और राध्या ने सुंदर डांस प्रस्तुत किया तथा अन्य बच्चों व बड़ों ने कई सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत किए। और फूलों की होली खेली गई।

उपरोक्त समारोह में मुरादाबाद के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर एस पी सिंह को उनकी 50 वर्षों की उत्कृष्ट सेवा के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। एच एम ए आई के अध्यक्ष डॉ आर के शर्मा ने बतलाया कि भविष्य में 50 वर्षों की होम्योपैथिक प्रेक्टिस करने वाले



चिकित्सकों को प्रतिवर्ष सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में डॉक्टर नूतन आर्य, डॉ एम पी सिंह, डॉ रजनी सिंह,डॉ सुरभि शर्मा,डॉक्टर संगीता, डॉ एस पी गंगवार, डॉ अंशुमान गौड़, डॉ पल्लवी कौशिक डॉ राकेश गुप्ता,डॉ एकता अग्रवाल , डॉ अर्पिता, डॉ लीना, डॉ अंकिता, डॉ अपूर्व सहरावत आदि सपरिवार उपस्थित रहे। समारोह का संचालन सचिव डॉ कुलदीप शर्मा ने किया।

# मुहम्मदी जमा मस्जिद में कुरान मुकम्मल

## मुल्क मुल्क व कोम की तरक्की की मांगी गई दुआएं

**मुरादाबाद।** ट्रांसपोर्ट नगर स्थित मुहम्मदी जामा मस्जिद में कुरान मुकम्मल हुआ इस मौके पर मुल्क व कोम की तरक्की के लिए दुआ मांगी गई। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित



मोहम्मदी जामा मस्जिद में 11वीं तरावीह पर कलामें पाक मुकम्मल किया गया। तरावीह के दौरान कुराने पाक की तिलावत कारी अब्दुल माजिद के द्वारा की गई जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने हर रोज पहुंचकर नमाजे तरावीह अदा की। कुरान मुकम्मल होने के मौके पर हाफिज कमर आलम ने दुआ कराई । उनके द्वारा तमाम ए आलम ए इस्लाम की तरक्की की दुआ के साथ-साथ मुल्क में अमनो अमान कायम रहने की अल्लाह से दुआ की। मुफ्ती दानिश उल कादरी ने लोगों को खिताब करते हुए कहा

हमें रसूले पाक की सुन्नतों पर अमल करके अपनी जिंदगी को गुजरना होगा यह मुकद्दस महीना हमें यह सबक देता है कि हम दुनियादारी की सारी बातों को छोड़कर अल्लाह की बारगाह में खड़े होकर उसकी इबादत करें और दुआ मांगे। उन्होंने कहा कि हमें अपने इमान को मुकम्मल रखना होगा और उसे पर चलना होगा तभी हमें जन्नत नसीब होगी।

इस मौके पर मुख्य रूप से नायब इमाम हाफिज नवाजिश हुसैन हाफिज आसिफ हाफिज मुहम्मद हसन मस्जिद कमेटी के सदर मोहम्मद जुनैद हाजी बाबू हाजी मोहम्मद सलीम अफरोज अहमद एडवोकेटहाजी रियासत हुसैन हाजी आसिफ मोहम्मद जान तुर्की मास्टर जाबिर हुसैन मोहम्मद अली मोहम्मद अरशद मोहम्मद नाजिम आदि मुख्य रूप से मौजूद थे इस मौके पर कलाम ए पाक मुकम्मल करने वाले हाफिज अब्दुल माजिद को तोहफे दिए और गुलपोशी कर उनका सम्मान किया। दुआ के दौरान मौजूद सभी लोगों को इस मौके पर तबरूक तकसीम किया गया।

## एक नजर

### मारपीट के मामले में सात लोगों पर मुकदमा

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कमालपुर चंदोरा में मारपीट के मामले में 7 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था।

बबली पत्नी धीर सिंह ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है कि उसके घर पर रश्मि पुत्री हुकम सिंह 23 फरवरी को शाम 7 बजे आ गई। उसके बुलाने पर हुकुम सिंह, अतर कली, मीनाक्षी, गुड़िया, विमलेश, नरेश, रुकम सिंह उसके घर पर आ गए और गाली गलौज करने लगे, और रश्मि को ले जाने लगे। तब इन लोगों ने उसके साथ बुरी तरह से मारपीट की जिससे उसके चोटे आई। यह सभी लोग जान से मारने की धमकी देकर चले गए। गांव के लोगों ने किसी तरह उसे बचाया। तहरीर के बाद पुलिस ने 7 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

### संवेदना द किड्स कॉटेज स्कूल में धूमधाम से मनाया गया होली उत्सव




**मुरादाबाद।** शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय संवेदना द किड्स कॉटेज में होली सेलिब्रेशन का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रंगारंग प्रस्तुतियां दीं और अपनी प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे परिधानों और गुलाल की खुशबू से सराबोर नजर आया।इस अवसर पर विद्यालय की निर्देशिका मेजर डॉक्टर मीनू मेहरोत्रा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बच्चों को त्योहारों के माध्यम से हमारी संस्कृति और परंपराओं की जानकारी मिलती है, जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मैम दीक्षिका, मुस्कान, सलोनी, रजनी, संपदा, वंदना, रिचा एवं तृप्ति सहित सभी शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। मिठाई वितरित की गई और सभी ने मिलकर सुरक्षित व पर्यावरण अनुकूल होली मनाने का संकल्प लिया।

### होली और ईद की खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़ी भीड़

**भोजपुर।** होली और ईद के त्योहारों के मद्देनजर बाजारों में खरीदारी करने वालों की भीड़ उमड़ रही है। बाजार गुलजार होने से दुकानदारों के चेहरे पर खुशी है, लेकिन जाम लगने से आवागमन बाधित हो रहा है। मुख्य बाजार में ई-रिक्शा और चार पहिया वाहनों की वजह से जाम की स्थिति बनी हुई है। सब्जी मंडी,



जामा मस्जिद रोड, घास मंडी में पूरे दिन जाम जैसी स्थिति रहती है, जिससे आमजन को परेशानी हो रही है। होली की मुख्य मिठाई गुझिया और रेडीमेड कपड़ों की दुकानों पर भारी भीड़ लगी है। खरीदार होली खेलने के लिए रंग गुलाल के अलावा टोपिया, राजस्थानी पगड़ी और बड़ी-बड़ी पिचकारियों की खरीदारी कर रहे हैं।

### तेज रफ्तार डंपर ने तोड़ा विद्युत पोल पूरे गांव की बिजली आपूर्ति ठप

**ठाकुरद्वारा।** रविवार देर रात्रि तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से कमालपुरी गांव में सड़क किनारे लगा विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे पूरे गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में अंधेरा छा गया और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार क मालपुरी गांव स्थित मंदिर के निकट सड़क किनारे लगे लोहे के विद्युत पोल में तेज गति से आ रहे डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि विद्युत पोल टूटकर सड़क की ओर झुक गया तथा विद्युत लाइन नीचे गिर गई।

गनीमत रही कि उस समय वहां कोई राहगीर मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना की आवाज सुनकर जब ग्रामीण अपने घरों से बाहर निकले तो डंपर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर विद्युत विभाग ने सुरक्षा की दृष्टि से तत्काल बिजली आपूर्ति बंद कर दी। ग्रामीण सुमित कुमार, किसान यूनियन महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष ज्योति चौहान, बंटी सहित अन्य लोगों ने विद्युत विभाग के एसडीओ से जल्द से जल्द क्षतिग्रस्त पोल बदलकर विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली आपूर्ति ठप होने से दैनिक कार्यों के साथ-साथ पेयजल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने प्रशासन से फरार डंपर चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की है।

### चेयरमैन रघुराज यादव ने किया होली सौहार्द से मनाने का आह्वान

**बिलारी।** होली का त्यौहार शुरू हो चुका है सभी लोग अपने घरों में गुजिया कचरी पापड़ आदि विशेष चीजें बनाने में लग गए हैं, पुलिस प्रशासन होली शांतिपूर्वक संपन्न कराने की रणनीति में जुट गया है। इधर नगर पालिका भी ने भी होली पर चाकचौबंद व्यवस्थाएं की हैं इसको लेकर पालिका चेयरमैन रघुराज सिंह यादव ने स्टाफ की बैठक बुलाकर समीक्षा की, नगर क्षेत्र में सभी होलि. का दहन स्थलों पर कान्हा गौशाला से उपले और आवश्यक लकड़ी डलवाई



जा रही हैं। पेयजल की निर्बाध आपूर्ति के अलावा समुचित सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अपनी टीम के साथ नगर में भ्रमण भी किया। इस दौरान नगर वासियों से अपील करते हुए कहा कि होली का त्यौहार उसकी भावना के अनुरूप पवित्रता के साथ मनाएं सूखे रंगों का प्रयोग करें जिसे रंगों से एलर्जी अथवा परहेज है उस पर रंग नहीं लगाएं, प्रेम से गले मिलें गुजिया खाएं खिलाएं कोई ऐसा कार्य नहीं करें जिससे दूसरों की भावना को ठेस पहुंचे। नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में पालिका प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा ईर्ष्या द्वेष, वैमनस्य, भेदभाव को होली की अग्नि में भस्म कर दें और प्रेम सौहार्द के साथ बिलारी की आपसी एकता को और मजबूत करने का काम करें यह त्यौहार हम सबका है सब मिलजुलकर मनाएं।

### इंस्पायर अवार्ड के लिए राजकीय हाईस्कल सफीलपुर के दो छात्र चयनित होने पर खुशी

**बिलारी।** क्षेत्र के ग्राम सफीलपुर स्थित राजकीय हाईस्कूल के कक्षा नौ के दो विद्यार्थियों का चयन भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित प्रतिष्ठित इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में जिला स्तर पर हुआ है। इस





उपलब्धि से विद्यालय और क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। कक्षा नौ की छात्रा आरुषि के मॉडल "स्मार्ट आईओटी बेस्ड स्नेक डिटेक्टर इन द एग्रीकल्चर फील्ड" तथा छात्र प्रिंस के मॉडल "सोलर हीटेड टेंट फॉर द इंडियन आर्मी" को चयनित किया गया है। चयनित विद्यार्थियों को अपने नवाचारों को विकसित करने के लिए दस हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई है। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता चमोली ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है तथा उम्मीद जताई कि दोनों छात्र आगे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। ज्ञात रहे विज्ञान शिक्षिका स्वाति के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने अपने नवाचारी मॉडल तैयार किए थे, जिन्हें जिला स्तर पर सराहना मिली।

## अधिवक्ता एकता मंच की बैठक में होली और ईद सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का लिया संकल्प

**बिलारी।** अधिवक्ता एकता मंच की बैठक का आयोजन रेलवे स्टेशन के निकट पंचशील बुद्ध विहार में किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से संगठन की एकता और मजबूती पर जोर दिया। होली और ईद उल फितर के त्यौहार एकता और सौहार्द के साथ मनाने का संकल्प लिया। अधिवक्ता राजू गुप्ता के प्रकरण में पुलिस पर आरोप लगाया कि वह राजनीतिक दबाव में उन्हें झूठा फंसा रही है इस मामले की इसकी घोर निंदा की जाती है और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं होने पर अधिवक्ता एकता मंच आंदोलन करने को मजबूर होगा बैठक में सभी को होली की शुभकामना दी गई। बैठक की अध्यक्षता चौधरी लखनवीर सिंह एडवोकेट और संचालन सतीश पाल सिंह एडवोकेट ने किया। बैठक में आशीष भटनागर, जगपाल सिंह, दिलदार हुसैन सुरजीत सिंह यादव आफाक हुसैन, शरीफ अहमद खां, विनोद कुमार गुप्ता आदि अधिवक्ताओं ने अपने विचार प्रकट किये।

## होली पर सजे बिलारी के बाजार, लुभा रहे पिचकरियां मुखोटे और कैप



**बिलारी।** रंगो के त्योहार होली को खुशनुमा बनाने के लिए नगर का बाजार सज गया है तरह-तरह की पिचकरियां रंग गुलाल मुखोटे कैप आदि खरीदारों को लुभा रहे हैं। नगर में पुराने ओबीसी रोड, सर्राफा बाजार, नेहरू चौक, होली चौक, पैंठ बाजार, शाहबाद रोड आदि पर होली की दुकानें सजी हैं। इसके अलावा स्टेशन रोड शुगर मिल क्षेत्र, रुस्तम नगर सहसपुर में भी होली संबंधी सामग्री की बिक्री की जा रही है बाजार में खरीदारों की खचाखच भीड़ है। होली पर प्रमुख पकवान गुजिया घर-घर में बनाया जाता है तो इन गुजियों के साथ ही होलिका स्थल पर विशेष पूजन करते हैं होली की परिक्रमा करते हैं गुजियों के लिए किराने की दुकानों पर मेवे, रिफाइंड, नारियल गोले का बरुदा एवं रंग-बिरंगे कचरी पापड़ खरीदने को भीड़ लगी हुई है जो लोग घरों में गुजिया नहीं बना पाए उनके लिए मिष्ठान की दुकानों पर भी लजीज गुजिया तैयार हैं होली पर गिफ्ट देने वाले भी इन दुकानों से आकर्षक पैकिंग में गुजिया भेंट करके होली की शुभकामना देते हैं। होली को लेकर घरों से बाहर स्थानों पर कारोबार करने वाले अपने घरों में लौट रहे हैं खुशी का माहौल है। ग्रामीण क्षेत्र में भी होलिका स्थल सजे हैं उनमें गन्ना जौ आदि भूनने की तैयारी चल रही है।

# मुरादाबाद में जन आरोग्य मेले बने मजाक कागजो में सब ओके

कांठ (शाह टाइम्स) जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित जन आरोग्य मेले में अव्यवस्था का बोलबाला रहा अनेक डॉक्टर एवं स्टाफ के लोगों ने सरकार के आदेश को हवा में उड़ा दिया। ग्रामीण इलाकों में लगने वाले मेलों में कहीं डॉक्टर नहीं पहुंचे तो फार्मासिस्ट और स्टाफ नर्स ने ही मरीजों का इलाज किया।

सरकारी अस्पतालों में सप्ताह में छह दिन ओपीडी चलती है। रविवार को ओपीडी बंद रहती है। अवकाश के दिन भी मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए ग्रामीण इलाकों की पीएचसी और शहरी क्षेत्र की अरबन पीएचसी में प्रत्येक रविवार को योगी सरकार के निर्देश पर जन आरोग्य मेले का आयोजन किया जाता है। यह मेला सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक चलता है। लेकिन मेले में अव्यवस्थाएं हावी होने लगी हैं। ड्यूटी में डॉक्टर और स्टाफ भी दिलचस्पी कम ही लेते हैं। कहीं डॉक्टर नहीं पहुंचते तो कहीं स्टाफ नहीं आते हैं। जहां डॉक्टर नहीं पहुंचते वहां फार्मासिस्ट और स्टाफ नर्स मरीजों का इलाज करतीं है और दवाइयां देतीं हैं। कांठ तहसील क्षेत्र में चार स्थानों पर लगे मेलों में एक जगह डॉक्टर देरी से तो दो स्थानों पर पहुंचे ही नहीं। कोठी खिदमतपुर पीएचसी पर मेले के पर्यवेक्षक सेक्टर नोडल अधिकारी यासिर अली 11:30 बजे तक नहीं पहुंचे। वहीं पीएचसी उमरी कलां में डॉ. नितिन आनंद पंत और पर्यवेक्षक सेक्टर नोडल अधिकारी नवी हसन दोपहर 12 बजे तक नहीं पहुंचे। यहां वार्ड बॉय राकेश और एलटी मुस्कान मिले। दोपहर को पीएचसी मतलबपुर में डिप्टी सीएमओ डॉ. आरके शर्मा और सीएचएसी चिकित्साधीक्षक डॉ. राजीव सिंह निरीक्षण को पहुंचे तो यहां डॉ. अशोक बरबड नहीं मिले। पीएचसी मूंडाखेड़ी में भी डॉक्टर और पर्यवेक्षक सेक्टर नोडल अधिकारी नहीं पहुंचे। विभागीय आंकड़ों के अनुसार चारों स्थानों पर 98 रोगी देखे जाने का दावा किया गया है।

# एयरपोर्ट सुरक्षा अधिकारी अनुज कुमार के सेवानिवृत होने पर दी गई विदाई

**कांठ (शाह टाइम्स)।** मुरादाबाद एयरपोर्ट के कर्तव्य निष्ठ, स्वच्छ छवि और ईमानदार अनुज कुमार (मुख्य एयरपोर्ट सुरक्षा



अधिकारी )के सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष्य में 4वीं वाहिनी न्चैथ, मथुरा में एक गरिमामय एवं भावनात्मक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व उपसेनानायक जितेंद्र सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने अनुज कुमार का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा प्रशस्ति पत्र का वाचन कर उन्हें स्मृति चिन्ह, मोमेंटो एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया।इस अवसर पर सहायक सेनानायक धर्मेंद्र यादव ने भी ससम्मान पुष्पगुच्छ एवं उपहार भेंट किया। इसी क्रम में अलीगढ़ एयरपोर्ट के कासो विनीत कुमार द्वारा पुष्पगुच्छ एवं उपहार प्रदान कर सम्मान व्यक्त किया गया। समारोह के दौरान कासो अनुज कुमार के उत्कृष्ट सेवा योगदान, प्रभावशाली नेतृत्व, महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं प्रेरणादायक कार्यों का उल्लेख किया गया। अपने संबोधन में अनुज कुमार ने अपने सेवा काल के अनुभव साझा करते हुए उपसेनानायक समस्त अधिकारियों, साथियों एवं सभी जवानों के प्रति आभार प्रकट किया।कार्यक्रम के अंत में अनुज कुमार कासो को वाहन तक पुष्पवर्षा एवं तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

## होलिका दहन की पूजा के साथ शुरू हुआ रंगों का पर्व, महिलाओं ने सुख-समृद्धि की मांगी दुआ

**सुरजननगर।** रंगों के पावन पर्व होली की शुरुआत आज क्षेत्र में परंपरागत उत्साह और श्रद्धा के साथ हुई। सुरजननगर के विभिन्न मोहल्लों और मुख्य चौराहों पर स्थापित होलिका के समीप सुबह से ही महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने विधि-विधान से होलिका माता की पूजा-अर्चना की। श्रद्धालु महिलाओं ने होलिका पर जल अर्पित कर रोली, अक्षत, फूल और नई फसल (जौ की बालियां) चढ़ाईं। सामूहिक रूप से पूजा करते हुए महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्धि और आरोग्य की कामना की। इस दौरान मंगल गीत गाए गए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मान्यताओं के अनुसार, बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक स्वरूप यह पूजा की जाती है। देर शाम शुभ मुहूर्त में विधि-विधान के साथ होलिका दहन किया जाएगा, जिसके बाद लोग एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देंगे।

## युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला दर्ज

**भोजपुर।** पुलिस ने युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में नाजिम के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। गांव इस्लामनगर निवासी सलमान की तहरीर पर पुलिस ने नाजिम पुत्र असलम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सलमान ने आरोप लगाया है कि 28 फरवरी को उसकी 23 वर्षीय बहन को नाजिम बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विवेचना कर रहे उपनिरीक्षक पंकज कुमार ने बताया कि युवती को बरामद करने के लिए दबिशें दी जा रही हैं। युवती के बयानों के बाद ही विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# होली पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह. बाजार हुए गुले गुलजार

**कुंदरकी।** होली पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह है नगर में सोमवार को होली पर्व को लेकर बाजार में जबरदस्त चहल-पहल देखी गई पूरे दिन होली के सामान की खरीदारी को लेकर लोग बाजार में नजर आए विभिन्न प्रकार का रंग अबीर गुलाल पिचकारी सहित चिप्स पापड़ मिठाई आदि खाद्य पदार्थ खरीदारी को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया रविवार को नगर में होली का समान की खरीदारी के लिए लोगों की काफी संख्या में भीड़ जुटी रही होली पर्व के समय विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनते हैं



इस कारण सबसे ज्यादा भीड़ किराने की दुकानों पर देखे गए विभिन्न बाजार में भीड़ देखी गई हर तरफ होली की तैयारी युद्ध स्तर पर देखी गई घरों में चिप्स पापड़ के बाद महिला गुजिया बनाने में जुटी रही कहीं घर के बच्चे तो कहीं पड़ोसी महिलाओं का साथ देती रही इसके लिए एक दिन पहले ही खोया की व्यवस्था कर ली गई थी घरों में होली के परिधान पर चर्चा होती रही पिचकारी खरीदने के लिए बच्चों में खासा उत्साह देखा गया कहीं-कहीं तो बच्चे पिचकारी में रंग भरकर लोगों को भी भिगोने की कोशिश कर रहे थे उधर ग्रामीण अँचलों में होली पर्व का उत्साह देखा गया।

## लखपति दीदी की उड़ानः गत्ता फैक्ट्री बंद हुई तो 'बीसी सखी' बन संवारी अपनी और गांव की किस्मत

**ठाकुरद्वारा ।** रतूपुरा गांव निवासी कभी जिस महिला को लॉकडाउन में अपनी गत्ता फैक्ट्री बंद होने का दंश झेलना पड़ा था, आज वही डबल एमए और बीएड. पास गार्गी रानी पूरे गांव के लिए एक चलता-फिरता बैंक बन गई हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़कर उन्होंने न सिर्फ खुद को आर्थिक रूप से सशक्त किया, बल्कि बुजुर्गों, मरीजों और मनरेगा मजदूरों के लिए बैंकिंग सेवाओं को उनके दरवाजे तक पहुंचा दिया है। इसके साथ ही वह श्नमो ड्रोन दीदीश् और मशरूम उत्पादन जैसी अभिनव पहलों से जुड़कर ग्रामीण महिलाओं के लिए एक मिसाल पेश कर रही हैं। मूल रूप से बादल झल्ला (मायका) की रहने वाली गार्गी 2012 में शादी के बाद परिवार की जिम्मेदारियों में रम गई थीं।

**उत्तर रेलवे**
**ई-नीलामी**
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा अमरोहा तथा हापुड़ स्टेशन पर पार्किंग के कार्य को IREPS के माध्यम से ठेके पर देने हेतु ई-बोलियाँ www.ireps.gov.in पर दिनांक 23.03.2026 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
710/26
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक
उ.रे., मुरादाबाद
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## आईएफटीएम में वेबिनार का आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्व. विद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एलुमनाई एसोसिएशन (आईयूएए) द्वारा स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के सहयोग से "प्रोडक्शन ऑफ हेपेटाइटिस बी एंटीजन" विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में मुख्य वक्ता मिस मरियम शेख ने विद्यार्थी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि हेपेटाइटिस-बी सतही एंटीजन के उत्पादन के लिए सुरक्षित और प्रभावी हैं। उन्होंने चिकित्सा और जैव-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हेपेटाइटिस-बी एंटीजन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर आईयूएए के अध्यक्ष व डॉ. अनुज श्रीवास्तव ने मुख्य वक्ता व एलुमना मिस शेख को उनकी सफलता के लिए बधाई देते हुए उन्हें भविष्यमयी शुभकामनाएं दीं। वेबिनार में 100 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### पीसीबी ने टी-20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के लिए अपने खिलाड़ियों पर लगाया जुर्माना

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टी-20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों पर 50 लाख पाकिस्तानी रुपये (लगभग 18000 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना लगाया है। पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में सुपर आठ स्टेज के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गया और लगातार चौथी बार आईसीसी पुरुष टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाया। पाकिस्तान के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। क्रिकइनफो की रिपोर्ट के अनुसार जुर्माना डिसिप्लिनरी कारणों से नहीं है, बल्कि खास तौर पर बोर्ड के अनुसार टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन के लिए लगाया गया है। ये जुर्माना ग्रुप स्टेज में भारत के खिलाफ पाकिस्तान के मैच के तुरंत बाद लगाया गया था।

### F-1 ऑस्ट्रेलियन ग्रैंड प्रिक्स तय योजना के अनुसार होगी

**मेलबर्न, वार्ता।** फॉर्मूला वन ऑस्ट्रेलियन ग्रैंड प्रिक्स के आयोजक ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में लड़ाई की वजह से यात्रा में रुकावट के बावजूद सीजन की ओपनिंग रेस रविवार को तय योजना के अनुसार होगी। ऑस्ट्रेलियन ग्रैंड प्रिक्स कॉर्पोरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ट्रैविस औल्ड ने मेलबर्न में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अधिकारियों, टीम सदस्यों और ड्राइवरों के लिए इस रुकावट से सीजन के पहले रेस वीकेंड पर कोई असर पड़ने की उम्मीद नहीं है। औल्ड ने कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल के हमलों के बीच पश्चिम एशिया के अंदर और बाहर बड़े पैमाने पर उड़ानों के रद्द होने से कुछ टीमों को यात्रा योजना बदलनी पड़ी हैं।

### अनकैप्ड जोड़ी ट्रेनमैन और ब्राउन को वाका डे-नाइट टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया

**पर्थ, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने इस हफ्ते वाका ग्राउंड पर होने वाले दिन-रात्रि टेस्ट के लिए रेचल ट्रेनमैन और मैटलन ब्राउन को अपनी अपनी टीम में शामिल किया है। यह दोनों अनकैप्ड खिलाड़ी इस हफ्ते पर्थ में टीम के साथ जुड़ेगी। ट्रेनमैन पहली बार पेरी के कवर के तौर पर ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल हुई हैं। ऑस्ट्रेलिया को उम्मीद है कि पेरी टेस्ट में खेलने के लिए अपने क्वाड स्ट्रेन से ठीक हो जाएंगी, लेकिन अगर वह नहीं खेलती हैं तो ट्रेनमैन एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर है। 24 साल की यह खिलाड़ी इस सीजन में 50 ओवर की विमेंस नेशनल क्रिकेट लीग में तस्मानिया के लिए टॉप ऑर्डर में जबरदस्त फॉर्म में है, उसने 81 की औसत से 648 रन बनाए हैं और सीजन की सबसे अत्रिाक रन बनाने वाली खिलाड़ियों में टॉप पर 130 रन आगे है। इस बीच, ब्राउन 2021 के बाद पहली बार ऑस्ट्रेलिया टीम में शामिल हुई है।

# विराट-रोहित से सीखा मैच फिनिश करना: संजू




● **विंडीज के खिलाफ टी-20 विश्व कप के सुपर-8 मैच में नाबाद 97 रनों की पारी खेलकर भारत को जिताया**

**कोलकाता, वार्ता।** वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 विश्व कप के सुपर-आठ के अहम मुकाबले में नाबाद 97 रनों पारी खेलकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले संजू सैमसन ने कहा कि मैंने विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ियों को खेलता देख मैच को फिनिश करना सीखा है। मुझे इस दिन का इंतजार था। सैमसन ने 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार लेने के बाद कहा कि यह मेरे लिए मुकम्मल दुनिया मिलने का समान है। जिस दिन से मैंने खेलना शुरू किया मैंने सपना देखा था कि भारत के लिए खेलूंगा। मुझे लगता है कि मैं इसी दिन का इंतजार था। मैं ईश्वर का बहुत शुक्रगुजार हूं। उन्होंने कहा मैं पिछले 10-12 साल से आईपीएल खेल रहा हूं और पिछले 10 साल से भारत के लिए खेल रहा हूं। मैं डगआउट में बैठकर रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे महान खिलाड़ियों को खेलते देखा है और इस दौरान मैंने बहुत कुछ सीखा है। मैंने शायद 50 या 60 मैच ही खेले होंगे लेकिन 100 के करीब मुकाबले मैंने बाहर बैठकर देखे होंगे और मैंने इस दौरान यह देखा है कि कैसे इस खेल के महान खिलाड़ी गेम को फिनिश करते हैं। सैमसन ने कहा कि मैरी यह यात्रा बेहद खास और उतार-चढ़ाव भरी रही है। मैंने बहुत समय स्वयं पर संदेह करते बिताया है, यह सोचते हुए कि 'क्या मैं अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं।' लेकिन मैंने स्वयं पर भरोसा करना जारी रखा और मैं ईश्वर का शुक्रगुजार हूं जो उन्होंने आज मेरे ऊपर अपना आशीर्वाद बनाए रखा। पिछले मैच में हम पहले बल्लेबाजी कर रहे थे इसलिए वहां बड़ा स्कोर खड़ा करना जरूरी था। लेकिन यह मैच पूरी तरह से अलग था। मुझे नहीं लगता था कि मैं इस तरह की कोई विशेष चीज कर पाऊंगा लेकिन मैं अपनी भूमिका पर ध्यान केंद्रित कर रहा था और मैंने साझेदारियां बनाने पर ध्यान दिया। मुझे लगता है कि यह मेरे लिए सबसे बड़े दिनों में से एक है। भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि मैं हमेशा से कहते आया हूं कि अच्छे लोगों के साथ हमेशा अच्छा होता है, जो इंतजार करते हैं और जिनके पास धैर्य होता है। अभी उनसे (सैमसन) मिलने पर भी मैंने उन्हें यही कहा। लेकिन यह सब उनके कठिन परिश्रम का नतीजा है। जब वह नहीं खेल रहे थे तो वह बहुत मेहनत कर रहा था। और उन्हें सही मौके पर इसका फल मिला।

## संजू सैमसन ने मुश्किल दौर में बेहतरीन वापसी की : गौतम गंभीर

● **कहा: संजू ने मुश्किल दौर में बेहतरीन वापसी की है और उन्हें उम्मीद है कि उनकी लय फाइनल तक जारी रहेगी**




**कोलकाता, वार्ता।** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि संजू सैमसन ने एक मुश्किल दौर के बाद बेहतरीन वापसी की है और उन्हें उम्मीद है कि उनकी लय सेमीफानल और फाइनल में भी जारी रहेगी।

संजू की इस वापसी के बारे में मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि संजू कितने अच्छे खिलाड़ी हैं। यह सब उन्हें बैक करने (भरोसा जताने) के बारे में था और जब टीम को उनकी सबसे ज्यादा जरूरत थी, उस दिन उन्होंने इस तरह की बेहतरीन पारी खेली। अभी टूर्नामेंट में कुछ और महत्वपूर्ण मैच शेष हैं। यह उनके लिए लय पकड़ने का समय है। मैंने हमेशा कहा है कि वह एक विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं। वह एक महान प्रतिभा हैं और उम्मीद है कि हम आगे भी उनसे, इसी तरह की पारी देख सकेंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ सैमसन की यह पारी पहली नजर में बेहद आक्रामक दिख सकती है, लेकिन उन्होंने पूरी पारी के दौरान बहुत सोच-समझकर जोखिम लिए और लगातार स्ट्राइक रोटेट करने का प्रयास किया। इसी क्रम में उन्होंने सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या और तिलक के साथ छोटी लेकिन महत्वपूर्ण साझेदारियां की। गंभीर ने कहा कि उन्होंने एक बेहतरीन अंदाज में अपनी पारी को नियंत्रित किया। मुझे वास्तव में ऐसा लगा कि उन्होंने कभी पारी को एक्सीलरेट (तेज) नहीं किया। ए सिर्फ बहुत ही सामान्य क्रिकेटिंग शॉट्स थे और मैंने किसी भी गेंद पर उन्हें जबरदस्ती ताकत लगाते हुए भी नहीं देखा। उन्होंने कहा जिम्बाब्वे के खिलाफ उनकी पिछली पारी बेहद महत्वपूर्ण थी। लोग उनके स्कोर और अलग-अलग चीजो को देखते रहेंगे, लेकिन फिर टीम में वापस आना और 23-24 रनों की वह पारी खेलना, उनके लिए अच्छा एहसास रहा होगा। उससे उन्हें बहुत आत्मविश्वास मिला होगा क्योंकि जाहिर तौर पर उस खिलाड़ी के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज कठिन ही थी, लेकिन हम हमेशा उनकी क्षमता को जानते थे। गंभीर ने कहा कि मैंने सैकड़ों क्रिकेटरों को देखा है, लेकिन बहुत से लोगों के पास वह प्रतिभा नहीं है। न्यूजीलैंड के खिलाफ उनकी सीरीजी कठिन रही थी। इसलिए कभी-कभी उन्हें ब्रेक देना भी महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि आप खिलाड़ी को उस दबाव की स्थिति से बाहर निक.ालना चाहते हैं। हम हमेशा जानते थे कि जब भी हमें विश्व कप मैच में उनकी जरूरत होगी, वह आएंगे और हमारे लिए प्रदर्शन करेंगे।

## ललित ने मुहामेट मालो 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में जीता कांस्य पदक

**इसी जीत के साथ टूर्नामेंट में भारत के पदकों की संख्या सात हो गई**

**अल्बानिया, वार्ता।** भारतीय पहलवान ललित ने मुहामेट मालो 2026 कुश्ती टूर्नामेंट के आखिरी दिन ग्रीको-रोमन 55 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता।

इसी के साथ टूर्नामेंट में भारत के पदकों की संख्या सात हो गई। रविवार को खेले गए मुकाबले में 23 साल के भारतीय पहलवान, जिन्होंने 2023 में अंडर 23 एशियन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था, ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज प्रतियोगिता में अपना पहला पोडियम कजाकिस्तान के आर्सेन जुमा पर 9-0 से जीत के साथ पक्का किया, जो पिछले साल अंडर 20 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता थे। इससे पहले ड्रॉ में, ललित ने क्वार्टर-फाइनल में अल्बानिया के एंडी मुका पर 8-0 की टेक्निकल सुपीरियोरिटी से जीत दर्ज की थी। फिर उन्हें सेमी-फाइनल में अजरबैजान के राशद मम्मादोव ने 6-5 से हराया। भारत के विश्वजीत मोरे ने भी ग्रीको-रोमन 55 किग्रा भार वर्ग में हिस्सा लिया, लेकिन कजाकिस्तान के मार्लन मुकाशेव से कांस्य पदक मुक.ाबला हार गए।

## भारत जून में अफगानिस्तान के साथ एक टेस्ट और तीन एकदिवसीय मैच खेलेगा

● **यह टेस्ट मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-2027 चक्र का हिस्सा नहीं होगा**



**मुम्बई, वार्ता।** भारत जून में अफगानिस्तान के साथ एक टेस्ट और तीन एकदिवसीय मैचों की घरेलू सीरीज की मेजबानी करेगा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के बाद यह दौरा छह जून से शुरू होगा और 10 जून तक न्यू चंडीगढ़ में एकमात्र टेस्ट मैच खेला जाएगा।

इसके बाद 14, 17 और 20 जून को क्रमशः धर्मशाला, लखनऊ और चेन्नई में तीन एकदिवसीय खेले जाएंगे। यह दोनों टीमों के बीच दूसरा टेस्ट होगा। इससे पहले 2018 में पहला टेस्ट मैच खेला गया था, जिसे भारत ने एक पारी और 262 रन से अफगानिस्तान को हराया था। यह टेस्ट मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र का हिस्सा नहीं होगा। यह भारत और अफगानिस्तान के बीच पहली द्विपक्षीय एकदिवसीय सीरीज भी होगी। अब तक दोनों टीमें इस प्रारुप में केवल एशिया कप और विश्व कप में ही आमने-सामने हुए हैं। मौजूदा टी-20 विश्व कप के बाद भारत की पहली सीरीज होगी। इस सीरीज के बाद भारतीय टीम एक से 19 जुलाई तक पांच टी-20 और तीन एकदिवसीय सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाएगा। वहीं अफगानिस्तान विश्व कप समाप्त होते ही संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में श्रीलंका की मेजबानी करेगा और तीन टी-20 और तीन एकदिवसीय मैच खेलेगा।

## करीब एक करोड़ आठ लाख में नीलाम हुआ पहला ओलंपिक पदक



● **ब्रून रासमुसेन आर्ट्स ऑक्शनियर्स द्वारा आयोजित नीलामी में इस पदक को बिक्री के लिए रखा गया था**

**कोपेनहेगन, वार्ता।** डेनमार्क में एक नीलामी में आधुनिक ओलंपिक खेलों के पहले मेडल को लगभग एक करोड़ आठ लाख रुपये यूरो में बेचा गया है। 'ब्रून रासमुसेन आर्ट्स ऑक्शनियर्स' द्वारा आयोजित नीलामी में इस पदक को बिक्री के लिए रखा गया था, जो 1896 में एथेंस में आयोजित दुनिया के पहले आधुनिक ओलंपिक खेलों में प्रदान किया गया था। उन खेलों में, पहले स्थान पर आने वाले विजेताओं को रजत पदक (सिल्वर मेडल) दिए गए थे, जबकि दूसरे स्थान पर रहने वालों को कांस्य पदक (ब्रोंज मेडल) प्रदान किए गए थे।

स्वर्ण पदक बाद के ओलंपिक खेलों में दिया जाने लगा था। प्रसिद्ध फ्रांसीसी कलाकार जूल्स-क्लेमेंट चैपलैन द्वारा उकेरा गया यह पदक शास्त्रीय प्रतीकों से समृद्ध है। पदक के सामने के हिस्से पर फूल-पत्तों के मुकुट से सुसज्जित यूनानी देवता जड्यूस का चित्र है, जिन्होंने अपने हाथ में एक ग्लोब पकड़ा हुआ है, जिसके ऊपर विजय की देवी नाइकी जैतून की टहनी लिए खड़ी हैं। पहले आधुनिक ओलंपिक में 14 देशों के 241 एथलीटों ने हिस्सा लिया था, जिन्होंने नौ खेलों और 43 स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा की थी।

## श्रीलंका महिला टीम ने विंडीज को हराया

● **चामरी अटापट्टू दो विकेट/39 रन के शानदार प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका टीम ने विंडीज को हराया**




**सेंट जॉर्ज, वार्ता।** चामरी अटापट्टू (दो विकेट/39 रन) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका महिला टीम ने दूसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 11 गेंदे शेष रहते चार विकेट से शिकस्त दी। श्रीलंका ने रविवार रात खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की महिला टीम श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे निर्धारित 20 ओवरों में 101 रन के स्कोर पर सिमट गई।

वेस्टइंडीज के लिए कप्तान हेली मैथ्यूज ने सर्वाधिक 28 रन बनाए। वहीं स्टेफनी टेलर ने (14), डिएंड्रा डॉटिन ने (12) और आलिया एलेन ने (नाबाद 11) रनों की पारी खेली। वेस्टइंडीज के शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। श्रीलंका के लिए माल्की मदारा, नीलक्षिका सिल्वा ने तीन-तीन विकेट लिए। चामरी अटापट्टू को दो विकेट मिले। कविशा दिलहारी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने 18.1 ओवर में छह विकेट पर 102 रन बनाकर मुक.ाबला चार विकेट से अपने नाम कर लिया।

श्रीलंका के लिए चामरी अटापट्टू ने 26 गेंदों में सात चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 39 रन बनाए। हसिनी (18) और विशमी गुणरत्ने (10) रन बनाकर आउट हुई। कविशा दिलहारी ने 13 गेंदों में दो चौके लगाते हुए नाबाद 18 रनों की पारी खेली। वेस्टइंडीज के लिए कियाना जोसेफ और एफी फ्लेचर ने 2-2 विकेट लिए। हेली और करिश्मा रामहरैक ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालिफायर टिकटों की बिक्री शुरू

● **हॉकी इंडिया ने अधिक से अधिक प्रशंसकों की पहुंच के उद्देश्य से ईस्ट स्टैंड के लिए टिकटों की कीमत 100 रुपये नॉर्थ स्टैंड 25 रुपये निर्धारित है**

**हैदराबाद, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने कहा है कि आगामी एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालिफायर हैदराबाद, तेलंगाना के लिए टिकटों की बिक्री सोमवार से शुरु होगी। यह टूर्नामेंट आठ से 14 मार्च तक हैदराबाद के जी-एम-सी-बालयोगी हॉकी ग्राउंड खेला जाएगा। हॉकी इंडिया ने अधिक से अधिक प्रशंसकों की पहुंच के उद्देश्य से ईस्ट स्टैंड के लिए टिकटों की कीमत 100 रुपये, नॉर्थ स्टैंड के लिए 50 रुपये और साउथ स्टैंड के लिए 25 रुपये निर्धारित की है। भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया अगस्त में होने वाले एचआईएच हॉकी विश्व कप बेल्जियम और नीदरलैंड्स 2026 के लिए तीन क्वालिफिकेशन स्पॉट के लिए मुकाबला करेंगे। इस प्रतियोगिता के लिए टीमों को दो पूल में बांटा गया। इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया पूल ए में हैं, जबकि मेजबान भारत को स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स के साथ पूल बी में रखा गया है। भारतीय महिला हॉकी टीम अपने अभियान की शुरुआत आठ मार्च को उरुग्वे के खिलाफ करेगी, जिसके बाद 9 और 11 मार्च को स्कॉटलैंड और वेल्स के खिलाफ मैच होंगे। इस अवसर पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि हम एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालिफायर हैदराबाद, तेलंगाना के लिए हैदराबाद में सभी हॉकी फैंस का दिल से स्वागत करते हैं। हमें यकीन है कि सपोर्टर्स बड़ी संख्या में आएंगे और जी-एम-सी- बालयोगी हॉकी ग्राउंड के स्टैंड्स को भर देंगे और भारत और दूसरे देशों का हौसला बढ़ाएंगे। इस बड़े टूर्नामेंट को होस्ट करना भारतीय हॉकी के लिए गर्व का पल है और मैं सभी को स्टेडियम आने, खिलाड़ियों को सपोर्ट करने और अंतर्राष्ट्रीय हॉकी के एक रोमांचक हफ्ते का हिस्सा बनने के लिए बुलाता हूं। हॉकी इंडिया के सेक्रेटरी जनरल भोला नाथ सिंह ने कहा कि यह हैदराबाद में फैंस के लिए उच्च स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय हॉकी देखने का एक शानदार मौका है। सस्ती टिकट कीमतों के साथ, हम यह सुश्चिनत करना चाहते हैं कि परिवार, स्टूडेंट्स और युवा खिलाड़ी लाइव मैचों का रोमांच महसूस कर सकें। हम खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के लिए एक आसान और यादगार इवेंट देने के लिए बहुत मेहनत कर रहे हैं।

## 23 वर्षों बाद नई दिल्ली में होगा एसजेएफ आई नेशनल कन्वेंशंन

**चार दिवसीय इस नेशनल कन्वेंशंन में उत्तर, पूर्व, पश्चिम और दक्षिण जोन से खेल पत्रकार भाग लेंगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) का नेशनल कन्वेंशन 2026, 13 से 16 मार्च तक नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। 23 वर्षों के अंतराल के बाद यह प्रतिष्ठित वार्षिक आयोजन राष्ट्रीय राजधानी में लौट रहा है।

दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (डीएसजेए) द्वारा आयोजित यह नेशनल कन्वेंशन एसजेएफआई की स्वर्ण जयंती के अवसर पर हो रहा है, जिससे यह संस्करण संगठन के इतिहास में अत्यंत विशेष और महत्वपूर्ण बन गया है। एसजेएफआई को खेल पत्रकारों की विश्व संस्था इंटरनेशनल स्पोर्ट्स प्रेस एसोसिएशन (एआईपीएस) से मान्यता और संब(ता प्राप्त है। चार दिवसीय इस नेशनल कन्वेंशंन में उत्तर, पूर्व, पश्चिम और दक्षिण जोन से खेल पत्रकार भाग लेंगे। इसके साथ ही भारतीय खेल जगत, खेल प्रशासन और प्रसारण क्षेत्र की प्रमुख हस्तियां भी इसमें शामिल होंगी।

प्रमुख औद्योगिक सहयोगियों और प्रतिष्ठित ब्रांड्स के समर्थन से 2026 का यह संस्करण एसजेएफआई के इतिहास का सबसे बड़ा और प्रभावशाली आयोजन बनने जा रहा है। कार्यक्रम में पेशेवर संवाद, खेल प्रतिस्पर्धा और व्यापक नेटवर्किंग अवसरों का समावेश होगा। प्रमुख आकर्षणों में शीर्ष खेल प्रशासकों और ओलंपिक दिग्गजों की भागीदारी वाला ग्रैंड स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव, जेके बोस इंटर-जोनल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट, एसी बाली टेबल टेनिस टूर्नामेंट, परिवार और युवाओं की सहभागिता हेतु मॉडर्न पायथियन गेम्स तथा विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में भव्य फाइनल एवं समापन समारोह शामिल हैं। डीएसजेए के अध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी ने कहा कि दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन इस आयोजन के लिए पूरी तरह तैयार है। जब एसजेएफआई ने हमें नेशनल कन्वेंशन की मेजबानी सौंपी, तभी हमने इसे ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

हमारी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं और देशभर की प्रतिष्ठित खेल हस्तियां इस चार दिवसीय आयोजन में भाग लेंगी। मैं खेल मंत्रालय और खेल क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों का इस आयोजन में सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता हूं। विशेष रूप से आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सचिव एवं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का उनके अमूल्य सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूं। एसजेएफआई के अध्यक्ष सरोजु चक्रवर्ती ने कहा कि नई दिल्ली में आयोजित स्वर्ण जयंती नेशनल कन्वेंशन हमारी यात्रा का ऐतिहासिक पड़ाव है।

पांच दशकों से एसजेएफआई खेल पत्रकारिता में विश्वसनीयता, पेशेवर उत्कृष्टता और एकता का प्रतीक रहा है। 23 वर्षों बाद दिल्ली में वापसी केवल हमारी विरासत का उत्सव नहीं, बल्कि तेजी से बदलते मीडिया परिदृश्य में पेशे के भविष्य की दिशा तय करने का अवसर भी है। हम डीएसजेए के प्रति आभार व्यक्त करते हैं और सार्थक विमर्श की अपेक्षा रखते हैं। एसजेएफआई के मानद सचिव रमेश वरिकुप्पला ने कहा कि 13 से 16 मार्च 2026 तक दिल्ली में आयोजित यह नेशनल कन्वेंशन केवल एक बैठक नहीं, बल्कि खेल पत्रकारिता में उत्कृष्टता, एकता और नैतिकता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुनर्पुष्टि है। मीडिया जगत में तीव्र परिवर्तन के इस दौर में यह आयोजन संवाद, पेशेवर विकास और देशभर के साथियों के बीच सौहार्द बढ़ाने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। मैं इस आयोजन को संभव बनाने के लिए डीएसजेए के समर्पण और दूरदृष्टि के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। स्वर्ण जयंती संस्करण एसजेएफआई के 50 वर्षों के योगदान का उत्सव मनाएगा और प्रिंट से डिजिटल, प्रसारण और मल्टी-प्लेटफॉर्म स्टोरीटेलिंग तक खेल पत्रकारिता के विकास को रेखांकित करेगा।

वरिष्ठ सरकारी प्रतिनिधियों, ओलंपिक दिग्गजों और भारतीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र के प्रमुख हितधारकों की सहभागिता के साथ, एसजेएफआई नेशनल कन्वेंशन 2026 संगठन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होने जा रहा है।

# जीजा ने साथियों के साथ मिलकर की थी साली की हत्या पुलिस ने किया गिरफ्तार, कुएं में मिला था युवती का शव



**मुरादाबाद।** जनपद के थाना मैनाठेर क्षेत्र केग्राम बघी गोवर्धनपुर के जंगल स्थित सूखे कुएं में मिली अज्ञात युवती की लाश के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है।पुलिस ने हत्याकांड के मुख्य आरोपी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरो. पियों में मृतका का जीजा भी शामिल है, जिसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था।जानकारी के अनुसार 27 फरवरी को लगभग 15 फुट गहरे सूखे कुएं में 20ख्22 वर्षीय अज्ञात युवती का शव बरामद हुआ था।

सूचना पर पुलिस व फील्ड यूनिट ने मौके पर पहुंचकर जांच की और पोस्टमार्टम कराया। शिनाख्त के लिए सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से प्रयास किए गए, जिसके बाद मृतका की पहचान शाबरीन उर्फ समरीन (21 वर्ष) निवासी ग्राम कमालपुर काफूरपुर थाना असमौली जनपद सम्भल के रूप में हुई।मृतका के पिता बाबू पुत्र जुम्मा खां की तहरीर पर 1 मार्च को थाना मैनाठेर में मुकदमा दर्ज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी बिलारी के नेतृत्व में टीम गठित कर जांच शुरू की गई।पुलिस ने सोमवार को नामजद मुख्य आरोपी हासिम निवासी मोहल्ला चौधरियान कस्बा सिरसी थाना हजरतनगर गढ़ी जनपद सम्भल को गिरफ्तार किया। उसके साथ अजीम बाबा और आदिल को भी पकड़ा गया।आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने मृतका के कपड़े, ज्वैलरी, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की है।पकड़े गए मुख्य आरोपी हासिम ने पुलिस को बताया कि मृतका उसकी सगी साली थी और दोनों के बीच संबंध थे।

मृतका विवाह का दबाव बना रही थी, जबकि हासिम पहले से शादीशुदा था। 26/27 फरवरी की रात उसने साथियों के साथ मिलकर शाबरीन को मिलने के लिए बुलाया और ज्वैलरी साथ लाने को कहा। नहर पटरी पर कहासुनी के बाद उसने दुपट्टे से गला दबाकर हत्या कर दी और शव को कुएं में फेंक दिया। साक्ष्य मिटाने के लिए कपड़े, ज्वैलरी और मोबाइल अलग-अलग स्थानों पर फेंक दिए गए।पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई जारी है और मामले में आगे की विधिक प्रक्रिया प्रचलित है।

# अधेड़ की मौत के बाद महिला सहित तीन पर एफआईआर दर्ज



**कांठ (शाह टाइम्स)।** अधेड़ की मौत के मामले में आज पुलिस ने महिला सहित तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। थाना क्षेत्र के गांव नींगू नगला निवासी सुरेंद्र पुत्र महिपाल सिंह का कहना था कि उसके भाई सचिन की बुद्धि कुछ कमजोर है उसको पुष्पांजलि पुत्री वेद प्रकाश गुप्ता निवासी छपना थाना रेहरा जनपद अमरोहा ने जाल में फंसा लिया तथा उसी के साथी देवेंद्र गुर्जर ग्राम पुरसल थाना नगली जिला अमरोहा और राजू सिंह ने मिलकर कॉल करनी शुरू कर दी। आरोप है कि उपरोक्त उसके पिता महिपाल पर सचिन की शादी करने के लिए दवाब बनाने लगे और शादी न करने पर 10 लाख रुपए की मांग कर रहे थे पैसे ना देने पर जेल भिजवाने की धमकी देने लगे इससे तंग आकर उसके पिता ने 24 फरवरी को जहर का सेवन कर लिया उन्हें कॉसमॉस अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन 1 मार्च की शाम को उनकी मौत हो गई। पीड़ित ने इस घटना का जिम्मेदार पुष्पांजलि देवेंद्र और राजू को ठहराया पोस्टमार्टम उपरांत शब गांव आया लेकिन एफआईआर दर्ज न होने पर गांव में नाराजगी फैल गई। ग्रामीणों का कहना था की एफआईआर होने तक परिजनों ने दाह संस्कार से इनकार किया तो पुलिस ने तीनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मृतक का अंतिम संस्कार दोपहर को कर दिया गया।

## एक नजर

### टीएमयू कैंपस में होली के रंगों में सराबोर नजर आए स्टुडेंट्स



**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के स्टुडेंट्स कैंपस में होली पर रंगों में सराबोर नजर आए। विशेषकर नवागत और अंतिम बरस के छात्रों में होली पर्व का उत्साह अधिक देखने को मिला। अपने-अपने घरों की रवानगी से पूर्व न केवल डे स्कॉलर्स, बल्कि हॉस्टलर्स ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर जमकर ठुमके लगाए। साथ ही सेल्फी और ग्रुप फोटो क्लिक करने से नहीं चूके। जैसे होली के रंग चमकते हैं, वैसे ही आपका जीवन भी खुशियों से जगमगाता रहे.. गुलाल की महक आपके जीवन में खुशियाँ घोल दे....सरीखे वाक्यों से एक दूसरे को हैप्पी होली विश की। मेडिकल, डेंटल, टिमिट, सीसीएसआईटी, सीओई आदि कॉलेजों के स्टुडेंट्स इस मस्ती में शामिल रहे। फैकल्टीज ने भी एक-दूसरे को गुलाल लगाकर कहा, बुरा न मानो होली है।

फ्रेशर्स स्टुडेंट्स ने अपने सीनियर्स को रंग-बिरंगे गुलाल लगाया तो फाइनल ईयर के स्टुडेंट्स ने फेयरवेल पार्टी की मानिंद होली को सेलिब्रेट किया। रंग-बिरंगे परिधानों में स्टुडेंट्स को पहचान पाना भी मुश्किल हो गया। ई-लॉबी में स्टुडेंट्स ने दोस्तों के रंग अपने पसंदीदा व्यंजनों का लुफ्त भी उठाया। हॉस्टल्स में होली के पर्व पर डीजे पर छात्र-छात्राएं खूब थिरके। डेंटल के स्टुडेंट्स ने रंग बरसे भीगे चुनर वाली... बलम पिचकारी जो तुने मुझे मारी....सरीखे गानों पर ठुमके लगाए। बालीवुड, हालीवुड, पंजाबी, हरियाणवी, राजस्थानी सरीखे गानों की धुनों पर इस होली के रंग अविस्मरणीय हो गए। इस मौके पर एमबीबीएस से आरुषी, एमडीएस से डॉ. हर्षित सेठी, डॉ. मुकुल धान्या, बीडीएस आदि मौजूद रहे।

### महानगर में होली के पर्व की धूम, बाजारों में लोगों ने की की खरीदारी

**मुरादाबाद।** महानगर में होली का पर्व पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। त्योहार को लेकर बाजारों में रौनक चरम पर है और हर ओर रंग-बिरंगी



चहल-पहल देखने को मिल रही है। होली के मद्देनजर लोगों ने खरीदारी के लिए बाजारों का रुख किया, जिससे मुख्य बाजारों में दिनभर भीड़ उमड़ी रही।वहीं बरगुलियाँ और गन्ने की खरीदारी भी जमकर हुई। लोग पूजा-अर्चना और पारंपरिक रीति-रिवाजों के लिए आवश्यक सामग्री खरीदते नजर आए। दुकानों पर सजी बरगुलियाँ और गन्ने ने ग्राहकों का विशेष आकर्षण खींचा। व्यापारियों के चेहरे भी अच्छी बिक्री से खिले हुए दिखाई दिए।वहीं रंग, गुलाल और पिचकारियों से सजे बाजार बच्चों और युवाओं को खासा लुभा रहे हैं। विभिन्न प्रकार की रंगीन पिचकारियां, हर्बल गुलाल और आकर्षक पैकिंग में उपलब्ध रंगों की खूब बिक्री हो रही है। मिठाई की दुकानों पर भी गुझिया, नमकीन और अन्य पकवानों की खरीदारी तेज हो गई है।हर तरफ होली के पर्व की धूम नजर आ रही है। बाजारों में बजते फाग गीत और रंगों से सजे स्टॉल त्योहार के माहौल को और भी खुशनुमा बना रहे हैं। महानगर पूरी तरह होली के रंग में रंगा हुआ दिखाई दे रहा है।

### पेड़ काटने में एक ही परिवार के पांच फंसे

**कांठ( शाह टाइम्स )** भाई के खेत पर खड़े पेड़ काट लेने पर पांच के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है मधपुरी गांव निवासी रमेश पुत्र मुरारी का आरोप था कि उसके पास खेती की जमीन है जिसकी मेड पर तालाब भी है। उसने अपनी मेड पर पेड़ लगाए थे।

जिन्हें 1 मार्च की सुबह करीब 7:00 बजे बड़े भाई रामफल वीर सिंह ओंकार मोहित पंकज ने काट लिया और विरोध करने पर उसके बेटे गजेंद्र के साथ गाली-गलौज व मारपीट की जिससे गजेंद्र को काफी चोट आई। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने 5 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### रमजान से मिलती है आत्मा अनुशासन सहानुभूति और भाईचारे की शिक्षा: सलमा हक्कानी

कांठ(शाह टाइम्स) रमजान का पवित्र महीना आत्मा अनुशासन सहानुभूति और भाईचारे की शिक्षा देता है रमजान इस्लामिक कैलेंडर का



सबसे पवित्र महीना है जो आध्यात्मिक शुद्ध आत्म नियंत्रण और ईश्वर के प्रति समर्पण का समय होता है उक्त बात आज उत्तर प्रदेश महिला आयोग की पूर्व सदस्य सलमा हक्कानी ने कही उन्होंने बताया कि कुराने पाक का अवतरण इसी महीने में हुआ था जो आस्था की प्राप्ति का प्रतीक है। इस्लाम के नियमों और संदेश में रमजान का महीना महत्वपूर्ण हिस्सा है इसमें गरीब अमीर सभी बिना भेदभाव के एक साथ रोजा खोलते हैं खाते पीते हैं और आपसी भाईचारा स्थापित करते हैं। उन्होंने आगे बताया कि रमजान के 30 दिन रात में ताराबी की नमाज के दौरान लोग हाफिज ए कुरान कंठस्थ कर लेते हैं। इसके बाद नवाजी महिलाओं और पुरुषों को मस्जिद में या घरों में सुनाते हैं महिलाएं पुरुष सभी अपनी आस्थाओं के अनुसार रोजा रखने को उपासना यानी इबादत मानते हैं यह उपवास शरीर को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है इससे मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। रोजा आत्म नियंत्रण और ईश्वर की भक्ति का भी प्रतीक है इस महीने में जकात और जरूरतम. दों की मदद करने पर विशेष जोर दिया जाता है।

### होली पूजन को लेकर शहर में जगह-जगह गन्ने की बिक्री, बाजारों में रही रौनक

**चन्दौसी।** होली पूजन को लेकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गन्ने की बिक्री जोरों पर रही। सोमवार को फुब्बारा चौक, स्टेशन रोड, गौशाला रोड, डबल फाटक, सीता रोड एवं पथरा मोड़ सहित नगर के कई स्थानों पर दुकानदारों ने गन्ने की अस्थायी दुकानें लगाकर बिक्री की। होली पूजन में गन्ने का विशेष महत्व होने के कारण सुबह से ही लोगों की भीड़ गन्ना खरीदने के लिए उमड़ती रही। श्रद्धालुओं ने होलिका पूजन के लिए गन्ना, उपले और अन्य पूजन सामग्री की खरीदारी की। बाजारों में पूरे दिन चहल-पहल का माहौल बना रहा। दुकानदारों ने बताया कि होली के पर्व पर गन्ने की मांग काफी बढ़ जाती है। होलिका दहन से पहले लोग पूजन के लिए गन्ना अवश्य खरीदते हैं, जिससे बिक्री में तेजी आती है। वहीं खरीदारों ने भी परंपरा के अनुसार गन्ना खरीदकर पूजन की तैयारी की। होली पर्व को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है और लोग पूरे विधि-विधान से होली पूजन एवं होलिका दहन की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# होली को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से बिलारी पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में सोमवार को नगर व देहात क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया।

फ्लैग मार्च कोतवाली परिसर से शुरू होकर नई सड़क सहित नगर के प्रमुख मार्गों और संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरा। वही देहात क्षेत्र में मंगूपुर, जरगांव,सतारन इत्यादि संवेदनशील इलाकों में भी भृमण किया गया। इस दौरान पुलिस बल ने लोगों से त्योहार को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने की अपील की। बताया कि फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य कानून-व्यवस्था बनाए रखना, लोगों में सुरक्षा का भरोसा पैदा करना तथा असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश देना है। उन्होंने कहा कि होली के दौरान पुलिस की अतिरिक्त निगरानी रहेगी और किसी भी तरह की गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।





# योग्यता आधारित परीक्षा में तीन दर्जन छात्र-छात्राओं का चयन

**कांठ( शाह टाइम्स )।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्र परीक्षा 2026-27 का परिणाम परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश की ओर से घोषित कर दिया गया। 9 नवंबर को पूरे प्रदेश में एक साथ परीक्षा का आयोजन किया गया था।

इस परीक्षा में ब्लॉक छजलैट से करीब तीन दर्जन बच्चों का चयन हुआ हैस अक्शा (तेलीपुरा खालसा), आकिब (मथाना). पल्लवी (मुंडाखेड़ी). पायल (लदावली) अनामिका (सलेमपुर) चाहत (सलेमपुर). अक्षित (कन्या जूनियर हाई स्कूल फतेहपुर विश्नोई) आरुषि यशवी शिवा दीपांशु. कंचन मोहित, खुशबू मो. अर्श (सभी बच्चे कन्या जूनियर हाई स्कूल फतेहपुर विश्नोई)वासु (जूनियर हाई स्कूल विद्यालय फतेहपुर विश्नोई. अनुदेश(जूनियर हाई स्कूल फतेहपुर विश्नोई) कार्तिक (जूनियर हाई स्कूल फतेहपुर विश्नोई). दयानंद (जूनियर हाई स्कूल फतेहपुर विश्नोई). आयुषी (जूनियर हाई स्कूल फतेहपुर विश्नोई) नूरा अफ्शा (जूनियर हाई स्कूल फतेहपुर विश्नोई) अलीशा (कुडामीर पुर)हेमांक (कुडामीर पुर) हिमांशी (कासमपुर) सचिन (मधुआ खालसा)उमेश (मधुआ खालसा) रमन (मधुआ खालसा)एलिक्स (मानपुर) ध्रुव (मानपुर) रिहान (मानपुर) माही (रसूलपुर गुर्जर)कृतिका (रसूलपुर गुर्जर) हितेश (रसूलपुर गुर्जर) करीब तीन दर्जन छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है सखंड शिक्षा अधिकारी शिवम गुप्ता एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही ने सभी बच्चों को बधाई दी हैस सरकार की ओर से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को 1000 रुपये प्रति माह की दर से चार वर्षों के दौरान कुल 48000 रुपये की धनराशि दी जाती है।

# आईएफटीएम में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2026 के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूल ऑफ साइंसेज के वनस्पति विज्ञान विभाग और स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग की ओर से परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लीची, आड़ू, नाशपाती आदि फलों के पौधों का रोपण किया गया और पर्यावरण संतुलन, जैव विविधता संरक्षण तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। वहीं, स्कूल ऑफ साइंसेज की ओर से ष्विमेन इन साइंस: कैटेलाइजिंग विकसित भारत-2047ष विषय पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें 206 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विश्व. विद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस प्रकार के आयोजन



विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, वैज्ञानिक सोच एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विक. सित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी. के. सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस वैज्ञानिक सोच और पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने सभी से प्रकृति संरक्षण हेतु अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

### जायंट्स ग्रुप की महिलाओं ने मनाया भव्य बृज होली उत्सव, मानवता व समरसता का दिया संदेश

**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पावर, वूमेन प्राइड एवं वूमेन एरा द्वारा संयुक्त रूप से बृज होली उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने फूलों और गुलाल से होली खेलकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं तथा उत्साहपूर्वक उत्सव का आनंद लिया। इस अवसर पर डॉ. सुधा चौधरी, पदमा भार्गव, क्षमा अग्रवाल, अनु रस्तोगी और शुभा अग्रवाल सहित सभी सदस्यों ने मनो. हारी नृत्य प्रस्तुत किए। समारोह में होली थीम पर आधारित तंबोला, विभिन्न होली गेम्स एवं सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार हेतु प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उत्सव के साथ ही विश्व मानव सप्ताह भी मनाया गया, जो मानवता, मानव अधिकारों, समानता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। इस दौरान सदस्यों ने जाति, धर्म, भाषा और रंग के भेदभाव को समाप्त कर आपसी भाईचारे और एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में नीतू, शुभा, प्रीति, अंजलि, वंदना, रेशु, नैना, काव्या, प्रियांशी, अलका, शिवानी, शिखा, आंचल, सुरभि, सुनीता, कविता, शुभ्रा, स्वाति, मानसी सहित ग्रुप की सभी सदस्याएं उपस्थित रहीं।

# होली का पर्व मनाया गया, रंगों और गुलाल से भर गया वातावरण

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर के तत्वावधान में होली का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला के नेतृत्व में महानगर कार्यालय बुद्धि विहार पर रंगों का उत्सव होली मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह जी ने कार्यक्रम में शिरकत की और सभी कार्यकर्ताओं को होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नगर विधायक रितेश गुप्ता, जिला अध्यक्ष आकाश पाल, क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा और अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। चौधरी भूपेंद्र सिंह जी ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और हम सभी संगठन के कार्यकर्ता हैं। उन्होंने सभी से मिलकर कार्य करने और आगामी विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।



# होली मिलन का आयोजन, एकता और भाईचारे का संदेश

**मुरादाबाद।** भारतीय सोशलिस्ट मंच के संयोजक आदित्य कुमार एडवोकेट के निवास पर होली मिलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संयोजक जी ने घर पर आए सभी मित्रगणों का स्वागत किया और वहां पर मौजूद दुर्गेश दीदी ने सभी आंगन्तुकों के टीका लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर हिंदू-मुस्लिम एकता और भाईचारे का संदेश दिया गया। संयोजक जी ने कहा कि हम सबको मिलकर देश में एकता, भाईचारा और सद्भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि प्रेम का संदेश फैलाएं और देश को फिर सोने की चिड़िया बनाने की दिशा में मिलकर आगे बढ़ाएं। इस अवसर पर मंसूर उर रहमान, शाहिद हुसैन एडवोकेट, चौधरी सुरेश सिंह एडवोकेट, ओझ्ञ पीझ्ञ सागर, डिंपल सागर, चंद्रसेन जी, डॉक्टर किशोर कुमार, मनोज चौहान एडवोकेट, चौधरी अंकुश, विनय यादव, दुर्गेश दीदी, डॉक्टर कविता आदि मौजूद रहे।



# सत्रह मार्च को निकलेगी श्री जंभेश्वर शोभा यात्रा



**कांठ ( शाह टाइम्स )** बिश्नोई समाज के लोदीपुर धाम में आगामी मेले की तैयारियों को लेकर सोमवार को समाज के लोगों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में वार्षिक श्री जंभेश्वर शोभा यात्रा को धूमधाम से निकालने एवं वार्षिक उत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता स्वामी प्रणवानन्द महाराज ने की इस अवसर पर मेले की व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रबंध, साफ-सफाई, श्रद्धालुओं की सुविधा, यातायात व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई, बताया गया कि 17 मार्च को शोभायात्रा और18 मार्च को भव्य मेला आयोजित किया जाएगा जिसमें हजारों लोग पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लेंगेस बैठक में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करने हेतु आग्रह किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश बिश्नोई सभा के अध्यक्ष संजय सिंह, पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट प्रदीप कुमार विश्नोई,स्वामी पीके महाराज हरिद्वार, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजन विश्नोई, डॉ विवेक हरथला,डॉ राकेश बिश्नोई अगवानपुर, एडवोकेट विवेक बिश्नोई, अजय बिश्नोई अध्यक्ष (लोदीपुर धाम) अजीत बिश्नोई (महामंत्री ), रो. हित बिश्नोई उपाध्यक्ष, पविंदर बिश्नोई हरथला, सुनीत बिश्नोई मुरादाबाद,सुखबीर सिंह,सौरभ बिश्नोई, विक्रम सिंह, श्री ओम बिश्नोई,स्वामी जगदेवानंद कांठ बिश्नोई मंदिर आदि मौजूद थे।

हर्बल इम्यूनिटी बूस्टर
थकान, कमजोरी दूर करें, अनेक रोगो से बचाए
1980 से प्रसिद्ध
एनर्जिक-31
स्वास्थ्यवर्धक कैप्सूल



amazon पर भी उपलब्ध है
फोन नं0 0591-3554385 E-mail:energic31@gmail.com

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# बढ़ती वैश्विक चिंता

पिछले कुछ समय से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिस तरह के हालात बने हुए हैं, उसमें ऐसा लगता है कि कई मोर्चों पर प्रतिस्पर्धी देशों के बीच विवादित मुद्दों को सुलझाने के लिए संवाद के बजाय संघर्ष को ही आखिरी हल मान लिया गया है। हैरानी की बात यह है कि युद्ध के खिलाफ शांति का पाठ पढ़ाने वाले कुछ ताकतवर देशों के नेताओं को भी अपने प्रभाव से संघर्ष को टालने के रास्ते तलाश करना प्राथमिक नहीं लगता। इसके उलट वे तनाव को सीधे टकराव में तब्दील करने वाले अभियानों में शामिल होना जरूरी समझते हैं। बीते कुछ महीनों से इजराइल और अमेरिका ने ईरान के खिलाफ जिस तरह का माहौल बनाना शुरू किया था, उससे साफ था कि अगर विवाद के मूल बिंदुओं को केंद्र में रखकर अंतर्राष्ट्रीय मंचों की मध्यस्थता में बिना देरी किए संबंधित पक्षों के बीच वार्ता की गुंजाइश नहीं निकाली गई, तो हालात को संभालना मुश्किल होगा। ऐसी स्थिति के बीच शनिवार को इजराइल और अमेरिका ने ईरान पर साझा हमला करके अपनी मंशा साफ कर दी। अपने हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत को इजराइल और अमेरिका भले अपनी कामयाबी मानें, लेकिन इसके बाद अब ताजा सिरे से क्षेत्रीय अस्थिरता का खतरा बढ़ गया है। जवाब के तौर पर ईरान ने भी अमेरिका और इजराइल के कई ठिकानों पर समान तीव्रता वाले हमले किए और कई जगहों पर व्यापक क्षति हुई। सवाल है कि इस युद्ध का उद्देश्य आखिर क्या है? अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि मकसद सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने से आगे ईरान की सत्ता में बैठे व्यवस्थाओं को हटाना है। यह समझना मुश्किल है कि अमेरिका एक ओर ईरान को परमाणु कार्यक्रम पर समझौते के लिए दबाव बनाता रहा है, तो अब वह अपना उद्देश्य मौजूदा ईरानी सत्ता को खत्म करना बता रहा है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने के लिए ओमान की मध्यस्थता में शांति वार्ता भी चल रही थी। हालांकि ईरान ने युद्ध से बचने की इच्छा जरूर जताई थी, लेकिन उसने यूरेनियम समृद्ध करने के अधिकार रखने की बात दोहराई। अब इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद यह वार्ता फिलहाल बेमानी हो चुकी है। जिस दौर में विकास के नारे के साथ सभी देश बेहतर भविष्य का सफर तय करना चाहते हैं, उसमें संवाद के रास्ते बंद करके युद्ध का रास्ता अख्तियार करने का नतीजा आखिर क्या निकलेगा? रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध वैश्विक शांति के लिए पहले ही एक जटिल चुनौती है। हाल ही में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच भड़की खुली जंग ने भी एक नया मोर्चा खोल दिया। अब इजराइल और अमेरिका के साझा हमले और खासतौर पर खामेनेई की मौत के बाद ईरान की प्रतिक्रिया क्या होगी, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कैसे समीकरण खड़े होंगे और युद्ध कितने बड़े दायरे में फैलेगा, यह प्रश्न वैश्विक चिंता को बढ़ाने वाले हैं।

## भारत सरकार अपना रुख स्पष्ट करे



मानवता पर संकट की घड़ी में विश्व समुदाय को संयम और जिम्मेदारी का परिचय देना चाहिए, किसी भी प्रकार की हिंसा और युद्ध में आम नागरिकों की जान जाना अत्यंत पीड़ादायक है, मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में भारत सरकार को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए, देश की जनता यह जानना चाहती है कि भारत शांति स्थापना के लिए क्या कूटनीतिक प्रयास कर रहा है और क्या वह युद्ध को रोकने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहा है, युद्धकालीन स्थितियों में कई तरह की सूचनाएं सामने आती हैं, जिनमें से कुछ अपुष्ट भी हो सकती हैं, ऐसे में केंद्र सरकार का दायित्व है कि वह आधिकारिक स्तर पर तथ्यों की पुष्टि कर पारदर्शिता बनाए रखे, ताकि भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# काठमांडू बनाम दिल्ली



विनीत नारायण



काठमांडू उस देश की राजधानी है जो आर्थिक प्रगति में भारत से कहीं पीछे है। पर हर मायने में भारत की राजधानी दिल्ली से कहीं आगे है। सारे शहर की सड़कें और फुटपाथ बिल्कुल साफ हैं, जहां हर वक्त सफाईकर्मी मुस्तैदी से डटे रहते हैं। ऐसा लगता है कि मोदी जी का 'स्वच्छ भारत अभियान' भारत के लिए नहीं बल्कि नेपाल के लिए था। क्योंकि भारत की राजधानी दिल्ली में तो जहां निगाह डालिए वहीं कूड़े के अंबार लगे पड़े हैं।

यही हाल काठमांडू शहर के सार्वजनिक शौचालयों का भी है। जो इतने साफ रहते हैं कि आश्चर्य होता है कि मानो किसी व्यावसायिक प्रतिष्ठान के शौचालय हों। दूसरी ओर दिल्ली के ज्यादातर सार्वजनिक शौचालयों की हालत इतनी खराब है कि आसानी से घुसने की हिम्मत नहीं पड़ती। काठमांडू की एक और खघसियत ने पिछले तीन दिनों में मेरा ध्यान आकर्षित किया। वो है यहां की ट्रैफिक व्यवस्था। सभी व्यस्त सड़कों पर महिला और पुरुष पुलिसकर्मी सतर्क और सक्रिय रह कर ट्रैफिक नियंत्रित करते हैं। इतना ही नहीं यहां के नागरिक भी ट्रैफिक नियमों का जिम्मेदारी से पालन करते हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाली बात तो यह थी कि काठमांडू की सड़कों पर गाड़ियों के हॉर्न का कर्कश शोर बिल्कुल भी सुनाई नहीं देता। यहां के ट्रैफिक नियमों के अनुसार आपातकालीन स्थिति को छोड़ कर, सामान्य स्थिति में हॉर्न बजाना वर्जित है और इस नियम को न मानने पर जुर्माना ठोक दिया जाता है। इससे काठमांडू में ध्वनि प्रदूषण की कोई समस्या नहीं है। इसके साथ ही वायु प्रदूषण की तो यहां कोई समस्या ही नहीं है। जहां दिल्ली में ।फ्प की मात्रा 400 तक पहुंच जाती है वहां काठमांडू का ।फ्प नगण्य है। हालांकि इसके कई कारण हैं, एक तो कठमाडू एक घाटी में बसा है और चारों ओर पहाड़ों से घिरा है। दूसरा यहां की आबादी बहुत कम है और कारखघनों की संख्या भी उतनी ज्यादा नहीं। इसलिए वायु प्रदूषण की दिल्ली के साथ तुलना को छोड़ा भी जा सकता है।

परंतु ऐसे कई अन्य कारण भी हैं जो काठमांडू को दिल्ली से बेहतर बनाते हैं। मिसाल के तौर पर यहां कानून व्यवस्था, दिल्ली की तुलना में काफी व्यवस्थित है। यहां के नागरिक बताते हैं कि आधी रात को भी यहां महिलाएं बेझिझक अकेली निकल सकती हैं। किसी भी तरह की छीना-झपटी नहीं होती। न ही महिलाओं के साथ किसी भी तरह की छेड़-छाड़ होती है। काठमांडू और नेपाल में कई विश्व प्रसिद्ध मंदिर भी हैं और पर्यटन की भी अनेकों जगह हैं। यहां जाने पर भी पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के साथ किसी भी तरह का छल-कपट और नाजायज उगाही नहीं की जाती। प्रशासन की तरफ से जो भी कर्मचारी तैनात किए जाते हैं वो पर्यटकों की हर संभव सहायता करते दिखाई देते हैं। 'स्वच्छ भारत अभियान' हो या कोई अन्य अभियान, किसी भी अभियान को प्रचारित करना आसान होता है, जो कि अखबारों और टीवी विज्ञापनों के जरिए किया जा सकता है। पर उस अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि देश की जनता ने उसे किस सीमा तक आत्मसात किया। अब मोदी जी के 'स्वच्छ भारत अभियान' को ही ले लीजिए। जितना इस अभियान का शोर मचा और प्रचार हुआ उसका 5 फीसदी भी धरातल पर नहीं उतरा। भारत के किसी भी छोटे बड़े शहर, गांव या कस्बे में चले जाइए तो आपको गंदगी के अंबार पड़े दिखाई देंगे। इसलिए इस अभियान का निकट भविष्य में भी सफल होना संभव नहीं लगता। क्योंकि जमीनी चुनौतियां ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। स्वदेशी अभियान की सफलता भी जन-जागरण, सतत् निगरानी और व्यवहार परिवर्तन पर निर्भर करती है। अगर आम नागरिक इसमें सक्रिय भूमिका निभाएं तभी यह आंदोलन सफल होगा।

निसंदेह 'स्वच्छ भारत अभियान' मोदी जी की एक प्रशंसनीय पहल थी। पहली बार किसी प्रधान मंत्री ने हमारे चारों ओर दिनों-दिन जमा होते जा रहे कूड़े के ढेरों की बढ़ती समस्या के निस्तारण का एक देश व्यापी अभियान छेड़ा था। उस समय बहुत से नेताओं, फिल्मी सितारों, मशहूर खिलाड़ियों व उद्योगपतियों तक ने हाथ में झाड़ू पकड़ कर फोटो खिंचवा कर इस अभियान का गणेश किया था। पर सोचें आज हम कहां खड़े हैं? शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थाई सफाई व्यवस्था बनाना अब भी एक बड़ी चुनौती है। कचरा पृथक्करण, पुनः उपयोग और रीसायक्लिंग की जागरूकता में अपेक्षाकृत कमी दिखती है। कुछ जगहों पर शौचालयों के रख-रखाव, जल आपूर्ति और व्यवहार परिवर्तन को लेकर समस्याएं बनी हुई हैं।

इसलिए अभियान के उद्देश्य और जमीनी सच्चाई में अंतर बना हुआ है और अनेक स्थानों पर पुराने तरीकों का पालन अब भी हो रहा है। दिल्ली हो या देश का कोई अन्य शहर यदि कहीं भी एक औचक निरीक्षण किया जाए तो स्वच्छ भारत अभियान की सफलता का पता चल जाएगा। यदि इतने बड़े स्तर शुरू किए गए अभियान की सफलता अगर काफी कम पाई जाती है तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? निसंदेह स्थानीय निकाय जिम्मेदार हैं। किंतु हम सब नागरिक भी कम जिम्मेदार नहीं है। उल्लेखनीय है कि यदि हम नागरिक किसी साफ सुथरे मॉल या अन्य स्थान पर जाते हैं तो सभी नियमों का पालन करते हैं। कचरे को केवल कूड़ेदान में ही डालते हैं। इस तरह हम एक साफ सुथरी जगह को साफ रखने में सहयोग अवश्य देते हैं। लेकिन ऐसा क्या कारण है कि जहां किसी नियम को सख्ती से लागू किया जाता है तो हम पूरा सहयोग देते हैं परंतु जहां कहीं भी किसी नियम को लागू करने में एजेंसियां ढिलाई बरतती हैं या हमारे विवेक पर छोड़ देती हैं तो आम नागरिक भी उसे हल्के में ले लेता है। भाजपा या अन्य दलों के नेताओं, कार्यकर्ताओं, स्थानीय निकायों और हम सब आम नागरिकों को भी भारत को कचरा मुक्त देश बनाने के लिए अब कमर कसनी होगी। क्योंकि ए कार्य केवल नारों और विज्ञापनों से नहीं हो पाएगा।

आश्चर्य की बात तो यह है कि हम सब जानते हैं कि लगातार कचरे के ढेरों का, हमारे परिवेश में चारों तरफ बढ़ते जाना, हमारे व हमारी आनेवाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य के लिए कितना खघ्तरनाक है? फिर भी हम सब निष्क्रिय बैठे हैं। हमें जागना होगा और इस समस्या से निपटने के लिए सक्रिय होना होगा। इसलिए नारे चाहे 'स्वच्छता' के लगें या 'स्वदेशी' के, जनता की भागीदारी के बिना, नारे नारे ही रहेंगे।

यही हाल काठमांडू शहर के सार्वजनिक शौचालयों का भी है। जो इतने साफ रहते हैं कि आश्चर्य होता है कि मानो किसी व्यावसायिक प्रतिष्ठान के शौचालय हों। दूसरी ओर दिल्ली के ज्यादातर सार्वजनिक शौचालयों की हालत इतनी खराब है कि आसानी से घुसने की हिम्मत नहीं पड़ती। काठमांडू की एक और खघसियत ने पिछले तीन दिनों में मेरा ध्यान आकर्षित किया। वो है यहां की ट्रैफिक व्यवस्था। सभी व्यस्त सड़कों पर महिला और पुरुष पुलिसकर्मी सतर्क और सक्रिय रह कर ट्रैफिक नियंत्रित करते हैं। इतना ही नहीं यहां के नागरिक भी ट्रैफिक नियमों का जिम्मेदारी से पालन करते हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाली बात तो यह थी कि काठमांडू की सड़कों पर गाड़ियों के हॉर्न का कर्कश शोर बिल्कुल भी सुनाई नहीं देता। यहां के ट्रैफिक नियमों के अनुसार आपातकालीन स्थिति को छोड़ कर, सामान्य स्थिति में हॉर्न बजाना वर्जित है।

# बालेन शाह को लेकर खौफजदा हैं पुरानी पार्टियां



यशोदा श्रीवास्तव

इस बार के चुनाव में नेपाल को कैसी सरकार नसीब होती है, इसके कयास लगाए जाने लगे है। किसी एक दल की पूर्ण बहुमत की सरकार को लेकर सभी के मन में शंका है। भारत में नेपाल के राजदूत रहे नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीप कुमार उपाध्याय का साफ कहना है कि नेपाल के नसीब में किसी एक दल की स्थाई सरकार न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। नेपाल में लोकतंत्र बहाली के बाद से यह स्थिति बनी हुई है और यही कारण है कि नेपाल में लोकतंत्र को मजबूती नहीं मिल पा रही है। इस बार भी और शायद आगे कुछ और सालों तक नेपाल में स्थाई सरकार दूर दूर तक नजर नहीं आती।

इस सबके बीच विकट परिस्थितियों में हो रहे इस चुनाव में प्रधानमंत्री पद के तीन बड़े चेहरों पर लोगों की निगाह टिकी हुई है। नंबर एक पर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के बालेन शाह हैं। दूसरे पर नेपाली कांग्रेस के गगन थापा और तीसरे नंबर पर एमाले के केपी शर्मा ओली हैं। चुनाव आगामी पांच मार्च को है। मतों की गिनती सात मार्च को है। आठ या नौ मार्च तक नेपाल में नई सरकार का गठन हो जाएगा,बालेन शाह को लेकर पुरानी राजनीतिक दलों की सांसे अटकी हुई है।सवाल उठता है कि यदि किसी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला तो किस पार्टी के नेतृत्व में सरकार बनेगी और इसमें कौन-कौन दल शामिल हो सकते हैं? यदि राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी सत्ता में नहीं आ पाती तो उसकी भूमिका क्या होगी?

पिछले चुनाव में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को पूर्वी नेपाल में 20 सीटें हासिल हुई थी। यह काफी मायने रखता है क्योंकि बेहद कम समय में उदय होने वाली किसी भी पार्टी को मिली यह बड़ी सफलता है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि लामी छाने की कोई राजनीतिक पहचान नहीं थी। वे टीवी जर्नलिस्ट थे और एक न्यूज चौनल पर अपनी खास प्रस्तुति के जरिए नेपाल के युवाओं में खासा लोकप्रिय थे। 2022के चुनाव में उन्होंने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का गठन किया, चुनाव लड़े और बीस सीटों के साथ नेपाल प्रतिनिधि सभा में धमाके दार इंट्री की। ओली की गठबंधन सरकार में वे उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री बने लेकिन इस पद पर बहुत दिनों तक टिक नहीं सके। उन्हें अमरीकी नागरिकता विवाद में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पद छोड़ना पड़ा था लेकिन जितने दिन तक वे इस पद पर थे, ब्यूरो क्रेट और राजनीति में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते रहे। बतौर गृह मंत्री उन्होंने कई बड़े अफसरों और सभी पार्टियों के बड़े बड़े नेताओं के भ्रष्टाचार की जांच का आदेश देकर नेपाल की राजनीति में खलबली मचा दी थी। हालांकि बाद में वे अमरीकी नागरिकता विवाद से मुक्त हो कर फिर प्रतिनिधि सभा में वापस आए लेकिन तब तक वे अन्य राजनीतिक दलों की आंख की किरकिरी बन चुके थे। हां अपनी छोटी सी राजनीतिक यात्रा में उनकी शिनाख्त एक इमानदार और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने वाले नेता की हो चुकी थी। हालांकि धोखाधड़ी के एक मामले में वे स्वंय कानूनी जंग लड़ रहे हैं। जेन जी आंदोलन के बाद अंतरिम सरकार के नेतृत्व में हो रहे इस चुनाव में सुडान गुरूंग के साथ काठमांडू के पूर्व मेयर बालेन शाह भी रवि लामी छाने के साथ आ गए। सुडान गुरूंग जेन जी आंदोलन के नायक के रूप में जाने जाते हैं, वहीं बालेन शाह की पहचान एक रैपर और इंजीनियर की है। उन्होंने निर्दल लड़ कर काठमांडू नगर निगम के मेयर पद का चुनाव जीता था। बतौर मेयर उन्होंने अपने कार्यालय में ग्रेटर नेपाल का मानचित्र लगा कर राष्ट्र वादी नेता की छवि धारण करने की कोशिश की थी। जेन जी आंदोलन के बाद जब अंतरिम सरकार के गठन की नौबत आई तो जेन जी का एक धड़ा बालेन को प्रधानमंत्री बनाने के पक्ष में था जो फलीभूत नहीं हो सका। अब जब बालेन शाह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रधानमंत्री पद के चेहरे के रूप में झापा क्षेत्र संख्या पांच से एमाले अध्यक्ष और पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं तो संभावित प्रधानमंत्री के रूप में उनकी चर्चा लाजिमी है।

नेपाल के इस चुनाव का परिणाम वैश्विक स्तर पर भी खास है। क्योंकि पूर्व की परंपरावादी राजनीतिक दलों की हालत बहुत बेहतर नहीं है। पुरानी पार्टी में एक नेपाली कांग्रेस है जिसके ठीक-ठाक प्रदर्शन की उम्मीद है लेकिन यह पार्टी भी अब नए नेतृत्व के अधीन है। भारी अंतर्विरोध के बीच वरिष्ठ नेता गगन थापा को नया अध्यक्ष चुना गया है। गगन थापा अपनी पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री पद का चेहरा हैं। नेपाली कांग्रेस के भी अकेले दम पर सत्ता में आने की संभावना नहीं है फिर भी इस पार्टी के नए अध्यक्ष के रुख को लेकर चर्चा होती रहती है। हालांकि उन्होंने साफ कहा है कि नेपाल भारत और चीन के मध्य स्थित है इसलिए इसे दोनों देशों से संतुलन बना कर ही आगे बढ़ना होगा। गगन थापा के इस कथन को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सकारात्मक दृष्टि से देखा गया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का विराट संगम है होली



रंगों का उल्लास, ढोल की थाप, अबीर-गुलाल की उड़ती धूल और हृदय में उमड़ती अपनत्व की भावना, होली केवल एक उत्सव नहीं, भारतीय संस्कृति की जीवंत आत्मा का उत्स्फुरण है। बुराई पर अच्छाई की विजय, अहंकार पर विनम्रता की जीत और अटूट भक्ति की शक्ति का संदेश देता यह पर्व सामाजिक समरसता, समानता और बंधुत्व का अद्भुत प्रतीक है। भारतीय उपमहाद्वीप का यह प्रमुख त्योहार मनोरंजन का माध्यम भर नहीं बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का विराट संगम है। प्रेम, क्षमा, एकता, आत्म-शुद्धि, नवीनता और आनंद का संदेश देने वाला यह पर्व मानव जीवन को भीतर से परिष्कृत करने की प्रेरणा देता है।

होली की मूल कथा भक्त प्र]लाद और उसके पिता हिरण्यकश्यप से जुड़ी है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हिरण्यकश्यप का अहंकार इतना बढ़ गया था कि वह स्वयं को ईश्वर से भी ऊपर मानने लगा था। उसने अपने राज्य में ईश्वर-भक्ति पर प्रतिबंध लगा दिया किंतु उसका पुत्र प्रहलाद भगवान विष्णु का अनन्य भक्त था। प्रहलाद की अटूट आस्था से क्रुद्ध होकर हिरण्यकश्यप ने उसे अनेक प्रकार से मृत्यु देने का प्रयास किया। अंततः उसने अपनी बहन होलिका, जिसे अग्नि से न जलने का वरदान प्राप्त था, को आदेश दिया कि वह प्रहलाद को गोद में लेकर अग्नि में प्रवेश करे। किंतु ईश्वर की कृपा से प्रहलाद सुरक्षित रहे और होलिका अग्नि में भस्म हो गई। यह प्रसंग स्पष्ट करता है कि अहंकार का अंत निश्चित है और सच्ची भक्ति तथा सत्य की सदैव विजय होती है। इसी स्मृति में होलिका दहन किया जाता है, जो हमारे भीतर की नकारात्मक प्रवृत्तियों (ईर्ष्या, द्वेष, क्रोध और अहंकार) को जलाने का प्रतीक है। होली केवल प्रहलाद की कथा तक सीमित नहीं है। यह राधा-कृष्ण के प्रेम और आनंद का भी पर्व है। भगवान कृष्ण की बाल-लीलाओं में होली का विशेष स्थान है। ब्रजभूमि में कृष्ण और राधा के प्रेमपूर्ण रंगोत्सव की परंपरा आज भी जीवंत है। मान्यता है कि गोकुल में पूतना वध के उपरांत हर्षोल्लास में होली खेली गई थी। वृंदावन की गलियों में रास-लीला और रंगों की छटा इस पर्व को आध्यात्मिक आनंद से सराबोर कर देती है। इसी प्रकार भगवान विष्णु के भक्त प्रहलाद की कथा इस पर्व को धार्मिक गहराई प्रदान करती है। होली का संबंध भगवान शिव से भी जोड़ा जाता है, जिनकी तपस्या और तांडव सृष्टि के संतुलन का संदेश देते हैं। इस प्रकार होली विविध धार्मिक परंपराओं का संगम बनकर भारतीय संस्कृति की बहुरंगी छटा को प्रकट करती है।

आध्यात्मिक दृष्टि से होलिका दहन का महत्व अत्यंत गहन है। 'होलिका' शब्द का एक अर्थ 'भुना हुआ अन्न' भी माना गया है। होलिका दहन के अवसर पर गेहूं और जौ की बालियों को भूनने की परंपरा इसी का प्रतीक है। जैसे भुना हुआ अन्न पुनः अंकुरित नहीं होता, वैसे ही ज्ञान की अग्नि में तपकर किया गया कर्म बंधनरहित हो जाता है। यह कर्मयोग का संदेश है, कर्म करो किंतु फल की आसक्ति छोड़ दो। सामूहिक अग्नि के समक्ष नारियल, गोबर के उपले, कंडे, हरे चने और ऋतु-फल अर्पित करना केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने की भारतीय परंपरा का प्रतीक है। अग्नि को नकारात्मक ऊर्जा के विनाश और सकारात्मक ऊर्जा के संचार का माध्यम माना गया है। होली सामाजिक समानता का भी महान पर्व है। इस दिन जाति, वर्ग, धर्म और आर्थिक भेदभाव की दीवारें ढ़ह जाती हैं। रंगों की एक ही परत सबको एक समान बना देती है। राजा और रंक, अमीर और गरीब, सभी एक-दूसरे को रंग लगाकर गले मिलते हैं। यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि मनुष्य होने का अर्थ है विनम्रता और करुणा से परिपूर्ण होना। सत्ता, धन, वैभव और शक्ति का अहंकार अंततः विनाश की ओर ले जाता है। होली हमें यह शिक्षा देती है कि हम अपने भीतर की दंभ-ग्रंथि को त्यागकर सरल और सहृदय बनें। भारतीय साहित्य और लोक परंपरा में भी होली का विशेष स्थान है। संस्कृत और अवधी के महाकवियों ने अपने काव्य में इस उत्सव की छटा का मनोहारी वर्णन किया है। भक्तिकालीन कवि सूरदास ने वसंत और होली पर अनेक पदों की रचना की, जिनमें कृष्ण-राधा के प्रेम और रंगोत्सव की झलक मिलती है। ब्रज में वसंत पंचमी से ही होली की शुरुआत हो जाती है और फाल्गुन पूर्णिमा तक उत्सव का रंग गहराता जाता है। मथुरा और वृंदावन में 14 दिनों तक चलने वाले उत्सव में श्रद्धा और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिलता है। बरसाना की लठमार होली, नंदगांव की रंगभरी होली और फाल्गुनी गीत इस पर्व को विशिष्ट पहचान देते हैं। होली का एक गहरा मनोवैज्ञानिक पक्ष भी है। रंग हमारे मनोभावों को प्रभावित करते हैं। लाल ऊर्जा और उत्साह का प्रतीक है, पीला ज्ञान और आशा का, हरा समृद्धि और संतुलन का, नीला व्यापकता और शांति का। जब हम एक-दूसरे को रंग लगाते हैं तो यह केवल बाहरी रंग नहीं बल्कि भावनात्मक आदान-प्रदान का प्रतीक होता है। पुराने गिले-शिकवे भुलाकर नए संबंधों की शुरुआत करना ही सच्ची होली है। यह पर्व हमें भीतर झांकने और आत्ममंथन करने का अवसर देता है कि क्या हमने अपने मन की अशुद्धियों को सचमुच जलाया है? क्या हमने क्षमा और प्रेम को अपनाया है? दीपावली जहां बाहरी स्वच्छता का संदेश देती है, वहीं होली आंतरिक शुद्धि का पर्व है। यह दो ऋतुओं के संधिकाल में आता है, जब प्रकृति स्वयं परिवर्तन के दौर से गुजरती है। पेड़ों पर नई कोपलें

**-अतुल गोयल**

